दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

ग्वालियर ■ गुरुवार 17 अप्रैल 2025 ■ वर्ष -26 ■ अंक-268 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

**सुविचार**

जीवन दूध के समुद्र की तरह है, आप इसे जितना मथेंगे आपको इससे उतना ही मक्खन मिलेगा।
-घनश्यामदास बिड़ला

**सीजेआई संजीव खन्ना ने केंद्र सरकार का पक्ष रहे सॉलिसिटर से पूछा**

## साफ-साफ बताएं, क्या हिंदू संस्थाओं में मुस्लिमों की एंट्री होगी?

### वक्फ कानून पर कोर्ट ने नहीं सुनाया अंतरिम आदेश, आज भी होगी सुनवाई, सरकार ने दी दलीलें, कोर्ट ने वक्फ बाय यूजर को लेकर किए कठोर सवाल




एजेंसी ■ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज मैराथन सुनवाई हुई। ऐक्ट के खिलाफ दायर 70 से अधिक याचिकाओं पर कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी जैसे वकीलों ने दलीलें दीं तो वहीं केंद्र सरकार का पक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने रखा। इस दौरान चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने एक तीखा सवाल केंद्र के वकील तुषार मेहता से ही दाग दिया। कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने वक्फ बोर्ड में हिंदुओं की एंट्री पर सवाल उठाए तो चीफ जस्टिस ने तुषार मेहता से पूछा कि क्या हिंदू संस्थाओं में मुस्लिमों को एंट्री मिल सकती है। चीफ जस्टिस खन्ना ने कहा, %मिस्टर मेहता, क्या आप यह कह सकते हैं कि अब से हिंदू संस्थाओं में मुस्लिमों को भी एंट्री मिल जाएगी। वे उसका हिस्सा हो सकते हैं। इसका जवाब आप साफ-साफ दें। चीफ जस्टिस ने वक्फ संपत्तियों पर विवादों में कलेक्टर को निर्णय लेने की पावर दिए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आखिर वक्फ संपत्तियों पर फैसला अदालत क्यों नहीं दे सकती। चीफ जस्टिस ने कहा कि आखिर अदालत वक्फ संपत्ति पर फैसला क्यों नहीं कर सकती। इस पर तुषार मेहता ने कहा कि वक्फ संपत्ति के रजिस्ट्रेशन की ताकत कलेक्टर को मिली है। वक्फ का रजिस्ट्रेशन तो हमेशा से अनिवार्य था। उन्होंने कहा कि वक्फ बाई यूजर भी रजिस्ट्रेशन के जरिए होता है। उन्होंने कहा कि 1995 के ऐक्ट में भी ऐसा ही था।

कोर्ट ने वक्फ बाय यूजर को लेकर भी सरकार से कठिन सवाल किए। इसके बाद केंद्र ने कोर्ट से मामले की सुनवाई कल करने का निवेदन किया। सरकार की बात मानते हुए कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए गुरुवार दोपहर दो बजे का समय तय किया। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने यह भी कहा कि एक बात बहुत परेशान करने वाली है, वह है- हिंसा। यह मुद्दा न्यायालय के समक्ष है और हम इस पर निर्णय लेंगे। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए किया जाए।

इससे पहले याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अपनी दलीलें शुरू करते हुए कहा कि संसदीय कानून के जरिए जो करने की कोशिश की जा रही है, वह एक आस्था के आवश्यक और अभिन्न अंग में हस्तक्षेप करना है। अगर कोई वक्फ स्थापित करना चाहता है तो उसे यह दिखाना होगा कि वह पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहा है। राज्य को यह कैसे तय करना चाहिए कि वह व्यक्ति मुसलमान है या नहीं? व्यक्ति का पर्सनल लॉ लागू होगा। सिब्बल ने दलील दी कि कलेक्टर वह अधिकारी होता है जो यह तय करता है कि कोई संपत्ति वक्फ है या नहीं।

इसके बाद सिब्बल ने कहा कि 20 करोड़ लोगों का अधिकार छीना जा रहा है। मान लीजिए कि मेरे पास कोई संपत्ति है। मैं इसे दान करना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि वहां अनाथालय बनाया जाए। इसमें क्या परेशानी है। मुझे रजिस्टर कराना क्यों जरूरी है? इस पर सीजेआई ने कहा कि वक्फ को पंजीकृत कराएंगे तो ये आपकी मदद करेगा। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि जो अल्लाह का है, वो वक्फ है। कानून में झूठे दावों से बचने के लिए वक्फ डीड का प्रावधान है। इस पर सिब्बल ने कहा कि यह इतना आसान नहीं है। वक्फ सैकड़ों साल पहले बनाया गया है। अब 300 साल पुरानी संपत्ति की वक्फ डीड मांगी जाएगी तो यहां समस्या है।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जारी की लाड़ली बहना की 23वीं किस्त, कई सौगातें भी दीं**

## हमारी बहनें सशक्त हों... खुशहाल हों यही हमारा संकल्प

**सीएम ने विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया**

**लाडली बहना योजना से वंचित महिलाओं को एक और मौका**



**सीएम मोहन 16वीं बार दिया तोहफा**

मोहन सरकार अप्रैल में 16वीं बार बहनों को लाड़ली बहना योजना की राशि ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहली बार 10 जनवरी 2024 को 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1576.61 करोड़ ट्रांसफर किए थे। जनवरी के बाद फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त (1500 रुपए), सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर के बाद अब जनवरी 2025, फरवरी, मार्च और अब अप्रैल में सीएम मोहन यादव 16वीं बार बहनों को तोहफा दिया।

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और सिलेंडल रिफिलिंग योजना की राशि हितग्राहियों के खाते में अंतरित की। इस दौरान सीएम डॉ. यादव विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह-निकाह कार्यक्रम में शामिल हुए। मंडला जिले से प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाडली बहनाओं के खाते में 1552.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। राज्य सरकार द्वारा अब तक लाड़ली बहनों को 35,000 करोड़ रूपए से अधिक की सम्मान राशि प्रदान की जा चुकी है। मंडला जिले के टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ आयोजन में पहुंचे मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया यहां 1100 जोड़ो का विवाह संपन्न कर उनके नए जीवन की शुरुआत की गई।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा 28 जनवरी, 2023 को शुरू की गई लाडली बहना योजना के लाभ से अगर कोई महिला वंचित रह गई है तो उनके लिए सरकार ने नई पहल की है। किसी कारणवश इस योजना में आवेदन करने से असमर्थ रह गई महिलाओं के लिए सरकार लाडली बहन योजना 3.0 शुरू करने जा रही है। इस योजना के तीसरे चरण में वह सभी महिलाएं शामिल हो सकती हैं जो पहले और दूसरे चरण में चूक गई थीं। बता दें कि लाड़ली बहना योजना का पहला और दूसरा चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में लाड़ली बहना योजना में 1,29,00,000 महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ रूपए की राशि अंतरित किया। मुख्यमंत्री 25 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 57 करोड़ की राशि भी उनके खातों में सिंगल क्लिक से भेजी। कार्यक्रम से पहले सीएम मोहन यादव ने कहा कि नारी सशक्तीकरण का पर्याय बनी लाड़ली बहना योजना की 23वीं किस्त ग्राम टिकरवारा, जिला मण्डला से बहनों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को शुभकामनाएं। सीएम ने कहा आज मण्डला जिले से लाड़ली बहना योजना की बहनों को माह जनवरी-फरवरी 2025 की राशि तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को मार्च 2025 की पेंशन राशि का अंतरण करूंगा। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में नवविवाहित दंपत्तियों को शुभाशीष भी दूंगा। हमारी बहनें सशक्त हों, खुशहाल हों यही हमारा संकल्प है।

सीएम मोहन यादव 1100 लड़कियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 337 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की। 25 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 57 करोड़ की राशि भी उनके खातों में सिंगल क्लिक से भेजे।

**नेशनल हेराल्ड पर खड़गे बोले-**

## जो गलत नहीं, उसे गलत साबित किया जा रहा



एजेंसी ■ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में कुछ कांग्रेस नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप पत्र दाखिल करने के बाद देशभर की सियासत में गर्माहट है। आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी सातवें आसमान पर पहुंच चुकी है। इसी बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि यह मामला बेबुनियाद है और केवल राजनीतिक बदले की भावना से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ भी नहीं है। भाजपा कानून का दुरुपयोग कर रही जो गलत है। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस केस में कुछ भी गलत नहीं है। अखबार कुछ समय के लिए वित्तीय कारणों से बंद हो गया था। सोनिया गांधी ने उसे ऋण और दान के जरिए दोबारा शुरू करने की कोशिश की। अब भाजपा कहती है कि ऋण लेना भी गलत है। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा कानून का गलत इस्तेमाल कर रही है। जो गलत नहीं है, उसे गलत साबित करने की कोशिश की जा रही है। खरगे ने कहा कि हम देशभर में इस अन्याय के खिलाफ विरोध करेंगे और लोगों को सच बताएंगे। खड़गे ने आगे कहा कि हमने एक संगठन से दूसरे संगठन को चलाने के लिए पैसे उधार लिए, इसमें क्या गलत है? उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू द्वारा शुरू किया गया नेशनल हेराल्ड अखबार तब बंद हो गया जब हम सत्ता से बाहर हो गए। हमने उसे फिर से शुरू करने की कोशिश की। साथ ही खरगे ने कहा कि अब भाजपा अपने संगठनों का लगातार विस्तार कर रही है। हमें ये जानना है कि पिछले 8-9 सालों में उनके पास इतना पैसा कहां से आया?

**रॉबर्ट का निजी मामला, पार्टी का इसमें कोई दखल नहीं**

इसके साथ ही गुरुग्राम जमीन घोटाले के मामले में व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की पूछताछ पर भी मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह उनका निजी मामला है। वह जवाब देने में सक्षम हैं। पार्टी का इसमें कोई दखल नहीं है। इस पूरे मामले में कांग्रेस पार्टी का कहना है कि ईडी की कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की जा रही है, और इसे जनता के बीच सच्चाई के रूप में रखा जाएगा।

**ब्रीफ न्यूज**

### सॉरी! कोर्ट का आदेश पता नहीं था, निगम ने मांगी माफी

**मुंबई।** सांप्रदायिक हिंसा के आरोपियों की संपत्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने साफ हिदायत दी थी कि कोई भी कार्रवाई तय कानूनी प्रक्रिया और सभी जरूरी सुरक्षा उपायों को अपनाए बगैर नहीं की जा सकती लेकिन नागपुर नगर निगम ने दंगा आरोपी फहीम खान का दो-मंजिला मकान गिरा दिया। अब जब मामला हाई कोर्ट पहुंचा, तो नगर निगम ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के सामने बिना शर्त माफी मांगी है। निगम आयुक्त अभिजीत चौधरी की ओर से दाखिल हलफनामे में कहा गया कि टाउन प्लानिंग और स्लम विभाग के अधिकारी नवंबर 2023 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अनजान थे। इसीलिए फहीम खान का घर गिरा दिया।

### कैब चालक ने वाहनों को मारी टक्कर, लोगों ने की जमकर पिटाई, मौत

**अहमदाबाद।** एक टैक्सी चालक की कथित तौर पर गुस्साई भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला। दरअसल, कैब ने कई वाहनों को टक्कर मार दी थी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि अहमदाबाद शहर में एक टैक्सी चालक की कथित तौर पर गुस्साई भीड़ द्वारा पिटाई किए जाने के बाद उसकी मौत हो गई। चालक के नशे में होने का शक है। पुलिस ने बताया कि पांच से छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि चालक की हत्या भीड़ ने की थी या नहीं। मौत के सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा है।

### दामाद को लेकर भागी सास नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

**अलीगढ़।** बेटी की शादी से दस दिन पहले होने वाले दामाद के साथ फरार हो गई सास को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के फरार होने के बाद से पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। दोनों का मोबाइल ऑफ होने से कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इस बीच मंगलवार को दामाद ने फोन ऑन किया तो पुलिस ने उनकी लोकेशन पकड़ ली। बुधवार को घेरेबंदी कर दोनों को नेपाल बार्डर से गिरफ्तार कर लिया गया।

**महादेव बेटिंग एप मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई**

## दिल्ली व मुंबई समेत आठ शहरों में 15 जगह मारे छापे



**नई दिल्ली।** महादेव बेटिंग एप मामले को लेकर देश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। इस बीच ईडी बुधवार को मामले में दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अहमदाबाद, इंदौर, जयपुर, चेन्नई और संबलपुर में लगभग 15 स्थानों पर छापेमारी कर रही है। इस बीच ईडी ने कर्नाटक के भोवी विकास निगम (केबीडीसी) में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दूसरी गिरफ्तारी की है। यह निगम राज्य सरकार का एक विभाग है, जो भोवी समुदाय के कल्याण के लिए है, जो कर्नाटक की अनुसूचित जाति सूची में शामिल है। जांच एजेंसी ने कहा कि केबीडीसी की पूर्व प्रबंध निदेशक आर लीलावती को 12 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था। उन्हें बंगलूरू में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और ईडी की हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने इस मामले में इस महीने की शुरुआत में तलाशी ली और अपनी पहली गिरफ्तारी केबीडीसी के पूर्व महाप्रबंधक बीके नागराजप्पा के रूप में की। वह भी वर्तमान में एजेंसी की हिरासत में हैं।

## जस्टिस बीआर गवई होंगे अगले मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के लिए न्यायमूर्ति भूषण आर गवई के नाम की सिफारिश की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सिफारिश विधि मंत्रालय को भेज दी है। प्रस्ताव वर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से भेजा गया है। वे 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। परंपरा के अनुसार, वर्तमान सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की सिफारिश करते हैं। जस्टिस गवई वरिष्ठता के क्रम में सबसे आगे हैं, जिसके चलते उनके नाम की सिफारिश की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले कानून मंत्रालय ने सीजेआई जस्टिस खन्ना से उनके उत्तराधिकारी का नाम देने की आधिकारिक अपील की थी। जस्टिस गवई के नाम पर अगर मुहर लगती है तो वे देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे 14 मई को सीजेआई पद की शपथ ले सकते हैं। जस्टिस गवई का कार्यकाल हालांकि छह महीने का ही होगा क्योंकि वे नवंबर 2025 में रिटायर हो रहे हैं।



13 मई को रिटायर हो रहे सीजेआई खन्ना ने की सिफारिश

## कहिए-भैया.. साइड हो जाइए दूसरों को आगे जाने दीजिए

**गुजरात में राहुल बोले- सीनियर नेता बने घूम रहे, बूथ तक नहीं जितवा पाते**



एजेंसी ■ अहमदाबाद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि गुजरात में पार्टी कार्यकर्ता भले ही हतोत्साहित हों, लेकिन केवल उनकी पार्टी ही संघ और भाजपा को हरा सकती है। उन्होंने अपनी ही पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि सीनियर नेता बने घूम रहे हैं, लेकिन कई बूथ नहीं जितवा पाते। कई ऐसे भी लोग हैं, जो बीजेपी के साथ मिले हुए हैं, उनको हमें पहचान कर प्यार से परे करना है। हिंसा से नहीं, नफरत से नहीं, प्यार से। उनसे कहना है कि-भैया.. साइड हो जाइए, दूसरों को आगे जाने दीजिए। एक सप्ताह में गुजरात की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद ने राज्य में संगठन को नया रूप देने के लिए रोडमैप पेश किया और पार्टी के उन नेताओं को हटाने का वादा किया जो या तो निष्क्रिय हैं या भाजपा के लिए काम करते हैं। राहुल ने कहा कि बैठक में एक अच्छी बात मुझसे कही गई कि अलग-अलग सीनियर नेता आते हैं तो जादू से हर जिले में लोग दो-तीन दिन के लिए बाहर आ जाते हैं और फिर जाने पर वापस गायब हो जाते हैं, लेकिन इनके पास कोई पकड़ नहीं होती। राहुल ने सवाल उठाते हुए कहा कि सीनियर नेता बने घूम रहे हैं, लेकिन बूथ नहीं जिता पाते। हम उन लोगों को ताकत देना चाहते हैं, जिनकी पकड़ बूथ से है और लोकल हैं।

**प्रयोग** रेल मंत्री ने किया वीडियो शेयर, 'एटीएम ऑन व्हील्स' दिया नाम

## भारत में पहली बार ट्रेन में लगाया एटीएम, ट्रायल हुआ सफल



एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत में पहली बार किसी ट्रेन के अंदर एटीएम मशीन लगाई गई है। इस तरह का पहला प्रयोग महाराष्ट्र की मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12110) में किया गया है। इस पहल को-एटीएम ऑन व्हील्स-नाम दिया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस एटीएम की वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर शेयर की है, जो खूब चर्चा में है।

यह पहल रेलवे बोर्ड के उस निर्देश का हिस्सा है जिसमें कहा गया था कि यानि किराए के अलावा कमाई बढ़ाने के लिए नई और नयी सोच के तरीके अपनाए जाएं। इसी के तहत 25 मार्च 2025 को रेलवे ने सभी संभावित वेंडरों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में चलती ट्रेनों में मोबाइल एटीएम लगाने का विचार रखा गया, जिसे बाद में मंजूरी भी मिल गई।

ट्रेन में एटीएम का का पहला ट्रायल 10 अप्रैल 2025 को मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस में किया गया। ट्रेन के मिनी पैंट्री (छोटे किचन) वाले हिस्से को एटीएम लगाने के लिए तैयार किया गया। रेलवे की मैकेनिकल टीम ने यह काम किया और एटीएम को सुरक्षित रूप से फिट किया। रबर पैड और बोल्ट्स की मदद से एटीएम को ट्रेन के चलने के दौरान लगने वाले झटकों और कंपन से बचाया गया। दो अग्निशमन यंत्र भी उस जगह पर लगाए गए हैं, ताकि सुरक्षा बनी रहे।

**पहल का उद्देश्य क्या?**

**ट्रेन में एटीएम लगाने से यात्रियों को कहीं भी आते-जाते पैसे निकालने की सुविधा देना है। इसके अलावा किराए के अलावा रेलवे को अतिरिक्त कमाई का जरिया मिलना और साथ ही रेलवे को और आधुनिक और स्मार्ट बनाना है।**

## बिहार में दलित बस्ती में लगी आग चार बच्चों समेत पांच की मौत

### 15 बच्चे लापता, पुलिस व स्थानीय लोग खोजते आए नजर



एजेंसी ■ मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर में बुधवार को एक दलित बस्ती के 50 से ज्यादा घरों में आग लग गई। हादसे में 4 बच्चे समेत 5 लोगों जलने से मौत हो गई है। घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मनी पंचायत की है। बताया जा रहा है कि गोलक पासवान के घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी और देखते ही देखते पूरे झुग्गी इलाके में फैल गई जिसमें कई लोग फंस गए और उनकी जान चली गई। हालांकि 15 बच्चे अब तक लापता बताए जा रहे है। इन बच्चों की खोजबीन की जा रही है। मुजफ्फरपुर के डीएम ने बताया कि गांव के गोलक पासवान में घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग काफी फैल चुकी थी। आग लपेटें बहुत तेज थी जिस कारण बच्चे डर गए और बाहर नहीं निकल पाए और आग की चपेट में आ गए। आग लगने से 4 बच्चों और एक व्यक्ति की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर एसडीएम को भेजा गया है। मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाएगा और 2 दिनों तक लोगों के खाने-पीने की व्यवस्था कराई गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजू पासवान के 3 बच्चों की आग में झुलसने से मौत हो गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### अपर संचालक जनसंपर्क जैन को मिलेगा लोक संपर्क सम्मान



**भोपाल।** पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टार द्वारा रविवार, 20 को आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक संजय कुमार जैन को लोक संपर्क सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मागन रवीन्द्र भवन भोपाल के गौरांजनी सभागार में सुबह साढ़े दस बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। पीआरएसआई भोपाल चैप्टीर के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया है कि राष्ट्री य जनसंपर्क दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 'रिस्पॉरन्सिबल यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : रोल ऑफ पब्लिक रिलेशंस' विषय पर विशेष व्यामख्योन का आयोजन किया जाएगा।

### सभी उपार्जन केन्द्रों पर होगी गेहूं की खरीदी

**भोपाल।** प्रदेश के अन्नदाताओं की सुविधा और हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि अब सभी उपार्जन केन्द्रों पर आगामी 18 और 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद गेहूं की खरीदी का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहेगा। इसके लिए किसान स्लॉट बुक करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि यह निर्णय किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। किसान इन तिथियों में स्लॉट बुक कर बिना किसी परेशानी के गेहूं विक्रय कर सकेंगे। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने समस्त जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों में उपार्जन केन्द्रों की निरंतर मॉनीटरिंग करें।

### विधायकों की कमेटी करेगी सांची दुग्ध प्लांट का निरीक्षण

**भोपाल।** भोपाल में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के बीच दूध उत्पादन बढ़ाने को लेकर हुए एमओयू के बीच अब विधानसभा की कृषि विकास समिति भोपाल और इंदौर संभाग का दौरा कर इसके बारे में जानकारी लेगी। कृषि विकास समिति के सभापति और सदस्यों की टीम इस दौरान भोपाल में हबीबगंज भोपाल के सांची दुग्ध संघ के प्लांट और नए लैब का निरीक्षण करेंगे। यहां किसानों से किए जाने वाले दूध के कलेक्शन, प्रोडक्ट का प्रोडक्शन किए जाने और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। विधानसभा की कृषि विकास समिति के सभापति दिलीप सिंह परिहार और उनकी टीम भोपाल और उज्जैन संभाग का दौरा 21 से 23 अप्रैल तक करेगी। समिति का दौरा 21 अप्रैल को एमपी राज्य पशुधन और कुक्कुट विकास निगम के केंद्रीय वीर्य संग्रहण केंद्र केरवा डैम से शुरू होगा।

# कांग्रेस का मूल चरित्र ही तुष्टिकरण और काम निकालने का रहा है

## बाबा साहब का वर्तमान भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान: गौतम



- बीजेपी कार्यालय में हुआ प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला का शुभारंभ
- निजी हितों के लिए कांग्रेस ने किए संविधान में मनमाने संशोधन

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। कार्यशाला में संविधान को नमन कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यशाला को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, सीएम डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की चमड़ी बहुत मोटी हो गई है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का सबसे ज्यादा अपमान करने का काम अगर किसी ने किया है तो वह कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस ने संविधान में एक-दो बार नहीं, बल्कि अपनी जरूरतों के हिसाब से अनेकों संशोधन करने का काम किया। अब जब नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेताओं पर चार्जशीट दाखिल हुई, तो ईडी के दफ्तरों के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है। क्या कांग्रेस कानून से बड़ी हो गई है? कांग्रेस का मूल चरित्र ही तुष्टिकरण कर अपना काम निकालने का रहा है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिए कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि बाबा साहब का जन्म महू में हुआ। प्रदेश में कांग्रेस की सरकारों ने अंबेडकर के नाम पर कुछ नहीं किया। जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बनीं बाबा साहब अंबेडकर को सम्मान देने का काम किया गया। हमारी सरकार ने बाबा साहब के नाम से सागर में सेंचुरी, कामधेनु योजना और महू में स्मारक बनाने का काम किया है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महू को दिल्ली से ट्रेन के माध्यम से जोड़ने का काम किया गया है।

### बाबा साहब के नाम का उपयोग वोट बैंक के लिए किया

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा का संगठन तंत्र बूथ स्तर तक सक्रियता से कार्य करता है, इसलिए राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा हमें दिए गए इस अभियान को बूथ स्तर पर साकार करना है। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया और संविधान के साथ खिलवाड़ करती रही। कांग्रेस ने संविधान में 75 बार से अधिक संशोधन कर उसकी मूलभावना के साथ कुठाराघात किया है। कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति की है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारों ने पंचतीर्थ बनाकर बाबा साहब को सम्मान दिया।

### बाबा साहब के नाम कांग्रेस ने कोई योजना नहीं चलाई

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि कांग्रेस ने देश और प्रदेश में सबसे ज्यादा शासन किया, लेकिन बाबा साहब अंबेडकर के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर का यह सम्मान अभियान 25 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान को हमें सार्थक बनाने के लिए लोगों से मिलकर उन्हें जोड़ना होगा, ताकि बाबा साहब के अमूल्य योगदान को हम ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में सफल हों। साथ ही कांग्रेस द्वारा किस प्रकार से बाबा साहब को अपमानित किया गया, यह भी समाज को पता होना चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के समय कांग्रेस और विपक्षी दल देश में एक नैरेटिव सेट करने में सफल रहे कि अगर भाजपा लोकसभा में 400 सीटें जीत जाएगी तो संविधान बदल देगी। कांग्रेस और विपक्षी दलों के इस दुष्प्रचार को तथ्यों के साथ जवाब देने की जरूरत अभी भी है। कांग्रेस पार्टी ने संविधान का किस प्रकार से दुरूपयोग किया है, उसका बड़ा उदाहरण धारा 356 का अनुचित प्रयोग है। बाबा साहब ने जम्मू-कश्मीर मे धारा 370 लागू करने के विरोध में थे। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर देश मे समान नागरिक संहिता लाना चाहते थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू इसके विरोध में थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा 1975 में इंदिरा गांधी के चुनाव को शून्य घोषित किए जाने पर गद्दी बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने संविधान में संशोधन किया।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर विकसित भारत बनाने की मानसिकता के साथ कार्य कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हराकर समाज सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों में बार-बार रोकने का प्रयास किया। बाबा साहब ने हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उन्हें सिर्फ दलितों का नेता बताकर उनके कार्यों को समाज में आने से छिपाने का कार्य किया।

**जल गंगा संवर्धन अभियान: प्रदेश में जारी है संरक्षण और सफाई**

# ग्वालियर के पृथ्वी तालाब को पर्यटन के रूप में विकसित करने का निर्णय



**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में 30 मार्च से निरंतर जल संरचानाओं के संरक्षण और सफाई के कार्य निरंतर जारी है। इन कार्यों में समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग मिल रहा है। अभियान के दौरान उन स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें सफाई और गहरीकरण के बाद पर्यटन के रूप में विकसित किया जाना है। जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्वालियर के पृथ्वी तालाब को पर्यटन के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। तालाब के सौंदर्यीकरण की शुरूआत क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह और महापौर डॉ. शोभा सिकरवार की उपस्थिति में भूमि-पूजन से हुई। सांसद कुशवाह ने बताया कि पृथ्वी तालाब के लिये अमृत योजना में 3 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है।

सिंगरौली जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्रोतों की सफाई के साथ जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। चितरंगी शासकीय कन्या विद्यालय में जल के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने कहा कि जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देना होगा। धार जिले में नगर के रामतलाई तालाब की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस कार्य में जिला आयुष कार्यालय से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों ने तालाब की सफाई का कार्य किया।

बड़वानी जिले में जन भागीदारी से जल संवर्धन के कार्य किये जा रहे है। जनपद पंचायत पानसेमल के ग्राम राखी बुजुर्ग में विधायक श्याम बर्डे के उपस्थिति में वाटर शेड मिशन में कार्य की शुरूआत की गई।

### रैली निकाल कर दिया जल बचाने का संदेश

कटनी जिले के रीठी में जल संवर्धन अभियान में जल स्रोतों के साफ-सफाई का अभियान निरंतर जारी है। रीठी में जन अभियान परिषद के सहयोग से छात्र-छात्राओं ने जल जागरूकता के लिये नगर के मुख्य मार्गो से रैली निकाली। इस मौके पर बाजार में नुक्कड नाटक के माध्यम से नदी, तालाब और हेंडपंप के आसपास साफ-सफाई रखने का संदेश जल सामान्य को दिया गया।

### चंदेल कालीन तालाब में सामुहिक श्रमदान

टीकमगढ़ जिले में ग्राम पंचायत करमारई में जल गंगा संवर्धन अभियान में चंदेल कालीन प्राचीन तालाब की साफ-सफाई का कार्य सामुहिक श्रमदान से किया गया। जन सामान्य को जल संरक्षण के कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदारी करने की शपथ दी लाई गई। टीकमगढ़ जिले में जिला प्रशासन द्वारा महेन्द्र सागर तालाब स्थित अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 8.50 एकड भूमि पर से अतिक्रमण हटाया गया।

क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि पानी के बगैर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। बुरहानपुर जिले के नेपानगर परिषद द्वारा ऐतिहासिक सीतानहानी धार्मिक पर्यटन स्थल के पवित्र कुंडों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई की गई।

# कृषक कल्याण मिशन किसानों के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल



### किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए मंत्रिपरिषद ने दी सैद्धांतिक मंजूरी

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है और इस क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। किसानों की आय, कृषि उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य प्र-संस्करण और कृषि से उत्पादित कच्चे माल पर आधारित औद्योगिक इकाई स्थापित करने जैसे हर संभव प्रयास जारी हैं। किसानों और गौपालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कुपोषण दूर करने की दिशा में सरकार योजनाबद्ध तरीके से पूरी ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की जा रही हैं। मध्यप्रदेश में वर्तमान दुग्ध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर जल्द से जल्द 20 प्रतिशत तक करने के लिए राज्य सरकार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना प्रारंभ की है। इससे हम घर-घर गोकुल तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमने गौशालाओं में दुधारू पशुओं के लिए भी अनुदान राशि बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत @2047 के विजन के अनुरूप हमारी सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी कल्याण के लिए मिशन शुरू कर दिए हैं। मंत्रि-परिषद की गत दिवस मंगलवार को बैठक में मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मध्यप्रदेश को विशेषकर गरीबों औरकिसानों को आर्थिक रूप से सुखी और समृद्ध बनाने के लिए प्राण-प्रण से कार्य कर रही है।

# सीधी जिले की दरी और कालीन प्रदेश की शान

## बुनकर मुद्रा योजना के साथ प्रदेश के बुनकरों की तरक्की होगी





**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत सीधी जिले की दरी और कालीन को खास पहचान मिली है। सीधी जिले के दरी और कालीन मध्यप्रदेश की शान हैं। मंत्री जायसवाल ने कहा कि स्थानीय कारीगरों की मेहनत को नया बाजार मिलेगा। साथ ही उनकी परंपरा और हुनर को नये मुकाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुनकर मुद्रा योजना के साथ प्रदेश के बुनकरों की तरक्की होगी। योजनांतर्गत, बुनकरों को अब 50 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य और केन्द्र सरकार साझा प्रयास कर बुनकरों को हक और प्रोत्साहन दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री ने कहा कि रेशम के धागे से दवाइयाँ और सेरीबैंडेज का निर्माण होगा। ऐसा नवाचार करने के मामले में मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सतपुड़ा एवं नर्मदा के वनों के ककून से दवाएँ बनाई जाएंगी। पाउडर, क्रीम, सेरीबैंडेज, सिजेरियन ड्रेसिंग, डायबिटिक घाव की ड्रेसिंग तथा ऑपरेशन के बाद की ड्रेसिंग निर्मित होंगी। रेशम घाव को गीला नहीं रखता, शरीर के साथ भी नहीं चिपकता तथा रेशम से फायब्रोयिन नामक प्रोटीन निकलता है, जो जख्मों, डायबिटीज से ऊंगलियों में होने वाले घाव और गर्भवती महिलाओं के सर्जिकल डिलीवरी के घाव को कम समय में ठीक करता है। इससे संक्रमण की संभावना भी नगण्य हो जाती है।

### रेशम की विशेषताएं

रेशम एक मजबूत प्राकृतिक फाइबर है, जो घर्षण और तनाव का प्रतिरोधी होता है। रेशम के धागे से पाउडर, क्रीम, सेरीबैंडेज और सिजेरियन बैंडेज का निर्माण होता है। रेशम नमी को सोख लेता है, जो इसे गर्मियों के कपड़ों के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है। रेशम लचीला होता है, जो इसे विभिन्न प्रकार के कपड़ों और उत्पादों के लिए उपयुक्त बनाता है।

### 3 साल से जमे कर्मचारियों का होगा ट्रांसफर

**भोपाल।** ट्रांसफर के लिए कोशिश में जुटे कर्मचारी अधिकारियों के लिए तबादलों का रास्ता जल्द खुलने जा रहा है। राज्य सरकार जल्द ही तबादलों से रोक हटाने जा रही है। राज्य शासन ने इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग जल्द ही तबादला नीति तैयार कर मुख्य सचिव कार्यालय को सौंपेंगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा कर इसका फाइनल ड्राफ्ट तैयार करेंगे। बताया जा रहा है कि इस माह के अंत तक तबादला नीति को राज्य शासन की मंजूरी मिल सकती है। नई तबादला नीति में एक ही स्थान पर तीन सालों से जमे अधिकारी कर्मचारियों को हटाया जाएगा। ऐसे अधिकारियों को दूसरे जिलों में भेजा जाएगा।

### 86वें राइजिंग डे परेड में शामिल होंगे अमित शाह

**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को नीमच आए। शाह नीमच में रात में विश्राम कर गुरुवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 86वीं राइजिंग डे परेड के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार शाम को उदयपुर से बीएसएफ हेलीकॉप्टर से नीमच सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पहुंचे। अमित शाह गुरुवार सुबह 8 बजे सीआरपीएफ के परेड ग्राउंड में आयोजित 86वीं राइजिंग डे परेड में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहेंगे। परेड के बाद दोपहर 1 बजे गृह मंत्री दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। सीआरपीएफ की जन्मस्थली नीमच में आयोजित होने वाला यह 86वां केंद्रीय सीआरपीएफ दिवस समारोह 2025 का विशेष आयोजन है।

**विरोध** | पिंजरे में तोता लेकर ईडी कार्यालय पहुंचे पीसीसी चीफ जीतू पटवारी

# तपती धूप में सड़क पर लेट गए कांग्रेसी, जमकर की नारेबाजी

### बैरिकेड पर चढ़े तो पुलिस ने रोका, धक्का मुक्की भी हुई




**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

नेशनल हेराल्ड मामले में हुई कार्रवाई को लेकर देश भर में कांग्रेस पार्टी लगातार विरोध कर रही है। मध्य प्रदेश के सभी बड़े नेता विरोध दर्ज कर रहे हैं। बुधवार को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ भोपाल में प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में जीतू पटवारी पिंजरे में प्रतीकात्मक तोता लेकर पहुंचे। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अफसरों ने बीएसएनएल मुख्यालय का मेन गेट बंद कर दिया। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पर चढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। पुलिस ने जब प्रदर्शनकारियों को ईडी ऑफिस तक नहीं जाने दिया तो कांग्रेस के कार्यकर्ता तपती धूप में सड़क पर ही लेटकर नारेबाजी करने लगे।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं के खिलाफ चार्ज शीट पेश किए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पीसीसी चीफ पटवारी प्रवर्तन निदेशालय की दफ्तर पर पिंजरे में प्रतीकात्मक तोता लेकर पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने बीएसएनल ऑफिस के बाहर पुलिस अफसर को ज्ञापन के साथ ही पिंजरे में रखा तोता भी भेंट किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था मोदी सरकार सीबीआई और ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं के जरिए विपक्ष को परेशान कर रही है। केंद्र सरकार ने तोते की तरह ईडी को अपने कैद में कर रखा है। भोपाल में अरेरा हिल्स पर बीएसएनएल ऑफिस परिसर में ही प्रवर्तन निदेशालय का क्षेत्रीय कार्यालय है। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अफसरों ने बीएसएनएल मुख्यालय का मेन गेट बंद कर दिया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं सोनू तोमर, राहुल राठौर ने बैरिकेड पर चढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

### ईडी ऑफिस का बोर्ड पुलिस ने ढंका

पुलिस ने जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ईडी ऑफिस तक नहीं जाने दिया तो प्रदर्शनकारी तपती धूप में सड़क पर ही लेटकर नारेबाजी करने लगे। बीएसएनएल ऑफिस के बाहर लगा ईडी ऑफिस का बोर्ड पुलिस ने कांग्रेसियों के पहुंचने के पहले ही ढंक दिया। जब कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचे और ईडी ऑफिस के बोर्ड से बैनर हटाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया । इस दौरान थोड़ी बहुत धक्का मुक्की भी हुई।

# जनरल उपेंद्र 'विंध्य की माटी का गौरव'

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने थलसेना अध्यक्ष का किया स्वागत



**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज अपने भोपाल स्थित निज निवास पर भारतीय थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी एवं उनकी धर्मपत्नी का सपरिवार आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि विंध्य अंचल की धरती से निकलकर भारतीय सेना के सर्वोच्च पद पर पहुंचे जनरल उपेंद्र द्विवेदी 'विंध्य की माटी के गौरव' हैं। शुक्ल ने जनरल उपेंद्र द्विवेदी को देश की सीमाओं की सुरक्षा में उनकी वीरता, नेतृत्व क्षमता एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जनरल द्विवेदी विंध्य क्षेत्र के उन अनमोल रत्नों में से हैं, जिन पर सम्पूर्ण प्रदेश को गर्व है। शुक्ल ने कहा कि जनरल द्विवेदी जैसे व्यक्तित्वों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।

सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों की हुई समीक्षा

# शिकायत अटेण्ड किए बगैर आगे बढ़ी तो संबंधित अधिकारी का कटेगा वेतन : कलेक्टर चौहान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



कोई भी शिकायत अटेण्ड किए बगैर आगे न बढ़े, संतुष्टिपूर्ण निराकरण हो और 50 दिन से अधिक पुरानी शिकायतों का निराकरण समयबद्ध कार्यक्रम के तहत करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर रुचिका चौहान ने सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर आई शिकायतों की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई शिकायत एल-1 स्तर पर अटेण्ड नहीं की गई तो संबंधित अधिकारी का सात दिन का वेतन काटा जायेगा।

कलेक्टर चौहान ने जनजाति कल्याण विभाग की शिकायतों के निराकरण की स्थिति ठीक न पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण विभाग के खिलाफ कार्रवाई के लिये संभाग आयुक्त को प्रस्ताव भेजा है। साथ ही वेतन रोकने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों की सहायतार्थ संचालित संकटापन्न योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को तत्परता से दिलाया जाए। साथ ही आवास भत्ता का लाभ पात्र विद्यार्थियों को समय-सीमा के भीतर दिलाना सुनिश्चित करें। सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर चौहान ने फसल बीमा संबंधी शिकायत के निराकरण में उदासीनता सामने आने पर भितरवार के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को वेतन काटने का कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिए। साथ ही निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों द्वारा सीएम हैल्पलाइन की शिकायतें समय-सीमा के भीतर अटेण्ड नहीं की जा रही हैं, उनको विधिवत नोटिस जारी करें और सही जवाब न होने पर 7 -7 दिवस का वेतन काटें। बैठक में खासतौर पर उन विभागों की सीएम हैल्पलाइन के निराकरण की समीक्षा की गई, जो शिकायतों के निराकरण के लिहाज से निचले ग्रेड पर हैं। कलेक्टर चौहान ने शिकायतों के निराकरण के लिये समय-सीमा निर्धारित की है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ कराया जाए। बुधवार की शाम कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी टी एन सिंह व संयुक्त कलेक्टर संजीव जैन सहित जिले के एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# आरोन से गायब कांग्रेस नेता का भाई दो दिन बाद सिरसा में मृत पड़ा मिला

## बीते रोज हाईवे पर पड़ी मिली थी मृतक की बाइक

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



आरोन थाना इलाके से गायब हुए कांग्रेस नेता का भाई दो दिन बाद घाटीगांव थाना क्षेत्र की सिरसा पंचायत में मृत पड़ा मिला है, जबकि बीते रोज हाईवे पर उसकी बाइक पड़ी मिली थी। मृतक के परिजनों द्वारा उसकी हत्या की आशंका जताई गई है। हालांकि उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। जिससे पुलिस ने फिलहाल शव को पीएम के लिए भिजवाकर पूरे मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

यहां बता दें कि आरोन थाना क्षेत्र में रहने वाले कांग्रेस नेता के भाई विजेंद्र सिकरवार बीते सोमवार को घर से दवा लेने की कहकर बाइक से निकला था, जो वापस लौटकर नहीं आया, तो परिजनों ने थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज करवा दी थी। पुलिस व परिजन उसकी तलाश में जुटे थे, इसी बीच बीते रोज हाईवे पर उसकी बाइक व मोबाइल पड़े मिले थे, जिससे परिजन काफी दहशत में आ गए थे। वहीं बुधवार सुबह घाटीगांव थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरसा में विजेंद्र सिकरवार मृत अवस्था में पड़ा मिला है। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को मौके पर बुलवाकर बॉडी चेक करवाई गई, तो उसके शरीर पर कोई चोट आदि का निशान नहीं मिला है। उसके बावजूद परिजनों द्वारा उसकी हत्या करने का आरोप लगाया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए पहुंचाकर मामले को विवेचना में ले लिया गया है।

**इनका कहना है**

आरोन इलाके से गायब युवक घाटीगांव थाना क्षेत्र की सिरसा ग्राम पंचायत में मृत मिला है। उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है, जिससे उसकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। शव का पीएम करवाया जा रहा है, पीएम रिपोर्ट से ही यह खुलासा हो सकेगा कि उसकी मौत किन कारणों से हुई है।

**शेखर दुबे**
**एसडीओपी, घाटीगांव सर्किल**

# ट्रक ड्राइवर ने दुकान में घुस महिला से की छेड़छाड़

## पुलिस ने तत्परता दिखा आरोपी को किया गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

नशे में धुत्त एक ट्रक ड्राइवर ने हाईवे पर स्थित एक दुकान के पीछे कमरे में दाखिल होकर वहां मौजूद महिला के साथ छेड़छाड़ कर दी। घटना



सिरोल थाना इलाके की है, जिसमें पीड़िता की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के उपरांत तत्परता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। सिरोल थाना क्षेत्रांतर्गत मेहरा टोल प्लाजा के पास हाईवे पर दुकान संचालित करने वाली 35 वर्षीय महिला बीती दोपहर तीन बजे के लगभग पीछे की ओर बने रूम में लेटी हुई थी, तभी वहां नशे में धुत्त ट्रक चालक संदीप तोमर निवासी मुरैना पहुंचा और रूम में घुसकर महिला के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। इस पर महिला ने शोर मचा दिया, तो पकड़े जाने के डर से आरोपी वहां से भाग निकला। इसके बाद पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की। सिरोल टीआई आलोक सिंह भदौरिया ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 75 व 332 के तहत एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सभापति तोमर ने शा. प्रा. वि. कन्या तेली की बजरिया को फर्नीचर एवं पंखे दिए



**ग्वालियर।** सभापति मनोज सिंह तोमर द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय कन्या तेली की बजरिया पर बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर एवं पंखे की व्यवस्था वार्ड समिति क्रमांक 10 की निधि से की गई। सभापति मनोज सिंह तोमर ने विद्यालय की मांग पर छात्रों के बैठने के लिए फर्नीचर एवं पंखों की व्यवस्था अपनी निधि से की गई। इस अवसर पर सभापति तोमर ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में छात्रों को अच्छी शिक्षा गुणवत्तायुक्त मिले इसके लिए सभी प्रयास किए जाएंगे, आगे भी विद्यालय की मांग अनुसार सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

## सड़क दुर्घटनायें रोकने के लिये ग्राम पंचायतों ने सड़कों के किनारे लगाए रेडियम साइन बोर्ड




**ग्वालियर।** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य मार्गों के नजदीक बसीं ग्राम पंचायतों के क्षेत्र में सड़क दुर्घटनायें रोकने के लिये संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा सड़क के दोनों ओर रेडियम साइन बोर्ड लगाए गए हैं। जिले में 88 ग्राम पंचायतें मुख्य सड़क मार्गों पर स्थित हैं। इन सभी पंचायतों द्वारा शाइन बोर्ड लगाए जा चुके हैं।

पति की मौत से आहत महिला ने कलेक्टर की जनसुनवाई में दी चेतावनी

# न्याय नहीं मिला तो बच्चों सहित कर लूंगी आत्महत्या



### पुलिस पर भी की कार्रवाई की मांग

कलेक्टर के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंची भूरी खान का कहना है कि वह थाने और एसपी ऑफिस के चक्कर लगाकर परेशान हो चुकी है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा है। इसीलिए वह कलेक्टर की जनसुनवाई में आई थी। वह चाहती है कि ससुराल वालों के साथ इस षड्यंत्र में शामिल पुलिसकर्मियों पर भी कारज्वाई हो। उसने सीएम और एसपी के नाम लिखे आवेदन में लिखा है कि यह उसका आखिरी आवेदन है। क्यों कि वह सिस्टम से दुखी हो चुकी है। यदि अब भी उसे न्याय नहीं मिला, तो वह अपने बच्चों सहित आत्महत्या करने को मजबूर हो जाएगी।

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पति की मौत पर कोई कार्रवाई ना होने से आहत महिला ने कलेक्टर की जनसुनवाई में जमकर हंगामा किया, जिसने चेतावनी दी है, कि वह सिस्टम से बुरी तरह परेशान हो चुकी है, और अगर उसे अब भी न्याय नहीं मिला, तो वह अपने तीनों मासूम बच्चों के साथ आत्महत्या कर लेगी। दरअसल डबरा की रहने वाली भूरी खान बीते रोज अपने तीन मासूम बच्चों के साथ कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंची थी। जहां उसने कलेक्टर रुचिका चौहान को अपनी पीड़ा सुनाई, तो मामला पुलिस से जुड़ा देखा तो कलेक्टर ने उसे एसपी की जनसुनवाई में जाकर आवेदन देने को कहा। यह सुनते ही भूरी खान का गुस्सा फूट गया। जो जनसुनवाई वाले रूम से बाहर जाते हुए चीख-चीख कर आत्महत्या की बात कही। उसका कहना था कि उसका ट्रक पर काम करता था, जिसकी बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में 28 फरवरी 2022 को मौत हो गई थी। ससुराल वालों ने पति की मौत की जानकारी उससे छुपाते हुए उसका शव दफ्ना दिया। यही नहीं उसे जब इसका पता लगा, तो उसने एफआईआर दर्ज करवाने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल वालों ने ट्रक मालिक से मोटी रकम लेकर एफआईआर दर्ज नहीं करवाने दी। साथ ही उसे तीनों बच्चों सहित घर से भी निकाल दिया। जब वह थाने पहुंची तो कोई सुनवाई नहीं हुई।

**सीएम से शिकायत करने पर महिला पुलिस अफसरों ने पीटा:** महिला के मुताबिक जब यहां उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई, तो बीती 25 मार्च को मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर उसने भोपाल पहुंचकर सीएम से शिकायत की। इसके बाद बहोड़ापुर पुलिस ने उसे थाने बुलाया। जहां सीएम से शिकायत करने पर महिला पुलिस अधिकारियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस वालों ने उससे कहा कि वह सीएम के पास उनकी शिकायत करने गई थी, जिसकी सजा उसे दी जा रही है। महिला ने आरोप लगाया है कि वह एसपी ऑफिस में भी कई बार अपनी शिकायत लेकर जा चुकी है, लेकिन पुलिस उसकी कोई सुनवाई नहीं कर रही है।

# बाइक पर लिफ्ट ली और उड़ा दिए 30 हजार रुपए

## एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तस्दीक में जुटी पुलिस

**ग्वालियर।** यदि आप मदद के मकसद से किसी को भी लिफ्ट देते हुए अपने वाहन पर बैठा लेते हैं, तो जरा सावधान हो जाइए। कहीं ऐसा ना हो कि जिसकी आप सहायता कर रहे हैं, वह जेबकतरा हो और आपकी जेब में रखे कीमती सामान पर हाथ साफकर जाए। ऐसा ही एक मामला विश्वविद्यालय इलाके में सामने आया है, जिसमें बुजुर्ग की बाइक पर लिफ्ट लेकर बैठा बदमाश उनकी जेब से 30 हजार रुपए पार कर ले गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। गिजौर्रा निवासी नाथूराम प्रजापति (62 वर्ष) बीते रोज किसी काम से बाइक से ग्वालियर आए थे। रात आठ बजे के लगभग वह एजी ऑफिस पुल से होकर गुजर रहे थे, तभी एक युवक ने लिफ्ट लेने के लिए उन्हें हाथ दिया। उन्होंने मदद करने के मकसद से उसे अपनी बाइक पर पीछे बैठा लिया। अलकापुरी पहुंचने पर लिफ्ट लेकर बैठा युवक गाड़ी रुकवाकर उतर गया। उसके उतरते ही उन्हें अहसास हुआ कि उनकी जेब से कुछ निकला है। उन्होंने चेक किया, तो जेब में रखे 30 हजार रुपए गायब थे। इस पर उन्होंने लिफ्ट लेने वाले युवक को आसपास काफी खोजा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इस पर बुजुर्ग ने थाने पहुंचकर पूरा मामला बताया। इंचार्ज विश्वविद्यालय थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि बुजुर्ग की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 303(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी का पता लगाने के लिए पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

## विश्व धरोहर दिवस पर राज्य संरक्षित संग्रहालय व स्मारक दर्शकों के लिये निःशुल्क रहेंगे

**ग्वालियर।** विश्व धरोहर दिवस 18 अप्रैल को दर्शकगण राज्य संरक्षित स्मारक निःशुल्क देख सकेंगे। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है। उप संचालक पुरातत्व एवं अभिलेखागार ग्वालियर पीसी महोबिया ने बताया कि विश्व धरोहर दिवस पर ग्वालियर शहर में राज्य संरक्षित स्मारक एवं संग्रहालय मोतीमहल, गूजरी महल और किला स्थित संग्रहालय में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

# रामलीला मैदान से बेच रहा था बीयर, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

## आरोपी के कब्जे से 24 बोतल हंटर बीयर बरामद

**ग्वालियर।** रामलीला मैदान में अवैध रूप से बीयर बेच रहे तस्कर को मुरार थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धरदबोचा, जिसके कब्जे से



24 बोतल हंटर बीयर बरामद हुई है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कायमी कर उससे पूछताछ की जा रही है। मुरार थाना पुलिस को बीती शाम साढ़े सात बजे के लगभग मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि क्षेत्र में स्थित रामलीला मैदान में एक तस्कर द्वारा अवैध रूप से बीयर बेची जा रही है। इस पर पुलिस टीम तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंची, तो वहां मौजूद एक संदिग्ध युवक ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी, जिसे पहले से ही अलर्ट पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए धरदबोचा। जिसके पास मौजूद बैग की तलाशी लेने पर उसमें से करीब पांच हजार रुपए कीमत की हंटर स्ट्रांग बीयर की 24 बोतलें बरामद हुईं। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां की गई पूछताछ में उसने अपना नाम बृजेंद्र सिंह पुत्र रामनरेश परिहार (49 वर्ष) निवासी ग्राम करगवां थाना बिजौली बताया है। जिसके खिलाफ पुलिस द्वारा धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कायमी कर पूछताछ की जा रही है, कि वह यह अवैध बीयर कहां से लेकर आया था तथा किन लोगों में उसे खपाने वाला था।

## निगम मुख्यालय पर महापौर लोकमंत्रणा आज

**ग्वालियर।** महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार द्वारा आमजनों की समस्याओं से रूबरू होकर उनका निराकरण समय सीमा में करने के उद्देश्य से दिनांक 17 अप्रैल 2025 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक निगम मुख्यालय पर महापौर लोकमंत्रणा करेंगीं। इस कार्यक्रम के तहत महापौर निगम के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठकर आम जनों की समस्यायें सुनकर और उनका मौके पर निराकरण भी कराएंगीं। सिटीसेन्टर स्थित निगम मुख्यालय के सभागार में ''महापौर लोकमंत्रणा'' कार्यक्रम के तहत आम जनों द्वारा जो समस्यायें बताई जायेंगी उनको पंजीबद्ध कर निराकरण किया जायेगा। साथ ही जिन समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाना है। उनके लिये निराकरण के पश्चात संबंधित आवेदक को निराकरण के संबंध में जानकारी भी दी जावेगी।

# फलदान में घुसे दीगर बाराती टोकने पर दो सगे भाइयों को पीटा

## आरोपियों ने कार सहित दो बाइक्स की भी करी तोडफोड़

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



मोहल्ले में चल रहे फलदान के कार्यक्रम में दीगर बाराती जा घुसे। जिन्होंने टोकने पर दो सगे भाइयों की बेरहमी से मारपीट कर डाली। यही नहीं आरोपियों द्वारा वहां खड़ी कार सहित दो बाइक्स में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। घटना थाटीपुर इलाके की है, जिसमें घायल युवक की शिकायत पर पुलिस द्वारा बदमाशों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

थाटीपुर थाना क्षेत्रांतर्गत हरनामपुरा बजरिया में बीते सोमवार की रात वहीं निवास करने वाले एक परिवार का फलदान का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान वहां से निकली एक अन्य बारात में शामिल अमरपुरा खेरी डबरा निवासी कमल जाटव, पवन जाटव, दीपक जाटव एवं अन्ना वंशकार डांस करते हुए उक्त फलदान में जा घुसे। यह देख मोहल्ले में ही रहने वाले करन सिसौदिया (19 वर्ष) ने उन्हें टोकते हुए कहा, कि आप अपनी बारात में जाओ, यहां तो हमारा कार्यक्रम चल रहा है। उसका टोकना चारों युवकों को इतना नागवार गुजरा, कि गुस्से में उन्होंने उससे गाली- गलौज करना शुरू कर दिया। जब करन ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने लात- घूंसों और डंडों से उसे पीट डाला। शोरगुल सुनकर वहां पहुंचे करन के भाई अरुण ने उसे बचाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसे भी लाठी से पीट डाला। बदमाशों द्वारा की गई मारपीट में दोनों भाई घायल हो गए। आसपास के रहवासियों ने बीच- बचाव कर जैसे- तैसे उन्हें बचाया।

### आयोजन में आए वाहन फोड़े

दोनों भाइयों की मारपीट करके भी बदमाशों का मन नहीं भरा, इसके बाद उन्होंने आयोजन में आए वाहनों को टारगेट कर उनमें तोड़फोड़ करना शुरू कर दी। बताया गया है कि हमलावरों ने वहां खड़ी सूर्या व नकुल की बाइक एवं एक अन्य रिश्तेदार की कार को काफी नुकसान पहुंचाया है। फिर वह जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। हमलावरों के जाने के बाद घायल दोनों भाइयों ने डॉक्टर के पास पहुंचकर पहले प्राथमिक उपचार करवाया, फिर अगले दिन थाने पहुंचकर इसकी जानकारी दी। जहां पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) व 324(4) के तहत एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।













## विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग कर यातायात को किया सुगम



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर शहर की विभिन्न सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत गुडा पुलिया से गुडा चक्की जाने वाली रोड पर, सिंधी धर्मशाला के पीछे बाडा, कंपू थाने के पास, महावीर भवन से टेम्पो स्टेंड तक, फूलबाग चौराहा के पास रेल पटरी वाली रोड, जनकताल पर, बारादरी चौराहा से सिंगपुर रोड एक तरफ, आनंद नगर तिराहा से वीनस पब्लिक स्कूल वाली रोड, गणेश कॉलोनी नयाबाजार, हेलीपेड कॉलोनी, पंतनगर, शकुंतलापुरी दर्पण कॉलोनी, बेटी बचाओ तिराहा, कुअरपुर गांव, बरौआ गांव, एमएच चौराहा के पास, सिंगपुर रोड पर सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर पेच रिपेयरिंग कराई गई।

## सांसद कुशवाह से की शिष्टाचार भेंट: श्रीवास्तव







**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के समर्पित एवं ऊर्जावान कार्यकर्ताओं द्वारा ग्वालियर के लोकप्रिय सांसद, मप्र शासन के पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाह से शिष्टाचार भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अपने सौम्य व्यवहार, सादगी और मिलनसार स्वभाव के लिए प्रसिद्ध श्री कुशवाह खुशी और चुनौती भरे समय में लोगों का अटूट समर्थन करने के लिए जाने जाते हैं। इस सौहार्द्रपूर्ण मुलाकात के दौरान संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, युवाओं की भूमिका तथा समाज सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। श्री कुशवाह ने युवा नेताओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा, भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त विचारधारा और परिवार है। इसके समर्पित कार्यकर्ता ही इसकी वास्तविक शक्ति हैं, जो संगठन को निरंतर नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं। बैठक में अमित श्रीवास्तव, भाजपा जिला सह संयोजक (आईटी), योगेश दंडोतिया जिला महामंत्री (ग्रामीण), नमो नमो मोर्चा जसवंत कुशवाह, मंडल प्रभारी भाजपा राजीव श्रीवास्तव, जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ नमो नमो मोर्चा कृष्णा थानेश्वर, मंडल मंत्री नमो नमो मोर्चा सत्येंद्र चौरसिया, भाजपा युवा नेता अभय प्रताप सिंह उपस्थित थे।

## समर्थन मूल्य पर जिले के 961 किसानों से हुई 116385 क्विंटल गेहूँ की खरीदी

**ग्वालियर।** जिले में समर्थन मूल्य पर किसान भाइयों से गेहूँ का उपार्जन जारी है। अब तक 961 किसानों से एक लाख 16 हजार 385 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर अपना गेहूँ बेचकर गए किसानों को अब तक 4 करोड़ 23 लाख 21 हजार रूपए से अधिक का भुगतान किया गया है। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिये कुल 41 उपार्जन केन्द्र संचालित हैं। समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिये जिले के कुल 13 हजार 574 किसानों ने 40 उपार्जन केन्द्रों पर अपना पंजीयन कराया है। किसानों द्वारा अभी तक 41 संस्थाओं पर 2 हजार 891 स्लॉट बुक कराए जा चुके हैं। किसान भाई अपनी सुविधानुसार मोबाइल फोन से स्लॉट बुक कराकर अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेच सकते हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को उपार्जन केन्द्र पर अपनी उपज बेचने में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। सभी केन्द्रों पर शीतल पेयजल व छाया सहित अन्य बुनियादी सुविधायें भी पुख्ता रहें। उन्होंने उपार्जन व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों से स्लॉट बुकिंग के आधार पर समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी की जाए। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा 2600 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी की जा रही है। जिसमें 175 रूपए प्रति क्विंटल बोनस शामिल है।

## पुरानी रंजिश पर जानलेवा हमला करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर जानलेवा हमला कर फरार हुए दो और आरोपियों को हस्तिनापुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और लाठी भी बरामद हो गई है। उक्त प्रकरण में संलिप्त आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस पहले ही पकड़ चुकी है। यहां बता दें कि बीती 16 मार्च को ग्राम गुंधारा निवासी अभिषेक राणा ने अपनी मां दामिनी राणा के साथ हस्तिनापुर थाने में शिकायत की थी, कि सुबह वह व उसके बाबा अपने घर के बाहर बैठे थे तथा मेरे पिता जी बाजार से सामान लेकर आ रहे थे। जैसे ही वह घर के पास आए तो गांव में ही रहने वाला एक व्यक्ति पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें गालियां देते हुए कहने लगा कि मेरी जमीन छोड़ दो। तभी उसके दोनों भाई व बेटा भी वहां आ गए, जिन्होंने मेरे पिताजी के सिर में कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे वह लहुलुहान होकर वहीं गिर गए। यह देख मैं व बाबा उन्हें बचाने गए, तो आरोपियों ने हम पर भी हमला कर दिया। जिस पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 115(2), 296 व 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली थी। वहीं एसएसपी धर्मवीर सिंह ने मामले को गंभीरता से लते हुए एएसपी कृष्ण लालचंदानी को इसमें संलिप्त आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करवाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में उन्होंने बेहट सर्किल एसडीओपी मनीष यादव के मार्गदर्शन में हस्तिनापुर थाने की टीम को उक्त आरोपियों की पतारसी में लगाया था। इनमें से आरोपी पिता- पुत्र को पुलिस ने बीती 22 मार्च को कुल्हाड़ी व एक लाठी सहित गिरफ्तार कर लिया था। वहीं फरार चल रहे दोनों आरोपियों के संबंध में पुलिस को बुधवाद दोपहर सूचना मिली, कि वह अपने गांव गुन्धारा में ही छुपे हुए हैं।

### पुलिस का सात दिवसीय विशेष महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान

# स्कूल, हॉस्टल व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल भ्रमण कर संदिग्धों को कसा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पुलिस द्वारा बीते रोज से सात दिवसीय विशेष महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। जिसके दूसरे दिन ऊर्जा डेस्क प्रभारियों द्वारा फोर्स के साथ स्कूल, हॉस्टल व भीड़भाड़ वाले स्थानों सहित प्रमुख बाजारों में भ्रमण कर संदिग्धों को चेक किया गया।

यहां बता दें कि एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश एवं एएसपी सुमन गुर्जर व महिला सुरक्षा डीएसपी किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में पुलिस की ऊर्जा डेस्क प्रभारियों द्वारा 15 अप्रैल से सात दिवसयी विशेष महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को ऊर्जा डेस्क प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले बाजारों, सार्वजनिक स्थानों एवं स्कूल के बाहर अभियान चलाया गया। इस अभियान में पुलिस टीम ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जो स्कूल- कॉलेज तथा कोचिंग संस्थानों के आसपास ग्रुप में खड़े होकर महिलाओं व युवतियों पर कमेंट या छींटाकशी करते हैं। इसी क्रम में कोतवाली थाना प्रभारी मोहिनी वर्मा द्वारा थाने के स्टाफ के साथ नजरबाग मार्केट, सुभाष मार्केट, टोपी बाजार एवं एसबीआई बैंक के सामने खड़े होने वाले संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर उन्हें अनावश्यक खड़े न होने के संबंध में समझाइश दी गई। वहीं मार्केट में जिन दुकानों पर महिलाओं की अधिक भीड़ होती है, उन दुकानदारों को कैमरे



लगवाने एवं कोई भी घटना होने पर पुलिस को सूचना देने की समझाइश दी गई। कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा बल के साथ थाना क्षेत्र में स्थित गजराराजा स्कूल तथा बैंक के पास अनावश्यक खड़े मनचलों को पकड़कर पूछताछ की गई और बिना किसी कारण के खड़े होने पर उठक-बैठक लगवाई गई, ऐसे में मनचलों द्वारा पुनः अनावश्यक न खड़े होने की कसम खाई, जिस पर पुलिस द्वारा उन्हे चेतावनी देते हुए जाने दिया गया। पुलिस टीम द्वारा महिलाओं तथा छात्राओं में सुरक्षा की भावना जाग्रत करने के लिए उनसे चर्चा कर उन्हें अपने मोबाइल नंबर देकर बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल उन्हें सूचित करें।

### महिलाओं व युवतियों को किया जागरूक

उधर जनकगंज थाने में पोस्टेड एसआई अंकिता भार्गव, महिला आरक्षक अंतिमा तिवारी, लक्ष्मी शर्मा ने थाने के स्टाफ के साथ क्षेत्र में स्थित माधव कॉलेज पहुंचकर वहां सामने खड़े होने वाले संदिग्ध युवकों से पूछताछ कर उन्हें वहां अनावश्यक खड़े ना होने की हिदायत दी गई। इस दौरान नई सड़क व हनुमान चौराहा पर आने वाली महिलाओं तथा युवतियों से चर्चा कर उन्हें अभियान के बारे में जानकारी देते हुए डायल 100/112 सेवा तथा 1090 महिला हेल्पलाइन के बारे में अवगत कराया।


### जेयू में बैठे आवारा तत्वों को भगाया

इसी प्रकार विश्वविद्यालय थाना क्षेत्रांतर्गत जीवाजी विश्वविद्यालय में ऊर्जा डेस्क प्रभारी एसआई शिखा दंडोतिया ने स्टॉफ के साथ भ्रमण कर आने-जाने वाली छात्राओं से बातचीत की। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में अकारण बैठे लड़कों को भगाते हुए उन्हें अनावश्यक वहां ना आने की हिदायत दी गई, साथ ही छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। इसी क्रम में कंपू थाने की एसआई सुरेखा कुशवाह, प्रधान आरक्षक गिरिजा सेंगर ने थाने के स्टाफ को साथ लेकर क्षेत्र में स्थित सीनियर गर्ल्स हॉस्टल पहुंचकर वहां रहने वाले बच्चियों से पूछताछ कर समझाइश दी और उन्हें महिला हेल्पलाइन नंबर एवं बेटी की पेटी के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें महिला हेल्पलाइन व 100 डायल के बारे में बताया गया।

# चोरी कर संचालक को चूना लगा रहा था मेडिकल स्टोर पर जॉब करने वाला युवक

### मालिक ने सीसीटीवी फुटेज सहित थाने में की शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



न्यू जेएएच में स्थित मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले एक कर्मचारी पर स्टोर संचालक ने चोरी का आरोप लगाते हुए कंपू थाने में शिकायत दर्ज कराई है। स्टोर संचालक ने पुलिस को दो सीसीटीवी फुटेज भी सौंपे हैं, जिनमें कर्मचारी चोरी करते हुए नजर आ रहा है। बताया गया कि कर्मचारी काफी समय से चोरी कर रहा था, लेकिन 9 अप्रैल की रात 11 बजे वह मेडिकल स्टोर में लगे कैमरे में यह हरकत करते हुए पकड़ा गया। घटना की लिखित शिकायत कंपू थाने में की गई है। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कंपू थाना क्षेत्रांतर्गत न्यू जेएएच (हजार बिस्तर अस्पताल) में धीर मेडिकल स्टोर्स संचालित होता है, जिसके मालिक गौरव धीर हैं। इस स्टोर पर कई कर्मचारी काम करते हैं। रात की शिफ्ट में कंपू ईदगाह निवासी फराज कुरैशी कार्यरत था। स्टोर मालिक को पिछले कुछ दिनों से शक हो रहा था कि बिक्री के अनुसार रकम अकाउंट में नहीं पहुंच रही है। इस पर उन्होंने छानबीन शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगालने लगे। इसी दौरान बीती नौ अप्रैल की रात 11:14 बजे की फुटेज में साफ नजर आ गया, कि स्टोर में काम करने वाला कर्मचारी फराज महंगी दवाइयां निकालकर अपने पास रख रहा है और उन्हें चुपचाप ले जा रहा है। रात के समय निगरानी कम होने के कारण उस पर किसी को शक नहीं हुआ।

### अपने क्यूआर कोड पर लेता था पेमेंट

जांच में यह भी सामने आया कि रात के समय जितनी भी ऑनलाइन बिक्री होती थी, उनमें वह ग्राहक से पेमेंट अपने मोबाइल के क्यूआर कोड पर लेता था, न कि कंपनी के ऑफिशियल क्यूआर कोड पर। बताया गया है कि फराज पिछले डेढ़ साल से यहां नौकरी कर रहा था। सीसीटीवी में पूरी घटना कैद होने के बाद जब स्टोर संचालक ने उससे पूछताछ की, तो वह टालमटोल करने लगा। इसके बाद संचालक सीसीटीवी फुटेज के साथ कंपू थाने में लिखित शिकायत की। जिसकी पुलिस द्वारा पड़ताल की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 17 साल के किशोर को लगी गोली

### झांसी रोड क्षेत्र का मामला, जांच में जुटे पुलिस अफसर



**ग्वालियर।** संदिग्ध परिस्थिति में 17 वर्षीय किशोर कंधे में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए, हॉस्पिटल पहुंचाया गया है। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के चंद्रवदनी का नाका की है। जिसकी सूचना पाकर पहुंचे पुलिस अफसर फिलहाल मामले की पड़ताल में जुटे हुए हैं। झांसी रोड थाना क्षेत्रांतर्गत चंद्रवदनी का नाका निवासी 17 वर्षीय ललित गुर्जर बुधवार शाम कंधे में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन- फानन में उसे जेएएच के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी कृष्ण लालचंदानी भी फोर्स सहित मौके पर पहुंच गए। पुलिस द्वारा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। उधर घायल किशोर भी बेहोश है, जिससे अभी घटना का कारण सामने नहीं आ सका है। उसके होश में आने पर ही उसे गोली कैसे लगी, इसका पता लग सकेगा। वहीं किशोर के परिजन भी घटना के बारे में कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

# खुशियों की दास्तां 'शक्ति दीदी' बोलीं पैसों के साथ हमें आत्मसम्मान भी मिला

**ग्वालियर।** शक्ति दीदी के रूप में पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर का काम कर रहीं महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर तो बनी ही हैं, उनका आत्म बल व आत्म सम्मान भी बढ़ गया है। यह कहना है काल्पीब्रिज के समीप स्थित गणेश पेट्रोल पंप पर काम कर रहीं शक्ति दीदी लता राजौरिया का। लता जैसी जिले की 35 जरूरतमंद महिलायें शक्ति दीदी के रूप में ग्वालियर शहर, डबरा व भितरवार स्थित पेट्रोल पंपों पर सफलतापूर्वक फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी निभा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप ग्वालियर जिले में जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर रुचिका चौहान ने शक्ति दीदी योजना शुरू की है। जिसके तहत ऐसी महिलाओं को शक्ति दीदी बनाकर पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलाई जा रही है जो जरूरतमंद हैं, अपनों द्वारा उपेक्षित हैं अथवा जिनके पति का असमय निधन हो चुका है। शक्ति दीदी के रूप में पेट्रोल पंप पर काम कर रहीं महिलायें कहती हैं कि अब हमें छोटी-मोटी जरूरतों के लिये किसी के आगे हाथ नहीं फैलाने पड़ते। हमें सरकार की लाड़ली बहना योजना व निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम का लाभ भी मिल रहा है। इससे हमारे परिवार के दिन अब अच्छे से गुजर रहे हैं।

**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/विनय नगर/सम्पदा/2025/3300

ग्वालियर दिनांक 7/4/25

:: सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आसुतोष पुत्र श्री बी.एस. भदौरिया, निवासी-ज्योति नगर, कुम्हरपुरा मुरार, ग्वालियर को ग्वालियर विनय नगर योजना सैक्टर-4 अन्तर्गत भूखण्ड क्रमांक 139 आकार 207.00 वर्गमीटर भू-अभिलेख गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित ग्वालियर के माध्यम से लीज पर आवंटित है। श्री आसुतोष द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार नामांतरण/हस्तान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**ग्वालियर विकास प्राधिकरण**
**ग्वालियर**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग ग्वालियर (म.प्र.)**

Email:- eepwdelecgwl@mp.nic.in

क्रमांक 1968 /व.ले.लि./टेण्डर/2025–26 दिनांक 07/4/25

**निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 01/एस.ए.सी./ ग्वा./2025–26**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से कार्यापालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां. संभाग ग्वालियर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई– टेण्डर के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करते है। विवरण निम्नानुसार है:–

| क्रं. | टेन्डर नम्बर | कार्य का नाम | (1) ठेके की अनुमानित लागत राशि रू (2) अमानत राशि | टेण्डर फार्म की राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | 1.आमंत्रण क्रं. 2.पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_415494_1 | लो.नि.वि. वि./यां. उपसंभाग मुरैना के अन्तर्गत ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में आवासीय/गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 1. 19.50 लाख 2. 39000/– | 2000/– (पोर्टल चार्ज) | 12 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीयकृत प्रणाली अन्तर्गत लो.नि.वि. में विद्युत रजिस्ट्रेशन |
| 2 | 2025_PWDRB_415495_1 | लो.नि.वि. वि./यां. उपसंभाग शिवपुरी के अन्तर्गत ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में आवासीय/गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 1. 19.50 लाख 2. 39000/– | 2000/– (पोर्टल चार्ज) | 12 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीयकृत प्रणाली अन्तर्गत लो.नि.वि. में विद्युत रजिस्ट्रेशन |
| 3 | 2025_PWDRB_415496_1 | लो.नि.वि. वि./यां. उपसंभाग ग्वालियर के अन्तर्गत बंगला एवं सिटीसेन्टर अनुभाग में ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में आवासीय/गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 1. 19.50 लाख 2. 39000/– | 2000/– (पोर्टल चार्ज) | 12 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीयकृत प्रणाली अन्तर्गत लो.नि.वि. में विद्युत रजिस्ट्रेशन |

कुल कार्य संख्या :– 03 (तीन)

निविदा की अधिकतम राशि :– 58.50 (अठावन लाख पचास हजार मात्र)

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि :– 09-04-2025 सांय 17:30

ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :– 30-04-2025 सांय 17:30

ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि :– 01-05-2025 सांय 17:30

1– निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा, सिर्फ बेवसाईट पर ही किया जावेगा।

2– आवंटन आने पर ठेकेदार का भुगतान किया जावेगा।

3– मूल धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र राशि ऑनलाईन ही मान्य की जावेगी।

*कार्यपालन यंत्री*
*लोक निर्माण विभाग (वि/या)*
*संभाग ग्वालियर (म.प्र.)*

G-11648/25

## नया वक्फ कानून जरूरी, तुष्टीकरण विपक्ष की मजबूरी

**ग्वालियर।** भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र की एनडीए सरकार की ओर से लाया गया वक्फ अधिनियम 1995 संशोधन बिल देश की संसद में पारित होकर भले ही कानून बन गया है। लेकिन कानून बनने के बाद भी यह लगातार चर्चा में है। वजह, इस नए वक्फ कानून को लेकर कुछ मुस्लिम संगठन लगातार देशव्यापी विरोध कर रहे हैं। देश की राजधानी दिल्ली के जंतर–मंतर से शुरू हुआ विरोध अब उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र एवं पश्चिम बंगाल से लेकर अन्य राज्यों तक जा पहुंचा है।

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.20 वार्ड क्रं.48, भवन क्रं.849, स्थान: गुर्जर साहब की पायगा मामा का बाजार ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती रजनी जैन/श्री अविनाश जैन के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.1000218773 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 54 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं.MP142602025A1093043 दिनांक 10.02.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र सिंधी कॉलोनी क्षे. क्रं.20 पर दिनांक 08.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 74/2010/63947/64052/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**आरती शिवहरे/श्री लोकेश शिवहरे**
पता : गुर्जर साहब की पायगा मामा का बाजार वार्ड-48
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 16.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.17 वार्ड क्रं.39, भवन क्रं., स्थान: जटार साहब की गली ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती दिलीप कुमार पाण्डेय/श्री यदुनन्दन पाण्डेय के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.2000128140 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं.A1/476 दिनांक 07.07.2014 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोली बुआ का पुल क्षे. क्रं.17 पर दिनांक 16.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.71/2010/57659/57854/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**राजीव नीखरा/श्री सुरेश कुमार नीखरा**
**सुरेन्द्र अग्रवाल/स्व.श्री रामकुमार अग्रवाल**
पता : जटार साहब की गली वार्ड-39
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 16.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.13 वार्ड क्रं.58, भवन क्रं.2836, स्थान: ई–84, हरीशंकरपुरम ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती नवीन, राजेश अरोरा/स्व.श्री जगदीशचन्द्र अरोरा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.1000309949 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1072 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. MP21/GR17402025A100129816 दिनांक 02.03.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कैलाश नगर क्षे. क्रं.13 पर दिनांक 16.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.78/2011/30766/30692/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**सुनील कुमार जसवानी/श्री गुरुमुखदास जसवानी**
पता : ई–84, हरीशंकरपुरम वार्ड– 58 मो.7000131252
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 16.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.22 वार्ड क्रं.61, भवन क्रं., स्थान: व्ही–024, एच.जी.निर्वाणा होम्स सिरौल ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती नीरज कुमार शर्मा/स्व. श्री रामस्वरूप शर्मा, एच.जी. इन्फ्राटेक प्रा.लि. धीरज प्रकाश अग्रवाल आदि के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1978 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. MP142592025A1262817 दिनांक 01.04.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी क्षे. क्रं.22 पर दिनांक 16.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 87/2015/20535/20274/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**यश गोयल/श्री संजय गोयल**
**श्रीमती आशी गोयल/श्री यश गोयल**
पता : व्ही–024, एच.जी.निर्वाणा होम्स सिरौल वार्ड– 61
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 16.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.22 वार्ड क्रं.61, भवन क्रं., स्थान: व्ही–058, एच.जी.निर्वाणा होम्स सिरौल ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती नीरज कुमार शर्मा/स्व. श्री रामस्वरूप शर्मा, एच.जी. इन्फ्राटेक प्रा.लि. धीरज प्रकाश अग्रवाल आदि के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1226 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. MP142592025A1262824 दिनांक 01.04.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी क्षे. क्रं.22 पर दिनांक 16.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 87/2015/20533/20272/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**कीर्ती रावत/श्री ओमप्रकाश रावत**
पता : व्ही–058, एच.जी.निर्वाणा होम्स सिरौल वार्ड– 61
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 16.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.11 वार्ड क्रं.24, भवन क्रं., स्थान: जीवाजी नगर ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती ऊषा शुक्ला/स्व.श्री नारायण शुक्ला के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000273736 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं.A1413952 दिनांक 22.07.2020 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र चम्बल कॉलोनी क्षे. क्रं.11 पर दिनांक 16.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.68/2010/49549/49572/प्र.क्रं. *3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**अभिषेक अटेरिया, अवधेश अटेरिया /श्री मांगीलाल अटेरिया**
पता: जीवाजी नगर वार्ड-24
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 16.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.01 वार्ड क्रं.05, भवन क्रं.5398, स्थान: एफ–101, कृष्णा अपार्टमेंट शील नगर ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती ओमप्रकाश नीखरा/स्व. श्री बच्चीलाल नीखरा, हर्षित नीखरा/श्री ओमप्रकाश नीखरा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.1001402130 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 630 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. MP142602025A1213726 दिनांक 26.03.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोडापुर क्षे. क्रं.01 पर दिनांक 16.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 60/2010/71810/72018/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**श्रीमती पिंकी कौरव/श्री राजपाल सिंह कौरव**
पता: एफ–101, कृष्णा अपार्टमेंट शील नगर वार्ड–05
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 16.04.2025

## ब्रीफ न्यूज

### रूस लगातार यूक्रेन पर कर रहा हमले, 70 फीसदी क्षेत्रों पर किया कब्जा

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच करीब तीन साल से युद्ध जारी है और अब यह भयानक रुप ले चुका है। रूसी सेना यूक्रेन की जमीन पर कब्जा कर रही है। कुर्स्क ओब्लास्ट, टोरेत्स्क, कुराखोव और पश्चिमी जापोरिज्जिया ओब्लास्ट में रूस का कब्जा हो गया है, लेकिन युक्रेन के लिए सबसे बड़ा झटका है सूमी शहर पर रूस का हमला। जहां दो बैलिस्टिक मिसाइलों ने 34 मासूमों की जान ले ली और 134 लोग घायल हो गए। रविवार को रूस ने सूमी शहर पर मिसाइलों की बौछार कर दी। रूसी मिसाइलों ने शहर के बीचों-बीच तबाही मचाई, जहां यूक्रेनी सेना का एक कार्यक्रम चल रहा था। सड़कों पर लाशें बिछ गईं और इमारतों में आग लग गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन बेगुनाहों का खून बहा रहा है दुनिया अब चुप न रहे, रूस को रोकना होगा, लेकिन रूस ने कहा कि हमने सिर्फ सैन्य ठिकाने निशाना बनाया। यूक्रेन आम लोगों को ढाल के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है।

### यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में अब तक 123 आम लोगों की मौत, सैकड़ों घायल

**सना।** यमन में अमेरिकी सेना के हवाई हमलों से काफी नुकसान हुआ है। हूती नियंत्रण वाले स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मार्च के मध्य से अब तक हुए हमलों में कम से कम 123 आम लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 247 लोग घायल हैं। घायलों में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे हैं। बता दें रविवार देर रात राजधानी सना के पश्चिमी हिस्से में एक सिरेमिक फैक्ट्री पर अमेरिकी हवाई हमला हुआ, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 29 घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इससे पहले 9 अप्रैल को जानकारी दी थी कि अमेरिकी हमलों में अब तक 107 लोगों की मौत हुई है और 223 लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब यह आंकड़ा और बढ़ गया है। अमेरिकी सेना का दावा है कि उसके हमले हूती लड़ाकों और उनके ठिकानों को निशाना बना रहे हैं, जिनमें कई शीर्ष नेता मारे गए हैं, मगर हूती समूह ने इन दावों को खारिज किया है। हूती समूह ने दावा किया कि उन्होंने अमेरिका का एक और एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराया है। हूती सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि ड्रोन को हज्जाह प्रांत के आकाश में एक स्थानीय रूप से निर्मित मिसाइल से गिराया।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसे पेरू के पूर्व राष्ट्रपति

**लीमा।** पेरू के पूर्व राष्ट्रपति ओलांता हुमाला पर मुकदमा 2006 से 2011 के दौरान चुनावी अभियानों में कथित अवैध फंडिंग से जुड़ा है। अभियोजकों का दावा है कि हुमाला की नेशनलिस्ट पार्टी ने वेनेजुएला सरकार और ब्राजील की कंस्ट्रक्शन कंपनी ओडेब्रेक्ट से उनके अभियानों के लिए अवैध धन प्राप्त किया था। हुमाला और उनकी पत्नी ने पहले इन आरोपों से इनकार किया था। हुमाला को मनी लॉन्ड्रिंग केस मामले में 15 साल की सजा हुई है। वहीं, कोर्ट की सुनवाई के दौरान उनकी पत्नी नादिन हेरेडिया उपस्थित थीं। मीडिया के हवाले से उनको पेरू की राजधानी लीमा ब्राजील दूतावास के पास देखी गईं।

अमेरिका टैरिफ के मामले में झुकने वाला नहीं है

# राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कहा- चीन को ही अमेरिका के साथ डील करनी होगी

एजेंसी ■ वॉशिंगटन

चीन से साथ चल रहे टैरिफ वॉर के बीच अमेरिका ने साफ कर दिया है कि चीन को ही अमेरिका साथ डील करनी होगी। साथ ही दो टूक कहा है कि अमेरिका टैरिफ के मामले में झुकने वाला नहीं है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने चीन पर 145 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके जवाब में चीन ने भी 125 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था।

व्हाइट हाउस ने कहा कि चीन दुनिया के किसी अन्य देश से अलग नहीं है। उन्होंने कहा, चीन को वो चाहिए जो हमारे पास है। सभी को वो चाहिए, जो हमारे पास है। यानी




अमेरिकी उपभोक्ता या आसान भाषा में कहें, तो उनको हमारे धन की जरूरत है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि वह चीन के साथ डील करने के लिए तैयार है, लेकिन चीन को अमेरिका के साथ डील करनी होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप ने साफ कर दिया है कि चीन को फैसला लेना है। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने कहा, राष्ट्रपति ने चीन को लेकर अपना मत साफ कर दिया है। हालांकि, मेरे पास उनका एक बयान है, जो उन्होंने ओवल ऑफिस में मुझे दिया है। उन्होंने कहा, फैसला चीन को करना है। चीन को हमारे साथ डील करनी ही होगी। हमें उनके साथ डील करने की कोई जरूरत नहीं है।

#### पड़ोसियों से संबंध सुधारने बेहतर मौका, ट्रंप के टैरिफ से बंद हो रही चीन की दुकानें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ ने चीनी व्यापारियों की कमर तोड़ दी है और अब दुकानें बंद करने की नौबत आ गई है। इस बीच अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चीन को अब अपने पड़ोसी देशों, खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ व्यापार बढ़ाकर इस नुकसान की भरपाई करनी होगी। ट्रंप ने चीन से खिलाफ अब तक कुल 145 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। जवाब में चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत का टैरिफ थोप दिया है। टैरिफ वार ने चीन के इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार को हिलाकर रख दिया है। दुनिया का एक सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार शेन्ज़ेन का हुआकियांगबेई इस जंग का ताजा शिकार बना है।

**चीन- अमेरिका विवाद में भारत को फायदा:** नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा है कि चीन पर अमेरिकी शुल्क और बढ़ती लागत भारत के लिए वैश्विक उपकरण निर्यात बाजार में अपनी भूमिका को बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है। रिपोर्ट में साथ ही स्थानीय उपकरण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक स्तर के संकुल बनाने और लागत को कम करने के लिए जरूरी सहायता प्रदान करने जैसे उपाय सुझाए गए हैं। नीति आयोग ने भारत के हाथ और बिजली से चलने वाले उपकरण क्षेत्र- 25 अरब डॉलर से अधिक निर्यात अवसर शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट में कहा कि इस उद्योग में निर्यात की काफी संभावनाएं हैं, लेकिन बुनियादी ढांचे, उच्च विनिर्माण लागत और बड़े स्तर की विनिर्माण सुविधाओं की कमी से बाधा तैयार होती है।

# यूनुस सरकार ने भारत से धागा लेना किया बंद बांग्लादेश के लिए घातक होगा ये कदम

## यह निर्णय भारत-बांग्लादेश व्यापार संबंधों में हाल के तनावों की कड़ी में नवीनतम कदम है

एजेंसी ■ ढाका

भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्ते सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। बांग्लादेश ने अब भारत से धागा लेना बंद कर दिया है। इससे माना जाने लगा है कि बांग्लादेश आत्मघाती कदम उठा रहा है। बांग्लादेशी नेशनल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (एनबीआर) ने भारत से धागे (सूत) के आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इस निर्णय के तहत बेनापोल, भोमरा, सोनामस्जिद, बंगलाबंधा और बुरिमारी जैसे प्रमुख भूमि बंदरगाहों के जरिए सूत आयात की अनुमति अब नहीं होगी। यह कदम बांग्लादेश टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन (बीटीएमए) की शिकायतों के बाद उठाया गया है, जिसमें दावा किया गया कि भारत से सस्ते सूत के आयात से स्थानीय टेक्सटाइल उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है।

बांग्लादेश की गारमेंट इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था का रीढ़ है। यह भारत से लगभग 95 प्रतिशत



सूत आयात पर निर्भर है। 2024 में बांग्लादेश ने 1.25 मिलियन मीट्रिक टन सूत आयात किया, जो 2023 की तुलना में 31.5 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, बांग्लादेश के गारमेंट निर्यातकों ने इस निर्णय को आत्मघाती करार दिया है। बांग्लादेश निटवेयर मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (बीकेएमईए) के अध्यक्ष मोहम्मद हातेम ने कहा कि यह कदम तैयार परिधान निर्यातकों के लिए लागत बढ़ाएगा और छोटे-मध्यम उद्यमों (एसएमबी) के लिए बाजार में प्रतिस्पर्धा को और कठिन कर देगा। 2023-24 में भारत ने बांग्लादेश को 11 बिलियन डॉलर का निर्यात किया, जिसमें सूत, कपास, इंजीनियरिंग सामान और पेट्रोलियम उत्पाद शामिल थे। वहीं, बांग्लादेश से भारत का आयात 1.8 बिलियन डॉलर रहा। हाल के महीनों में बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता और डॉलर की कमी के कारण भारतीय निर्यातकों को भुगतान में देरी का सामना करना पड़ा है।

#### सबसे सस्ता सूत देता है भारत

बीटीएमए का कहना है कि भारत से जमीन मार्ग के जरिए आयातित सूत की कीमत समुद्री मार्ग से आने वाले सूत की तुलना में काफी कम है, जिससे स्थानीय मिलों को प्रतिस्पर्धा में नुकसान उठाना पड़ रहा है। उदाहरण के लिए, बांग्लादेश में 30 सिंगल सूत की कीमत 3.40 डॉलर प्रति किलोग्राम है, जबकि भारत में यह 2.90 डॉलर और वियतनाम में 2.96 डॉलर प्रति किलोग्राम है। यह निर्णय भारत-बांग्लादेश व्यापार संबंधों में हाल के तनावों की कड़ी में नवीनतम कदम है। हाल ही में, भारत ने बांग्लादेश को तीसरे देशों में माल निर्यात के लिए अपने भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से ट्रांसशिपमेंट सुविधा को रद्द कर दिया था। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस सुविधा के कारण भारतीय हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर भीड़भाड़ बढ़ रही थी, जिससे भारत के अपने निर्यात में देरी और लागत में वृद्धि हो रही थी। इसके अलावा, बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मुहम्मद यूनुस के हालिया बयान ने दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव को बढ़ा दिया।

#### बांग्लादेश भेजा दूतः भारत से दुश्मनी और पाकिस्तान से प्यार जता रहे मोहम्मद यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस का अंतरिम सरकार का सलाहकार बनते ही भारत से उन्होंने संबंध खराब कर लिए। इसी दौरान बांग्लादेश का भारत से हटकर पाकिस्तान और चीन दोस्ती का हाथ बढ़ाना शुरू कर दिया। स्थिति ऐसी है कि पाकिस्तानी नेताओं का बांग्लादेश में तांता लग गया है। अब 15 साल में पहली बार पाकिस्तानी विदेश सचिव अम्ना बलोच बुधवार को ढाका पहुंच रही हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि दोनों देश के बीच आखिर किस मुद्दे पर बात होगा। विदेश सचिव अम्ना बलोच आज ढाका पहुंच रही हैं। गुरुवार को स्टेट गेस्ट हाउस पद्मा में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच विदेश सचिव स्तर की वार्ता होगी। इसमें बांग्लादेश की ओर से विदेश सचिव मोहम्मद जसीम उद्दीन मेजबान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। लगभग 15 वर्षों में दोनों देशों के बीच पहली विदेश सचिव स्तर की बातचीत हो रही है।

## सिंगापुर में लगी आग में फंसे बच्चों के लिए देवदूत बने भारतीयों को मिला जीवनरक्षक पुरस्कार

एजेंसी ■ सिंगापुर

सिंगापुर में बीते सप्ताह लगी आग में फंसे बच्चों और लोगों को 18 भारतीयों ने देवदूत बनकर बचाया। अब इन देवदूतों की सराहना चौतरफा हो रही है। सिंगापुर सरकार के सिंगापुर नागरिक सुरक्षा बल (एससीडीएफ) ने सभी भारतीयों को सामुदायिक जीवनरक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया है। भारतीय श्रमिकों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए बच्चों को सुरक्षित आग से बाहर निकाला। आठ अप्रैल की सुबह भारतीयों ने पास की इमारत से बच्चों की चीखें सुनीं और धुआं निकलते देखा, तो वे तुरंत हरकत में आ गए। उन्होंने अपने निर्माण स्थल से मचान और सीढ़ी उठाई और सामने की इमारत में फंसे बच्चों को बचाने पहुंच गए। एससीडीएफ डिवीजन के कमांडर कर्नल ताई जी वेई ने कहा कि सभी आग की घटनाओं के लिए समय महत्वपूर्ण है। इसलिए, हम वास्तव में जनता के सदस्यों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने उस दिन एससीडीएफ के आने से पहले ही प्रतिक्रिया दी। उनकी बहादुरी, उनकी त्वरित कार्रवाई और उनके सामूहिक कार्य ने वास्तव में उस दिन लोगों की जान बचाई। एससीडीएफ अग्निशमन दल के



पहुंचने से पहले 18 लोगों ने छह से 10 वर्ष की आयु के बच्चों और 23 से 55 वर्ष की आयु के छह वयस्कों को बचाया और उनकी देखभाल की। आग से बचाई गई 10 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई लड़की की बाद में एक अस्पताल में मौत हो गई थी। बच्चों को बचाने वालों में चिन्नाप्पा कन्नदासन, हसन इमामुल, शकील मोहम्मद, दास तपोश, हसन राजीब, रवि कुमार, वरुवेल क्रिस्टोफर, गोविंदराज एलंगेश्वरन, मुथुकुमार मुगेश, इंद्रजीत सिंह, सिवासामी विजयराज, नागराजन अनबरसन, सुब्रमण्यम सरनराज, इस्लाम शफीकुल, सुब्रमण्यम रमेशकुमार, बेन्सन लो, शेख अमीरुद्दीन बिन कमालुद्दीन और डॉ. लौरा बिफिन शामिल हैं। बच्चों को बचाने में मदद करने वाले निजी-किराए के ड्राइवर बेन्सन लो ने कहा कि इमारत के किनारे पर मौजूद बच्चे कांप रहे थे और किनारे से कूदना चाहते थे।

# रूस की खुली धमकी से डरा यूरोप, यूक्रेन पहुंचे नाटो प्रमुख

एजेंसी ■ मॉस्को

रूस और यूक्रेन का युद्ध पिछले तीन सालों से चल रहा है। अब युद्ध का असर दूसरे देशों पर भी पड़ने लगा है। रूस के खुफिया प्रमुख सर्गेई नारिश्किन ने नाटो को खुली धमकी दी है कि अगर पोलैंड और बाल्टिक देश अपनी 'आक्रामक' हरकतें नहीं रोकते, तो रूस जवाबी कार्रवाई करेगा। यह बयान तब आया है, जब यूक्रेन में रूस की बमबारी तेज हो गई है और दुनिया भर में इसे लेकर गुस्सा भड़क रहा है। रूस की एक धमकी के बाद सवाल उठ रहे हैं कि पुतिन क्या पोलैंड और बाल्टिक देशों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं? नाटो के महासचिव मार्क रुटे ने जेलेंस्की के साथ ओडेसा का दौरा किया और यूक्रेन को 'अटूट समर्थन' का वादा किया।

रुटे ने कहा, 'रूस इस युद्ध का आक्रामक है। इसमें कोई शक नहीं।' जेलेंस्की ने नाटो से एयर



डिफेंस सिस्टम की मांग की, ताकि रूसी हमलों से बचा जा सके। रुटे ने यह भी साफ किया कि नाटो ट्रंप के सीजफायर प्रस्ताव का समर्थन करता है, लेकिन यूक्रेन के साथ उसका साथ नहीं छूटेगा। स्वीडन ने रूस के राजदूत को तलब कर रूसी हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। यूक्रेन ने दावा किया कि रूस के लिए सैकड़ों चीनी नागरिक लड़ रहे हैं। दो चीनी युद्धबंदियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अन्य चीनी नागरिकों को युद्ध में न आने की चेतावनी दी। चीन ने इसे 'राजनीतिक चालबाजी और सनसनी' बताते हुए खारिज किया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने आरोप लगाया था कि सैकड़ों चीनी नागरिक फ्रंटलाइन पर लड़ रहे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि 'चीन इस मामले से जुड़ी जानकारी और हालात की जांच कर रहा है। रूस की एक सैन्य अदालत ने पांच युवाओं को 18 साल तक की सजा सुनाई, जिन्होंने पिछले साल मॉस्को के पास रेलवे और एक हेलीकॉप्टर में आग लगाई थी।

#### हमास दे रहा धमकी कहा- ऐसा ही रहा तो इजराइल के सभी बंधक ताबूतों में ही लौटेंगे

**गाजा।** इजराइल ने हाल ही में मिस्र और कतर के मध्यस्थों को 45 दिन के अस्थायी युद्धविराम का प्रस्ताव दिया है, जिसमें बदले में 11 इजराइली बंधकों की रिहाई और हमास के हथियार डालने की मांग रखी गई है। हालांकि, हमास ने स्पष्ट किया है कि वह किसी भी तरह के निरस्त्रीकरण को स्वीकार नहीं करेगा। इसी बीच कसाम ब्रिगेड्स ने एक और वीडियो जारी कर बंधकों के परिवारों को चेताया कि यदि इजराइली हमले जारी रहे, तो उनके बच्चे ताबूतों में लौटेंगे, शरीर टुकड़ों में बिखरे होंगे। उधर, वाइट हाउस के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा है कि एडन एलेक्ज़ेंडर की रिहाई ट्रंप प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। इसी विषय पर पिछले महीने हामास और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच वार्ता भी हुई थी। संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में मानवीय हालात को अब तक के सबसे खराब स्तर पर बताया है। इजराइल की ओर से लगातार बमबारी और जनवरी 2024 के बाद से फिर से लगाए गए पूर्ण प्रतिबंधों ने भोजन, ईंधन और दवा जैसी जरूरी चीजों की आपूर्ति को लगभग असंभव बना दिया है।



कतर में रेत के तूफान के बीच ही निकलते हुए लोग।

**दुर्लभ** | कुछ ऐसे फल भी हैं, जिनकी कीमत सुनकर आप चौंक सकते हैं

# दुनिया में कई फल ऐसे जिनकी कीमत होती है लाखों में

एजेंसी ■ लंदन

क्या आप जानते हैं कि दुनिया में कुछ ऐसे फल भी हैं, जिनकी कीमत सुनकर आप चौंक सकते हैं? ये फल इतने महंगे हैं कि आम आदमी के लिए इन्हें खरीदना किसी सपने जैसा लगता है। सबसे पहले बात करते हैं ताइयो नो तमागो आम की, जिसे 'एग्स ऑफ सन' भी कहा जाता है। जापान में पैदा होने वाला यह आम आधा पीला और आधा लाल होता है और इसकी कीमत 1 से 2 लाख रुपये तक हो सकती है। इसके बाद आता है सेम्बिकिया क्वीन स्ट्रॉबेरी, जिन्हें न्योहो स्ट्रॉबेरी के नाम से भी जाना



जाता है, टोक्यो की एक प्रसिद्ध फल की दुकान, सेम्बिकिया के नाम पर रखी गई हैं, जो जापान की सबसे पुरानी फल की दुकान है. सेम्बिकिया क्वीन स्ट्रॉबेरी, जिसकी खासियत है कि इसे कई दिनों तक स्टोर किया जा सकता है। 12 पीस की एक पैकिंग की कीमत करीब 20 से 25 हजार रुपये होती है। युबारी खरबूजा, जिसे युबारी किंग के नाम से भी जाना जाता है, जापान के होक्काइडो द्वीप के युबारी शहर में उगाया जाने वाला एक विशेष प्रकार का खरबूजा है, जो अपनी उच्च गुणवत्ता और मिठास के लिए प्रसिद्ध है. जिसकी कीमत 10 से 12 लाख रुपये तक हो सकती है। यह दुनिया के सबसे महंगे फलों में से एक माना जाता है। इसी तरह जापान मेंस्क्वायर तरबूज यानी चौकोर तरबूज भी तैयार किया जाता है, जिसकी कीमत 50 से 60 हजार रुपये तक होती है। इसे सजावट के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। अगर अंगूर की बात करें तो रूबी रोमन अंगूर का नाम सबसे ऊपर आता है। जापान में उगाए जाने वाले इन लाल अंगूरों की एक प्रीमियम क्वालिटी वाली बंच की कीमत 6 से 7 लाख रुपये तक हो सकती है।

रूबी रोमन एक प्रकार का टेबल अंगूर है जो पूरी तरह से जापान के इशिकावा प्रान्त में उगाया और बेचा जाता है। यह लाल रंग का होता है और लगभग पिंग-पोंग बॉल के आकार का होता है। पहला रूबी रोमन अंगूर अगस्त 2008 में 100,000 जापानी येन प्रति 700 ग्राम गुच्छा, या 26 डॉलर प्रति अंगूर की दर से बिक्री के लिए गया था। वहीं, सेकाई इची सेब दुनिया का सबसे महंगा और बड़ा सेब है, जिसकी लंबाई लगभग 15 इंच और वजन 1 किलोग्राम तक होता है। इसकी कीमत 1.5 से 2 हजार रुपये तक है। अंत में बात करते हैं बुद्धा शेप्ड नाशपाती की, जो बुद्धा की आकृति में तैयार की जाती हैं। चीन में उगाई जाने वाली इस अनोखी नाशपाती की कीमत 600 से 700 रुपये तक होती है। इन फलों की कीमतें जरूर चौंकाती हैं, लेकिन इनका स्वाद, आकार और दुर्लभता इन्हें खास बना देती है। मालूम हो कि फल न सिर्फ स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद माने जाते हैं।

## अफगानिस्तान में आए भूकंप से हिल गई दिल्ली और एनसीआर

एजेंसी ■ काबुल

आज बुधवार को सुबह सुबह अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके भारत की राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) सहित उत्तरी भारत के कई हिस्सों में महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप सुबह लगभग 4:44 बजे (भारतीय समयानुसार) आया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस भूकंप से अफगानिस्तान या भारत में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में लोगों ने हल्के से मध्यम झटकों का अनुभव किया। यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर (ईएमएससी) के अनुसार, भूकंप की गहराई 121 किलोमीटर थी और इसका केंद्र बघलान शहर से 164 किलोमीटर पूर्व में था।

भूकंप विशेषज्ञों के अनुसार, दिल्ली और उत्तरी भारत हिमालयी क्षेत्र के करीब होने के कारण भूकंपीय रूप से संवेदनशील हैं। भारत के भूकंपीय जोन मानचित्र के अनुसार, दिल्ली जोन-4 में आता है, जो मध्यम से उच्च जोखिम वाला क्षेत्र है।

# मोदी राज में एनडीए के भीतर पहली बार बगावती स्वर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र की सत्ता में लौटे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की छवि इस बार पहले जैसी ताकतवर नहीं रही। पहले दो कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में थी। इस बार उसे सरकार बनाने के लिए सहयोगी दलों के ऊपर निर्भर रहना पड़ रहा है। यह गठबंधन के राजनीति की मजबूरी है। पिछले 11 साल में पहली बार मोदी-शाह की जोड़ी को सहयोगी दलों के बगावती तेवरों का सामना करना पड़ रहा है। बिहार और गुजरात में इसकी शुरुआत हो चुकी है। बिहार में पारस पासवान और मांझी ने बगावत का बिगुल बजा दिया है। वह इंडिया गठबंधन में शामिल हो गए हैं उनके भतीजे चिराग पासवान एनडीए के साथ हैं वक्फ बिल और दलित को लेकर जो नई राजनीतिक स्थिति जमीन पर देखने को मिल रही है। उसके बाद चाचा पारस ने एनडीए से पाला झाड़कर, इंडिया गठबंधन का पल्ला पकड़ लिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी और शाह के गृह प्रदेश गुजरात में भी सेंध लगा दी है। भाजपा के पूर्व विधायक एवं महामंत्री महेश वसावा ने कांग्रेस का पल्ला गुजरात में थाम लिया है। राहुल गांधी बुधवार को गुजरात गए। वहां पर उन्होंने भाजपा के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी है। आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की तेलगु देशम पार्टी हो या नीतीश कुमार की जनता दल (यू), दोनों ही पार्टियाँ अब गठबंधन में अपने वजूद और हिस्सेदारी को लेकर जरूरत से ज्यादा मुखर हैं। मंत्रिमंडल में उचित प्रतिनिधित्व, राज्यों की विशेष मांगें और नीति-निर्माण में अहमियत देने की माँग अब केवल दबे स्वर मे नहीं, बल्कि सार्वजनिक मंचों से एनडीए गठबंधन के सहयोगी दल उठाने लगे हैं। यह स्थिति दर्शाती है, भाजपा का पहले जैसा एकछत्र राज नहीं रहा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की पार्टी जनता दल यू में भाजपा ने जिस तरह से सेंध लगाई है उससे बिहार में जनता दल का अस्तित्व समाप्त होने जा रहा है। उड़ीसा वाला खेल भाजपा द्वारा बिहार में खेला जा रहा है। इसकी जबरदस्त प्रतिक्रिया सहयोगी दलों में देखने को मिल रही है। एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों में डर एवं भय देखने को मिल रहा है। सहयोगी दल अब सत्ता में ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी के दावेदारी कर रहे हैं। एनडीए गठबंधन के भीतर असहमति के सुर खुलकर



सामने आने लगे हैं। सहयोगी दलों में अब मोदी-शाह और ईडी, सीबीआई का भी डर नहीं रहा। सहयोगी दल अधिकारों की बात कर रहे हैं। सहयोगी दल अब 'वन नेशन, वन पॉलिसी' जैसी नीतियों पर केंद्र सरकार से पुनर्विचार करने का दबाव बना रहे हैं। वक्फ बिल को लेकर भी देश के कई राज्यों में स्थितियां बड़ी तेजी के साथ बदली हैं जिसके कारण छोटे क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व पर संकट खड़ा होता हुआ दिख रहा है। इस घटनाक्रम का एक सकारात्मक पक्ष भी है। लोकतंत्र की स्वस्थ प्रक्रिया के लिए यह दबाव जरूरी है।

# शिक्षक और सड़क दोनों मंजिल तक पहुंचाने के कारगर सेतु




किशन सनमुखदास भावानानी

**भारत आदि-अनादि काल से संस्कृति, मानवीय सभ्यता, मान-सम्मान की संप्रभुता का अभूतपूर्व ख़जाना भारत माता की मिट्टी में ही समाहित रहा है। ऊपर से सोने पर सुहागा हमारे बड़े बुजुर्गों, बुद्धिजीवियों सहित आध्यात्मिकता के माध्यम से कहावतों, वचनों, शब्दों का ऐसा अनमोल पंक्तियों द्वारा हमारे पास स्वर्ण रूपी संयोजित है, जिसके एक एक शब्द में मोती भरे हैं!**

अगर भारत का हर नागरिक इन पंक्तियों के बोध का ज्ञान अपने जीवन में अपना कर उसके अनुसार अपने जीवन को ढालें तो यह विचार, कहावतें उन पर आ रही विपत्तियों, तकलीफों, विपरीत समय में एक म ज़बूत ढाल का काम कर सकते हैं !वैसे तो अनेक पंक्तियां, शब्द, वाक्यांश हैं पर हम आज,, शिक्षक और सड़क दोनों एक एक जैसे हैं जो खुद जहां है वहीं रहते हैं मगर दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा ही देते हैं,, इसपर कुछ बातों का को सांझा कर शिक्षा ग्रहण करने की कोशिश करेंगे। साथियों बात अगर हम शिक्षक और सड़क की करें तो दोनों हमारे लिए अति महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आज के परिपेक्ष और डिजिटल भारत में, जैसे हमारा सांस लेना आवश्यक है। इसके बैगर हम जी नहीं सकते है। वैसे ही शिक्षक और सड़क के बिना विद्यार्थी और लोग अधूरे है। शिक्षक और सड़क नहीं होंगे तो वह विकास प्राप्त करने में असमर्थ हो जाएंगे। साथियों बात अगर हम शिक्षक की करें तो, शिक्षक एक व्यक्ति को कुशल नागरिक बनाता है। शिक्षक वह प्रकाश है जो सभी के जन्दिगी में रोशनी भर देता है। शिक्षक एक मोमबत्ती रूपी ज्ञान का उजाला है जो लोगों को अँधेरे से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाती है। शिक्षक की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। शिक्षक अपने शिक्षा के ज़रिये व्यक्ति समाज और राष्ट्र का निर्माण करता है। उनकी शिक्षा की वजह से व्यक्ति में आत्मविश्वास का संचार होता है जिसकी वजह से वह अपने जन्दिगी में कुछ कर गुजरने की चाहत रखता है। शिक्षक एक खूबसूरत आईने की तरह है जिससे व्यक्ति अपने वजूद की पहचान कर पाता है। शिक्षा वह मज़बूत ताकत है जिससे हम समाज को सकारात्मक बदलाव की ओर ले जा सकते है। शिक्षक विद्यार्थिओं का मार्ग दर्शक है। जन्दिगी के कठिन मोड़ पर जब हम रास्ता भटक जाते है तो कोई न कोई इंसान शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाता है। कम उम्र में बच्चे का जीवन गीली मिटटी की तरह होता है। तब शिक्षक एक कुम्हार की तरह उसे शिक्षा रूप हाथों से एक मज़बूत आकार प्रदान करता है।शिक्षक विद्यार्थिओं को आने वाले बेहतर भविष्य के लिए तैयार करते है। विद्यार्थी के मन में विषय संबंधित और जीवन संबंधित कोई भी दुविधा आये तो शिक्षक उस दुविधा को हल करने में हर मुमकिन कोशिश करता है।

शिक्षक की मेहनत की वजह से कोई डॉक्टर ,कोई इंजीनियर कोई वकील,सीए,पायलट सैनिक इत्यादि बन कर अपनी मंजिल पर पहुंच जाते है।अगर शिक्षक नहीं होंगे तो यह पद पर कोई व्यक्ति कार्यरत नहीं हो पाएंगे । शिक्षक



इंसान को अच्छे और बुरे के बीच फर्क करना सिखाते है। वह अधर्म ,घृणा ,ईर्ष्या ,हिंसा इन बुरी आदतों से विद्यार्थिओं को दूर रहना सिखाते है। शिक्षक शिष्टता ,सहनशीलता ,धैर्य से जीवन के संघर्षों से पार करना सिखाते है। इसलिए हम कह सकते हैं कि शिक्षक विद्यार्थियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण रोल अदा करता है। साथियों बात अगर हम सड़क की करें तो, किसी भी देश के आर्थिक विकास में यातायात एवं संचार के साधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। देश का कृषि, व्यापार व औद्योगिक विकास परिवहन के साधनों पर ही निर्भर करता हैं।परिवहन एक महत्वपूर्ण तृतीयक व्यवसाय हैं। आज के परिपेक्ष में बिना सड़क के मानवीय जीवन अधूरा है। इसके बिना जीवन की गाड़ी को आगे बढ़ाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता, हालांकि हजारों या सैकड़ों वर्षों पहले हमारे पूर्वज उस परिस्थितियों से दो चार हुए होंगे पर अभी आधुनिक डिजिटल युग में यह संभव नहीं।

साथियों बात अगर हम सड़क निर्माण के विशाल चरणों और सड़क के महत्व की करें तो, सड़क निर्माण में कार्य के कई चरण हैं, जैसे क्षेत्र सर्वेक्षण, मिट्टी सर्वेक्षण, यातायात सर्वेक्षण, ज्यामितिक डिज़ाइन, संरचनीय डिज़ाइन, और वास्तविक निर्माण क्षेत्र। भारत में सड़कें हाथों के श्रम से, या यंत्रों से, बनाई जाती है। पहले देश में मजदूर बहुतायत से मिलते थे जिसके कारण शारीरिक श्रम का ही अधिकतर प्रयोग किया जाता है, परंतु अब सब मशीनीकरण से हो गया है। भारतीय सड़कों का जाल विश्व का सबसे बड़ा सड़क जाल है। सड़क परिवहन छोटी एवं मध्यम दूरी तय करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। यह विश्वसनीय, तेज, लचीला तया मांगपूरित तरीका है, जो घर-घर जाकर सेवाएं उपलब्ध करा सकता है। यह गांवों को बाजारों, कस्बों, प्रशासनिक व सांस्कृतिक केन्द्रों से जोड़ता है और इस प्रकार उन्हें देश की मुख्य धारा में शामिल करता है। सड़क परिवहन सुदूरवर्ती पहाड़ी, मरुस्थलीय, जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों को जोड़ता है। सड़कें भी विभिन्न प्रकार के लोगों को अपनी मंजिल तक पहुंच आती है जैसे, राष्ट्रीय राजमार्ग-ये राजमार्ग देश की चौड़ाई एवं लंबाई के अनुसार बिछाये गये हैं। ये राज्यों की राजधानियों, बंदरगाहों, औद्योगिक व खनन क्षेत्रों तथा राष्ट्रीय महत्व के शहरों एवं कस्बों को जोड़ते हैं।प्रांतीय राजमार्ग- ये एक राज्य के भीतर व्यापारिक एवं सवारी यातायात के मुख्य आधार होते हैं। ये राज्य के प्रत्येक कस्बे को राज्य की राजधानी, सभी जिला मुख्यालयों, राज्य के महत्वपूर्ण स्थलों तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से संलग्न क्षेत्रों के साथ जोड़ते हैं। जिला सड़कें-ये सड़कें बड़े गांवों एवं कस्बों को एक-दूसरे से तथा जिला मुख्यालय से जोड़ती हैं। ये अधिकांशतया कच्ची होती हैं। इनका निर्माण एवं रख-रखाव जिला परिषदों या सम्बंधित सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है। ग्रामीण सड़कें-ये सड़कें गांवों को जिला सड़कों से जोड़ती हैं। ये सड़कें प्रायः कच्ची, संकरी तथा भारी वाहन यातायात के अनुपयुक्त होती हैं। इनका निर्माण एवं रख-रखाव ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाता है। इन चारों के अतिरिक्त, सड़कों के तीन और अन्य प्रकार हैं- सीमा सड़कें, अंतरराष्ट्रीय राजमार्ग और द्रुत राजमार्ग। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि शिक्षक और सड़क मंजिल तक पहुंचाने के सेतु हैं, शिक्षक और सड़क दोनों एक जैसे जो खुद जहां है वहीं रहते हैं मगर दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा ही देते हैं।

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषतः किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे



सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है। यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने

ललित गर्ग

के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है? यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा दोगलापन है? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है। खुलेआम सार्वजनिक मंचों पर राष्ट्र-विरोधी विचारों का जहर घोला जा रहा है। वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडम्बनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। क्या वक्फ कानून के विरोधी यह बताने की स्थिति में हैं कि वक्फ बोर्डों ने अभी तक कितने गरीब मुसलमानों की सहायता की? यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। अब यह झूठ फैलाया जा रहा है कि नए वक्फ कानून के जरिये सरकार मस्जिदों और कब्रिस्तानों पर कब्जा करना चाहती है। यह निरा झूठ और शरारत ही है। वक्फ कानून के विरोधी भले ही लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हों, लेकिन ये उसकी धज्जियां ही उड़ा रहे हैं। वे वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने के लिए तैयार नहीं।

मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा।

## राजकाज



### सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं मानेगी सरकार

सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की खंडपीठ ने राज्यपालों की भूमिका को लेकर जो फैसला दिया है ।उससे सरकार आग बबूला हो गई है । सरकार ने समीक्षा याचिका दायर करने का निर्णय लिया है । जल्द ही केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर करेगी । तीन या पांच जजों की खंडपीठ सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलेगी? केंद्र सरकार इस बात से आश्चर्यचकित है । कोई जज राज्यपालों और राष्ट्रपति के खिलाफ इस तरह का फैसला कैसे दे सकता है । केंद्र सरकार ने इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है । सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में गोलबंदी की तैयारी कर ली है । केंद्र सरकार इस तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकती है ।

### अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर मुखर हुए पीयूष गोयल

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इन दिनों अमेरिका की नीतियों को लेकर कुछ ज्यादा ही मुखर हो गए हैं । केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अघोषित रूप से भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को खुली छूट दी है । गोयल ने यूरोपीय यूनियन में आत्म सम्मान का मुद्दा उठाया । अमेरिका से दूपक्षी समझौते को लेकर उन्होंने आत्म सम्मान की बात कही । भारत की खाद्य सुरक्षा, औषधि उद्योग,ई कॉमर्सऔर सेवा के क्षेत्र में भारतीय हितों की अनदेखी नहीं की जा सकती है । भारत सरकार को चलो कुछ-कुछ तो समझ में आने लगा है । सीधे ना सही आडे-तिरछे तरीके से भारत ने बोलना सीख लिया है ।

### एडीएम के पलनीसामी भाजपा गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा

तमिलनाडु में एडीएम ने भाजपा के साथ एक बार फिर गठबंधन कर लिया है । पहले भी भाजपा के साथ गठबंधन था । लेकिन गठबंधन, तलाक में बदल गया था । अब विधानसभा चुनाव आने वाले हैं । भाजपा ने एडीएम के साथ गठबंधन करके ईके पलनीसामी को भाजपा गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा के रूप में स्वीकार कर लिया है । भाजपा अब पलानी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी । इस बार भाजपा तमिलनाडु में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने जा रही है । केंद्र सरकार जल्द ही डीएमके नेताओं के ऊपर शिकंजा कसेगी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में श्रीलंका का दौरा करके लौटे हैं । श्रीलंका से लेकर तमिलनाडु तक भाजपा ने नई बिसात बिछाई है । इसका मुकाबला डीएमके कैसे करेगी । यह काफी महत्वपूर्ण होगा । भाजपा मैं मोदी शाह की जोड़ी जिस तरह की बिसात बिछाती है । उसका मुकाबला करना आसान नहीं होता है । पहली बार तमिलनाडु के चुनाव में तरह-तरह के नजारे देखने को मिलेंगे ।

### कोविड के बाद बच्चों-युवाओं की साइलेंट अटैक से मौत

बिना किसी बीमारी के युवाओं बच्चों और आम आदमियों की मौत साइलेंट अटैक से हो रही है । कोविड महामारी के बाद लोगों को वैक्सीन के टीके लगाए गए थे । उसके दुष्परिणाम अब सामने आ रहे हैं ।खेलते खेलते, वरमाला डालते, डांस करते, साइकिल चलाते, खाना खाते और सोते हुए लोग गिरते हैं । घटना स्थल पर ही तुरंत मर जाते हैं ।

## फीचर



# गर्भधारण से पहले रखें ये सावधानी

**मां बनना हर महिला का सपना होता है पर गर्भधारण करने से पहले अगर कुछ सावधानी रखें तो मां और बच्चा दोनो ही स्वस्थ रहते हैं। इसलिए गर्भधारण करने से पूर्व पूरी तरह से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी होता है।**

इस दौरान आपको अपने वजन का भी खास ध्यान रखना पड़ता है। अगर आप गर्भधारण करने के बारे में सोच रहीं हैं तो आपको सबसे पहले अपने बढ़ते वजन को नियंत्रित करना चाहिए। अगर आप गर्भावस्था से पहले मोटी हैं तो इसके कारण आपको गर्भावस्था के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कुछ किलो वजन घटाकर आप गर्भावस्था से जुड़ी कई तरह की समस्या को दूर कर सकती हैं। तो चलिए हम आपको इसके कुछ और कारण बताते हैं कि क्यों गर्भावस्था से पहले आपको अपना वजन कम कर लेना चाहिए। इन कारणों को जानने के बाद आप वजन घटाने के लिए तैयार हो जाएंगीं।

कई शोधों में ये दावा किया जा चुका है कि गर्भपात, बच्चे में कोई कमी और जन्म के दौरान किसी भी तरह की परेशानी का कारण मोटापा हो सकता है।

**प्रजनन में आती हैं दिक्कतें**

मोटापे के कारण आपकी प्रजनन क्षमता भी कम हो सकती है। मोटापे का असर महिलाओं के प्रजनन स्तर पर भी पड़ता है। जी हां, ये बात सच है कि मोटापे के कारण कई महिलाएं शुरुआती स्तर में ही गर्भधारण नहीं कर पाती हैं।

गर्भावस्था के दौरान मोटापे की वजह से उच्च रक्तचाप, मधुमेह और अन्य कई तरह की समस्यासओं का खतरा बढ़ जाता है। जन्म से ही मधुमेह इन सामान्य खतरों के अलावा आपके बच्चे को कोई घातक परेशानी या रोग भी हो सकता है। अगर गर्भावस्था के दौरान मोटापे के कारण बच्चे को जन्म से ही मधुमेह की शिकायत हो सकती है। इसके अलावा बच्चे को और भी कई रोग होने का खतरा बना रहता है।

## प्रेरणा

# प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे। एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए। परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने



उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दर्शाता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए।

## अपनी बात



हरियाणा में जमीन घोटाले में फंसे रॉबर्ट वाड्रा ने ईडी की पूछता से पहले सोशल मीडिया पर लिखा कि जीत सत्य की होगी। उन्होंने फेसबुक पर लिखा किमेरे जन्मदिन के सप्ताह की सेवा कुछ दिनों के लिए रोक दी गई है। मैंने बुजुर्गों को भोजन कराने और विभिन्न क्षेत्रों के सभी बच्चों को उपहार देने की जो योजनाएं बनाई हैं, उन्हें मैं तब तक जारी रखूंगा जब तक कि सरकार मुझे अच्छे काम करने और अल्पसंख्यकों के प्रति उनके अन्यायपूर्ण व्यवहार के बारे में बोलने से नहीं रोकती।



राहुल गांधी ने कहा कि संघ और भाजपा को देश में पराजित करने का रास्ता गुजरात से निकलेगा। देश में दो विचार धारा हैं। एक भाजपा-संघ और एक ही कांग्रेस। देश जानता है कि भाजपा-संघ को केवल कांग्रेस ही हरा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शुरुआत गुजरात से हुई थी और यहीं से भाजपा-संघ को हराने का रास्ता भी मिलेगा।

## ब्रीफ न्यूज़

### कटिंग की दुकान के पास खड़ी बाइक चोरी

**गुना।** जिले के बमोरी थानांतर्गत ग्राम परांठ में एक युवक की मोटरसाइकिल उस वक्त चोरी हो गई जब वह पास में स्थित अपनी कटिंग की दुकान में काम कर रहा था। फरियादी ने मामले की रिपोर्ट थाना बमोरी में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजाराम पुत्र पूरनसिंह सेन निवासी ग्राम खर्राखेड़ा, रोजाना की तरह गत सुबह करीब 8:30 बजे अपनी ब्लैक-नीली सीडी डीलक्स बाइक क्रमांक एमपी 08-5023 से ग्राम परांठ स्थित अपनी कटिंग की दुकान पर पहुंचा था। उसने अपनी मोटरसाइकिल दुकान के पास ही खड़ी की और फिर काम में लग गया। दोपहर करीब 2 बजे जब राजाराम ने अपनी बाइक देखी तो वह मौके से गायब थी। आसपास तलाशने और लोगों से पूछताछ करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### थ्रेशर हादसे में वृद्ध की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज

**गुना।** जिले के थाना विजयपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में 60 वर्षीय वृद्ध की जान चली गई। मृतक की पहचान विष्णुप्रसाद साहू निवासी विजयपुर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत को दोपहर करीब 2:30 बजे श्यामबाबू धाकड़ अपने महिंद्रा ट्रैक्टर एमपी 08-6400 से थ्रेशर मशीन लगाकर गेहूं की फसल निकाल रहा था। इसी दौरान मृतक विष्णुप्रसाद व उनकी पत्नी ने उससे 20-25 गेहूं के गट्ठे थ्रेशर से निकलवाने को कहा। जब थ्रेशर में गेहूं डाले गए, तब श्यामबाबू ने ट्रैक्टर की स्पीड बढ़ा दी, जिससे थ्रेशर का व्हील टूट गया और जाकर सीधे विष्णुप्रसाद के सिर और हाथ पर आ लगा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। वहीं पास खड़े रघुवीर अहिरवार के सिर में भी चोट लगी। गंभीर अवस्था में विष्णुप्रसाद को बालाजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रघुवीर को जिला अस्पताल गुना से ग्वालियर रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

जांच में सामने आया कि ट्रैक्टर चालक श्यामबाबू धाकड़ द्वारा मशीन की उचित देखरेख नहीं की गई और उसने लापरवाहीपूर्वक स्पीड बढ़ाकर हादसे को जन्म दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व चश्मदीद गवाहों के बयानों के आधार पर उसके खिलाफ धारा 106(1) व 289 बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गुना।** शहर की केंट थाना पुलिस ने पटेलनगर रेलवे पुलिया के पास दबिश देकर अवैध कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने आरोपी आमीर खान निवासी घोसीपुरा को 30-30 लीटर की दो कैनों में रखी कुल 60 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। शराब रखने और बेचने का कोई लाइसेंस न होने पर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम 1915 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

---

**नीति 2025 के संशोधनों को बताया कर्मचारी विरोधी, 22 अप्रैल से हड़ताल की चेतावनी**

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ तेज किया आंदोलन, ज्ञापन सौंपा, निकाली रैली

सत्ता सुधार ■ गुना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बुधवार को अपने चरणबद्ध आंदोलन के तीसरे चरण के तहत रैली निकालकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 1 अप्रैल 2025 से लागू संविदा नीति 2025 में किए गए बदलावों को कर्मचारी विरोधी बताया गया और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा घोषित संविदा नीति 2023 को पूर्णतः लागू करने की मांग की गई।

इससे पहले संगठन ने 1 अप्रैल को सभी जिलों में प्रेस वार्ता कर अपनी मांगें सरकार तक पहुंचाई थीं। 7 अप्रैल को प्रदेश भर के समस्त संविदा कर्मचारियों ने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया था। बुधवार को तीसरे चरण में ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी गई कि यदि मांगे नहीं



मानी गईं तो 22 अप्रैल से प्रदेश के 32,000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

ज्ञापन में संविदा नीति 2025 के विरोध में कर्मचारियों ने कई मांगें रखीं। इनमें प्रमुख रूप से विभाग में रिक्त पदों में से 50 प्रतिशत पदों पर संविदा कर्मचारियों का संविलियन कर उन्हें नियमित करने की मांग शामिल थी। साथ ही पूर्व में दी जा रही छुट्टियों की व्यवस्था को बहाल करने, वर्तमान में ईएल और मेडिकल अवकाश को पृथक किए जाने के निर्णय को वापस लेने और अनुबंध प्रथा को पूरी तरह समाप्त करने की बात कही गई।

कर्मचारियों ने अप्रेजल प्रणाली को समाप्त करने, सेवा निवृत्ति की आयु को पुनः 65 वर्ष करने, एनपीएस, ग्रेच्युटी, स्वास्थ्य बीमा और महंगाई भत्ते (डीए) की सुविधा देने, वेतन समकक्षता निर्धारण में की गई त्रुटियों को सुधारने और वेतन विसंगतियों को दूर करने की भी मांग की। इसके अलावा निष्कासित सपोर्ट स्टाफ एवं मलेरिया एमपीडब्ल्यू की एनएचएम में पुनः बहाली और गुना जिले के राघोगढ़ में पदस्थ बीपीएम गजेंद्र भार्गव को बिना ठोस कारण हटाए जाने के मामले में उनकी तत्काल बहाली की मांग भी की गई।

संघ ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार जल्द इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर उचित निर्णय नहीं लेती, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। जिलाध्यक्ष मुकेश मौर्य ने कहा कि यह आंदोलन कर्मचारियों के हक और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किया जा रहा है। सरकार यदि संविदा नीति 2023 के अनुसार लाभ नहीं देती है, तो संविदा कर्मचारी पीछे हटने वाले नहीं हैं।

---

**ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025 के लिये बैठक आयोजित**

# कलेक्टर की पहल पर अधिकारियों एवं खेल संघों द्वारा दिया उत्साहपूर्वक सहयोग

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें उन्नत मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2025 का आयोजन संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखंड मुख्यालयों पर प्रस्तावित है। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती शर्मिला डाबर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा खेल संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष जिला मुख्यालय पर बास्केटबॉल, हॉकी, जूडो और फुटबॉल सहित चार खेलों तथा विकासखंड मुख्यालय पर दो खेलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर का संचालन 20 अप्रैल से 19 मई 2025 तक




निर्धारित समयानुसार किया जाएगा। शिविरों के सफल संचालन हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान शिविर आयोजन से संबंधित बजट एवं व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा व्यक्तिगत रूप से 25,000 की राशि प्रदान कर उपस्थितजनों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। इसके बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे ने 25,000, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान सिंह ठाकुर ने 10,000, शर्मिला डाबर, संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने 7,000, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजकुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सीएम सिसौदिया एवं प्रभारी नोडल खेल केन्द्र मनोज शर्मा द्वारा 5-5 हजार रूपये की राशि प्रदान की। इसके अलावा, जिला फुटबॉल संघ के सचिव इरफान खान ने 3,000, जिला जनसम्पर्क अधिकारी शुभम शर्मा ने 2,000, जिला योजना कार्यालय से सचिन शर्मा ने 1100, जिला क्रिकेट संघ के सचिव सौरभ रघुवंशी ने 2100, जिला जूडो संघ के सचिव सुनील शर्मा ने 1100 की राशि प्रदान की। खेल सामग्री के रूप में बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल लुम्बा द्वारा 10 बास्केटबॉल एवं हॉकी संघ के सह-सचिव शरद शर्मा द्वारा 20 हॉकी प्रदान की गई।

इसके अलावा राजू शिंदे (गुना क्रिकेट अकादमी), सुनील कुशवाह (क्रिकेट प्रशिक्षक), क्रिकेट खिलाड़ी बादल वाल्के, खेल विभाग के दुर्गेश चंद सक्सेना, सुनीता कंवर, अतुल कुमार शर्मा, यश प्रधान, शिवराज सिंह भदौरिया एवं तौफीक खान द्वारा भी 5 हजार से 500 रूपये तक की सहयोग राशि कलेक्टर श्री कन्याल की पहल पर प्रदान किये। इस सामूहिक सहयोग की भावना से प्रेरित होकर जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सुचारु रूप से किया जाएगा, जिससे युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का सशक्त मंच मिलेगा। शिविर में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी, कार्यालयीन समय में खेल और युवा कल्याण विभाग, गुना में संपर्क कर सकते हैं।

---

## आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को थमाएं

सत्ता सुधार ■ गुना

सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर द्वारा जिले में आयुष्मान कार्ड न बनाने वाले शून्य उपलब्धि वाले 06 एएनएम का 03 दिवस का वेतन काटने के आदेश, 02 एएनएम तथा 12 आशा कार्यकर्ता को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार आयुष्मान भारत निरामयम कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों से ऐसे कर्मचारी जिनके द्वारा न्यूनतम उपलब्धि प्राप्त की गई है। जिसमें इन महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा न्यूनतम उपलब्धि प्राप्त की गई है संबंधितों द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक नही किया गया, जिसके कारण खंड स्तर एवं जिला स्तर की आयुष्मान कार्यक्रम अन्तर्गत उपलब्धि प्रभावित हुई। जिसमें ममता पावक एएनएम बरखेडा गिर्द, शर्मिला राजौरे एएनएम पगारा, मुन्नी वर्मा एनएनएम कुंभराज ग्रामीण तथा रीता शर्मा एएनएम बडौद पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये 3 दिवस का वेतन काटा गया हैं। साथ ही निर्देशित किया गया हैं कि आयुष्मान का लक्ष्य 7 दिवस में पूर्ण कर अपने खंड चिकित्सा अधिकारी की टीप के साथ किये गये कार्य की उपलब्धि इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी । बीएमओ आरोन प्रतिवेदन अनुसार नगरी क्षेत्र आरोन में पदस्थ एएनएम अनीषा बानो एवं विमलेश कोली शहरी नगर पंचायत आरोन द्वारा राष्ट्रीय कार्यकम आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने में उदासीनता वरती जा थी जिसके कारण ब्लॉक की लक्ष्य की उपलब्धि प्रतिशत पर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने निर्देशित किया हैं कि आने वाले 7 दिवस में आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करें। अन्यथा आपकी 5 दिवस की वेतन काटकर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी । इसी प्रकार विकासखंड चिकित्सा अधिकारी आरोन/ बमौरी/गुना ग्रामीण/ चांचौडा के प्रतिवेदन पर विकासखंडों के ग्रामों के अन्तर्गत कार्यरत आशा कार्यकताएं अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन न कर राष्ट्रीय कार्यकम आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने में उदासीनता वरती जा रही है। रूकमा बजारा, ग्राम दुनाई विकासखंड, गुना ग्रामीण, कृष्णा सहरिया (आशा कार्यकर्ता), मनोरमा पारिक आशाकार्यकर्ता ग्राम गाडरवाडा तथा को अनीता भील आशा कार्यकर्ता वटावदा विकासखण्ड राधौगढ द्वारा ग्राम की आयुष्मान आईडी पर आयुष्मान कार्ड की उपलब्धि शून्य है।

---

## सीएम राइज़ स्कूल फतेहगढ़ में स्टाफ मीटिंग एवं लीडरशिप टीम गठन, 20 से अधिक समितियां गठित

सत्ता सुधार ■ गुना

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज़ फतेहगढ़ में बुधवार को स्टाफ मीटिंग एवं स्कूल लीडरशिप टीम गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य भगवत प्रसाद ओझा ने की। जिसमें कैंपस-1 के स्कूल लीडर्स पर्वत सिंह राठौड़ (एमएस) एवं सुनीता धाकड़ (पीएस) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में विभिन्न समितियों का गठन कर उनके कार्यों को स्पष्ट रूप देना था। इस क्रम में स्कूल लीडरशिप टीम के साथ-साथ अनुशासन समिति, पाठ्य सहगामी और सांस्कृतिक समिति, अभिभावक और समुदाय समिति, भवन एवं अधोसंरचना समिति, छात्र नेतृत्व समिति, परीक्षा उप समिति, प्रवेश एवं छात्रवृत्ति उप समिति, क्रय एवं अपलेखन उप




समिति, पुस्तकालय प्रबंधन समिति, छात्रावास व्यवस्था समिति, नशा मुक्ति एवं तंबाकू निषेध समिति, समावेशन समिति, आंतरिक परिवाद समिति, शिकायत निवारण समिति, पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन समिति, क्रीड़ा उप समिति तथा स्वास्थ्य और सुरक्षा उप समिति का विधिवत गठन किया गया। प्राचार्य ओझा ने सभी समिति प्रभारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी और स्पष्ट किया कि सभी कार्य प्राचार्य हैंडबुक एवं जिला शिक्षा अधिकारी के अनुमोदन अनुसार संचालित किए जाएंगे। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि समितियां अपने कार्यों का निष्पक्ष और नियमित निर्वहन करेंगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक शिक्षक, एक कक्षा अध्यापक और प्रत्येक कक्षा से एक विद्यार्थी को सम्मानित करने की योजना बनाई गई। इस चयन प्रक्रिया के लिए एक अलग समिति के गठन का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया।

---

### बमोरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, डोंगरखेड़ी में 1 किलो 250 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** जिले की थाना बमोरी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ग्राम डोंगरखेड़ी में एक व्यक्ति को 1 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी राधेलाल धाकड़ अपने मकान के पीछे वाड़े में गांजा छिपाकर रखे हुए था और उसे बेचने की फिराक में था। पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि डोंगरखेड़ी में एक व्यक्ति गांजा बेचने की तैयारी में है। उक्त सूचना पर पुलिस मौके पर रवाना हुई। ग्रामीणों की उपस्थिति में आरोपी राधेलाल को पकड़ा गया और पूछताछ के बाद उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से गुलाबी रंग की प्लास्टिक की थैली में रखा गांजा बरामद हुआ। आरोपी ने खुद स्वीकार किया कि उसने यह गांजा अपने उपयोग और बिक्री के उद्देश्य से खुद के वाड़े में उगाया और सुखाया था। उसके पास कोई वैध परमिट या लाइसेंस नहीं था। गांजे का वजन तौलकर 1 किलो 250 ग्राम पाया गया जिसकी बाजार में कीमत लगभग 25 हजार रुपए आंकी गई है।

---

## भगवान भरोसे दौड़ रही कचरा गाड़ी

**मेंटेनेंस के अभाव में बढ़ी वार्डवासियों की परेशानी, ड्राइवर का व्यवहार भी बना चिंता का कारण**

सत्ता सुधार ■ गुना

नगर पालिका गुना की लापरवाही एक बार फिर आम जनता की परेशानी का सबब बन गई है। शहर के वार्डों में कचरा उठाने के लिए भेजी जाने वाली कचरा गाड़ियां बिना किसी नियमित देखरेख और मेंटेनेंस के चल रही हैं। इसका ताजा उदाहरण वार्ड क्रमांक 9 में देखने को मिला, जहां कचरा गाड़ी अचानक रास्ते में ही खराब हो गई और ड्राइवर को घंटों मशक्कत कर जुगाड़ से उसे ठीक कर रवाना होना पड़ा।

स्थानीय रहवासियों, विशेषकर महिलाओं ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। कचरा गाड़ी अक्सर देर से आती है और कई बार तो आती ही नहीं, जिससे घरों और गलियों में कचरा जमा हो जाता है। इससे न केवल दुर्गंध फैलती है, बल्कि मच्छर और अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है।

वार्डवासियों का कहना है कि इस स्थिति को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन नगर पालिका ने कोई ध्यान नहीं दिया। सिर्फ गाड़ियों की तकनीकी हालत



ही नहीं, बल्कि गाड़ी चालक का व्यवहार भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय महिलाओं ने आरोप लगाया कि ड्राइवर बात-बात में झुंझलाता है, ठीक से संवाद नहीं करता और शिकायत करने पर जवाब तक नहीं देता। इससे नागरिकों की नाराजगी और बढ़ गई है। नगर पालिका की यह कार्यशैली साफ तौर पर दर्शाती है कि नागरिक सुविधाओं को लेकर कोई गंभीरता नहीं बरती जा रही है। जिस तरह से मेंटेनेंस के अभाव में कचरा गाड़ियां 'भगवान भरोसे' चल रही हैं, उससे साफ है कि नगर पालिका प्रशासन का ध्यान मूलभूत सुविधाओं पर नहीं है। प्रश्न यह उठता है कि जब तक ये गाड़ियां पूरी तरह खराब होकर बंद नहीं हो जाएंगी, क्या तब तक ही इन्हें ठीक कराया जाएगा? और तब तक वार्डवासी यूं ही गंदगी और बदबू के बीच रहने को मजबूर रहेंगे? नगर पालिका से अपेक्षा की जाती है कि वह इस समस्या का समाधान तत्काल करे और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने की दिशा में गंभीर कदम उठाए।

---

**श्रमदान** | **परामर्शदाताओं के साथ मिलकर दो घंटे तक तालाब की सफाई में श्रमदान किया**

# जल ही जीवन का आधारः सिंगवासा तालाब में हुआ श्रमदान कार्यक्रम

सत्ता सुधार ■ गुना

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रविवार को कलेक्टर गुना के निर्देशन में सिंगवासा तालाब पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक शुशील बरुआ ने प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने स्थानीय छात्र-छात्राओं, नवांकुर संस्थाओं और परामर्शदाताओं के साथ मिलकर दो घंटे तक तालाब की सफाई में श्रमदान किया। कार्यक्रम के दौरान सिंगवासा तालाब में विसर्जित की गई पूजन सामग्री, पॉलिथीन और अन्य कचरे को एकत्रित कर लगभग 60 कट्टों में भरा गया। यह सारा कचरा नगर पालिका गुना के कचरा वाहन की सहायता से उचित स्थान तक पहुंचाया गया। तालाब की सफाई के इस प्रयास में जनभागीदारी का शानदार उदाहरण देखने को मिला।

इस अवसर पर संभाग समन्वयक शुशील बरुआ ने कहा कि जल हमारे जीवन का मूल आधार है, इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि जल को हम बना नहीं सकते, केवल संरक्षित कर सकते हैं। अगर आज हमने जल के स्रोतों की रक्षा नहीं की तो भविष्य



की पीढ़ियों के लिए यह संकट बन जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जल के भीतर रहने वाले जीव-जंतुओं की रक्षा करना हमारा नैतिक और सामाजिक दायित्व है। कार्यक्रम के अंत में शुशील बरुआ ने सभी प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और जल की महत्ता को समझने तथा उसे बचाने की अपील की। इस श्रमदान कार्यक्रम में जिला समन्वयक मंजूषा सालोमन, विकासखंड समन्वयक अमित गोयल, संस्था से दीपक अग्रवाल, हेमराज बैरागी, देशराज यादव, राजकुमार ओझा, परामर्शदाता नगेंद्र चतुर्वेदी, दीपक शर्मा, बृजकिशोर धाकड़, रामकिशोर देवलिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से जल संरक्षण के प्रयासों को नई दिशा दी जा सकती है। यह अभियान न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रतीक भी है।

---

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित, फायरबॉल का दिखाया डेमो

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज जिला आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में फायरबॉल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वीडियो के माध्यम से इसका डेमो दिखाया गया कि यह किस प्रकार से कार्य करती है और आग बुझाने में किस तरह उपयोगी साबित होती है। फायरबॉल की विशेषता यह है कि जैसे ही यह आग के संपर्क में आती है, यह स्वतः ब्लास्ट हो जाती है और इसके अंदर मौजूद विशेष प्रकार का पाउडर आग को तुरंत बुझा देता है। बाजार में यह उपकरण 400 से 1200 रुपये की रेंज में आसानी से उपलब्ध है। बैठक में 'ऐप' की भी जानकारी दी गई, जो आम नागरिकों को आपदा की स्थिति में उपयोगी जानकारी प्रदान करता है। इसके अलावा हृष्ठरू (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) की वेबसाइट के बारे में भी बताया गया, जहां विभिन्न प्रकार की आपदाओं से संबंधित बचाव उपाय, सावधानियाँ, शॉर्ट्स वीडियो और लेखन सामग्री उपलब्ध हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन केवल एक औपचारिकता न रहे, बल्कि यह विषय स्कूल, कॉलेज और आम जनता तक गंभीरता से पहुँचाया जाना चाहिए।अगली बार जब आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित हो, तो अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए।

स्वस्थ रहने के लिए हम हर उस बात का अनुसरण करने के लिए तैयार रहते हैं, जो सेहतमंद रखने का दावा करती हैं. मगर कुछ अच्छी बातें भी हमारे स्वास्थ को नुकसान पहुंचा सकती हैं..



# मुश्किल में न डाल दें ये.... सेहतमंद आदतें

सेहत को लेकर सचेत रहना अच्छी बात है, लेकिन आपको इस बात के प्रति भी सचेत रहना चाहिए कि अपनी सेहत के लिए आप जिन आदतों को फायदेमंद मानती हैं, वे वाकई में फायदेमंद हैं या नहीं. क्योंकि ऐसा कई बार देखने में आया है कि हम अपने मन में सेहत, खाने-पीने की आदतों, साफ-सफाई को लेकर काफी सतर्कता बरतते हैं, लेकिन इस बात से बेपरवाह रहते हैं कि हमारी ये आदतें सेहत के लिए फायदेमंद न होकर नुकसानदेह साबित हो सकती हैं. हम आपको बता रहे हैं कि वे सेहतमंद आदतें कौन सी हैं, जो आपके लिए घाटे का सौदा साबित हो सकती हैं.

## हर बार खाने के बाद ब्रश करना

कई लोगों को लगता है कि हर बार खाना खाने के बाद ब्रश करना आपके दांतों को कीटाणु-मुक्त और दांतों को मोतियों-सा दमकता हुआ बनाये रखने में मददगार होता है. लेकिन हकीकत यह है कि यह आपके दांतों पर से सुरक्षाकारी एनामेल को घिस सकता है और इससे आपको दांतों में सेंसिटिविटी की समस्या पैदा हो सकती है. इसलिए अपनी मां की हर दिन दो बार ब्रश करने की सलाह को याद कीजिए. आपके लिए वही फायदेमंद है. खाना खाने के बाद हर बार ब्रश करने की बजाय अच्छी तरह से कुल्ला करना आपके लिए ज्यादा उपयोगी है.

## ठीक नहीं हैंड सैनिटाइजर का बार-बार इस्तेमाल

क्या आप बाहर निकलने के बाद कुछ भी छूने, किसी चीज को पकड़ने के बाद बार-बार अपने हाथों में सैनिटाइजर मलती हैं? तो आप सतर्क हो जाइए. यह आदत आपको नुकसान पहुंचा सकती है. यह सही है कि हैंड सैनिटाइजर हाथों को साफ करने का सुविधाजनक तरीका है, लेकिन इस बात का ख्याल रखना भी जरूरी है कि इसका समझदारी से उपयोग किया जाये. अमेरिका में किये गये एक शोध के मुताबिक ज्यादातर सैनिटाइजर में ट्राइक्लोसान नामक एक केमिकल होता है, जिसे हाथ की त्वचा तुरंत सोख लेती है. अगर यह रक्त संचार में शामिल हो जाये, तो यह मांसपेशी को-ऑर्डिनेशन के लिए जरूरी सेल-कम्युनिकेशन को बाधित करता है. इसका लंबे समय तक ज्यादा इस्तेमाल त्वचा को सूखा बनाने, बांझपन और हृदय के रोग को न्योता दे सकता है. इसलिए अगर आपको हाथ धोने की जरूरत महसूस हो रही है, तो इंतजार कीजिए और मौका मिलते ही साबुन और पानी से ही अपने हाथों को धोइए.

## क्या आप अपने कॉस्मेटिक्स को बार-बार बदलती हैं?

अगर आप विज्ञापनों के प्रभाव में अपने कॉस्मेटिक्स को बार-बार बदलती हैं, तो इस आदत को बदल दीजिए. त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि इनसानी त्वचा का पीएच स्तर 5.5 होता है. अलग-अलग कंपनियों के कॉस्मेटिक्स के पीएच मान अलग-अलग होते हैं. जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील होती है, उनके लिए अलग-अलग पीएच मानकों के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नकुसानदेह साबित हो सकता है. इससे आपकी त्वचा लाल पड़ सकती है. इसमें जलन या चकत्ते आने की शिकायत आ सकती है. इसलिए सिर्फ भरोसेमंद ब्रांड्स के कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल करें और इस्तेमाल से पहले सबके पीएच मानकों को जरूर पढ़ लें.

## हर बार बोतल बंद पानी नहीं

कई लोगों को लगता है कि बोतलबंद पानी आपको रोगों से दूर रखने में मददगार होता है. लेकिन ध्यान रखिए. बोतलबंद पानी प्रोसेस्ड पानी होता है, जिसमें खनिज तत्व मौजूद नहीं रहते हैं. लंबे समय तक इसका इस्तेमाल करने से आपके शरीर में मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटैशियम, सिलिका, सल्फेट जैसे खनिजों की कमी हो सकती है. यह आपके लिए नुकसानदायक है, क्योंकि ये खनिज आपके शरीर में कई काम करते हैं. ये तत्व आपको ऊर्जा मुहैया कराने के साथ-साथ कोशिका और मांसपेशियों की मरम्मत भी करते हैं.

## फ्लिप फ्लॉप और पांव

क्या आपको लगता है कि हील वाली चप्पल आपके पांवों को नुकसान पहुंचाती हैं, इसलिए आपको चपटे सोल वाली चप्पल का इस्तेमाल करना चाहिए? लेकिन यह ख्याल आपके लिए वास्तव में नुकसानदायक साबित हो सकता है. क्योंकि आर्क नहीं होने के कारण फ्लिप फ्लॉप (चपटे सोल वाली चप्पल) आपके पांवों को कोई सपोर्ट नहीं दे पातीं. चलते वक्त चपटे स्लिपर को कंट्रोल करने के लिए अंगूठों को लगातार चप्पल पर ग्रिप बनाना पड़ता है, ताकि वह पांव से फिसल न जाये. इससे पांवों का नैचुरल लिफ्ट ऑफ और पांव रखना गड़बड़ा जाता है. इससे पांवों के तलवे में दिक्कत आ सकती है. अगर आपको अपने पांवों का ख्याल है, तो कोशिश रहे कि आप फ्लिप फ्लॉप कम ही पहनें.

# खुशबू से महके आपका घर

- अगर आप चाहती हैं कि आपका कमरा बेहतरीन खुशबू से महके तो उसमें तेज महकने वाली खुशबूदार अगरबत्तियां जला दें.
- हल्की खुशबू के लिए कमरे में इत्र वाली मोमबत्तियां जलायी जा सकती हैं. ये मोमबत्तियां बाजार में कई अलग-अलग खुशबुओं में उपलब्ध हैं.
- अगर आपके घर पर पानी की केतली है, तो उसमें कुछ मसाले जैसे-लौंग, इलायची या फिर दालचीनी उबालें. इससे पूरे घर में खुशबूदार मसालों की अच्छी सुगंध भर जायेगी.
- कपूर और समब्रानी भी तेज खुशबू के लिए जाने जाते हैं. इनकी महक न केवल पूरे घर को महका देगी, बल्कि घर के कीड़े-मकौड़े को भी मार देगी.
- एक बूंद यूकेलिप्टस ऑयल को खौलते हुए पानी में डाल देने से भी घर के जितने भी कीटाणु हैं, वे मर जायेंगे और कमरे की हवा भी शुद्ध हो जायेगी.
- आप चाहें तो अपने कमरे के गुलदस्ते में तेज खुशबू वाले फूल भी सजा सकती हैं. इन फूलों की खुशबू पूरे दिन आपके कमरे को महकाती रहेगी.
- गरमी के मौसम में पूरे घर को महकाने का एक आसान उपाय कूलर में इत्र का छिड़काव करना भी है. कूलर के पानी में इत्र छिड़कने से इसकी हवा के साथ खुशबू भी पूरे घर में फैल जाती है.





# फाउंडेशन का बेस, चमकाए फेस

मेकअप बेस के तौर पर फाउंडेशन का इस्तेमाल किया जाता है। इससे चेहरे पर आए कील-मुंहासे, झांइयां तथा दाग-धब्बे छिप जाते हैं। पर इसका सही इफेक्ट तभी आता है, जब यह सही तरीके से लगाया जाए। आइए समझते हैं फाउंडेशन की एबीसीडी।

मेकअप बेस के रूप में फाउंडेशन का इस्तेमाल किया जाता है। इससे चेहरे की त्वचा चिकनी और समतल बनती है तथा मेकअप को अधिक देर तक रखने के लिए भी फाउंडेशन का इस्तेमाल किया जाता है। यह मेकअप का आधार होने के साथ-साथ त्वचा की रक्षा भी करता है और इसके इस्तेमाल से कील-मुंहासे, झांइयां तथा दाग-धब्बे छिप जाते हैं। फाउंडेशन लगाने का सही तरीका फाउंडेशन लगाने से पहले चेहरे और गर्दन की त्वचा को क्लींजिंग क्रीम या लोशन से साफ करें। उसके बाद रुई की मदद से चेहरे और गर्दन पर फाउंडेशन लगाना चाहिए। या फिर अपने चेहरे के विभिन्न हिस्सों पर फाउंडेशन को डॉट्स की तरह लगाएं। फिर अपनी अंगुलियों या गीले स्पंज से चेहरे पर अंदर से बाहर की ओर हल्के से मसाज करते हुए फाउंडेशन को मिलाएं। तैलीय त्वचा पर फाउंडेशन लगाने से पहले रुई से एस्ट्रिंजेंट लोशन लगाएं। और फिर कुछ देर बाद फाउंडेशन लगाएं। एस्ट्रिजेंट लोशन से त्वचा की चिकनाई दूर होती है। इसी तरह ड्राई स्किन पर फाउंडेशन लगाने से पहले ग्लिसरीन या मॉइश्चराइजर पूरे चेहरे पर लगाना चाहिए। सामान्य त्वचा के लिए कोई भी फाउंडेशन चल सकता है, मगर ऑयली त्वचा के लिए वॉटर बेस्ड और शुष्क त्वचा के लिए मॉइश्चराइजर फाउंडेशन अच्छा होता है। आपकी स्किन ड्राई है, तो फाउंडेशन में दो-तीन बूंद पानी मिलाकर चेहर पर लगाएं। चेहरे पर फाउंडेशन अधिक न लगाकर उचित मात्रा में ही लगाएं। फाउंडेशन लगाने के बाद टिश्यू पेपर से उसे इकसार कर लें और थोड़ी देर सूखने दें। उसके बाद उस पर फेस पाउडर लगाएं। रात और दिन के हिसाब से फाउंडेशन का चयन करना उचित होता है। इसमें गोल्ड फाउंडेशन नाइट पार्टी के लिए सही होता है। फाउंडेशन का मतलब सिर्फ त्वचा के रंग को बदलना ही नहीं होता, बल्कि त्वचा के निकटतम रंग से मैच करना होता है। इसलिए फाउंडेशन का चुनाव अपने चेहरे के रंग के अनुसार ही करें। इनका चुनाव आप अपनी स्किन को ध्यान में रखकर कर सकती हैं। बाजार में फाउंडेशन कई रूपों में उपलब्ध हैं, जैसे लिक्विड, क्रीम, स्टिक, पाउडर फॉर्म में। यदि कोई दुविधा हो, तो ब्यूटी एक्सपर्ट से पूछने में जरा भी न हिचकें।

# क्यों जरूरी है पैरेंट्स मीटिंग




**ऐसे कई अभिभावक हैं जिन्हें लगता है कि उनके बच्चे तो स्कूल में बहुत अच्छा कर रहे हैं फिर उन्हें पैरेंट्स मीटिंग में जाने की क्या जरूरत, लेकिन सच्चाई स्कूल जाकर टीचर से मिलने पर ही पता चलती है. इसलिए आपको भी अपने बच्चे की प्रोग्रेस जानने के लिए उनके स्कूल में पेरैंट्स मीटिंग में जाना चाहिए.**

रितेश के स्कूल से जब भी पैरेंट्स मीटिंग का नोटिस आता है, शोभा का मूड खराब हो जाता है. उसे लगता है कि पैरेंट्स मीटिंग केवल उसके वीकेंड को खराब करने के लिए ही होती है. शोभा की तरह ऐसे कई अभिभावक हैं जिन्हें लगता है कि उनके बच्चे तो स्कूल में बहुत अच्छा कर रहे हैं फिर उन्हें पैरेंट्स मीटिंग में जाने की क्या जरूरत, लेकिन सच्चाई स्कूल जाकर टीचर से मिलने पर ही पता चलती है. इसलिए आपको भी अपने बच्चे की प्रोग्रेस जानने के लिए उनके स्कूल में पेरैंट्स मीटिंग में जाना चाहिए. यह मीटिंग आपको बच्चे से जुड़ी कई अहम बातें जानने का मौका देती है.

- बच्चे के रिपोर्ट कार्ड पर लाल निशान न होना इस बात का सबूत नहीं है कि आपका बच्च पढ़ाई में अव्वल है और उसे आपके ध्यान की बिल्कुल जरूरत नहीं है. अगर आपका बच्चा क्लास में अच्छा परफार्म कर रहा है तो भी आपको उसके टीचर से जरूर बात करनी चाहिए कि वह अपने काम में और सुधार कैसे ला सकता है. जाहिर है आपको यह जानने का मौका पैरेंट्स मीटिंग के जरिये ही मिल सकता है.
- अगर बच्चा अच्छा परफार्म नहीं कर रहा होता है तो कई पैरेंट्स मीटिंग में इसलिए नहीं जाते कि उन्हें शर्मिंदगी ङोलनी पड़ेगी. इस तरह के विचार आपके बच्चे पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं. अगर स्कूल से बच्चे की कोई शिकायत आती है, तो उसे दूर करने का रास्ता जानने के लिए पैरेंट्स मीटिंग में जरूर शामिल हों.
- बच्चे स्कूल में क्या गतिविधियां करते हैं, यह बात हर मां-बाप को पता होनी चाहिए. हो सकता है कि आपका बच्चा अपने टेस्ट पेपर पर आपके ही साइन कर लेता हो. बच्चों की इस तरह की गलतियों को जानने के लिए पैरेंट्स मीटिंग में टीचर से मिलना न भूलें.
- क्या बच्चा क्लास में दूसरे बच्चों और टीचर से घुल-मिल कर बात करता है या फिर वह चुप-चुप किसी कोने में बैठा रहता है. इन सब जरूरी सवालों के जवाब आपको इसी पेरैंट्स मीटिंग में मिलेंगे.
- इसके अलावा अगर आपको टीचर से कोई शिकायत है, तो भी आप उसे पैरेंट्स मीटिंग में सुलझा सकती हैं. अगर टीचर आपके बच्चे पर ठीक से ध्यान न देती हो या फिर कॉपी ठीक से चेक न करती हो तो पैरेंट्स मीटिंग में इस बारे में टीचर से बात कर सकती हैं.
- पैरेंट्स मीटिंग में आपकी अपने बच्चे के दोस्तों के पैरेंट्स से भी मुलाकात हो जाती है. इससे आप उन पैरेंट्स से पैरेंटिंग के कुछ अनमोल सुझाव ले सकती हैं.
- टाइम न होने का बहाना बनाना आज से ही छोड़ दें. इससे आप न केवल खुद को धोखा दे रही हैं, बल्कि अपने बच्चे के भविष्य से भी खिलवाड़ कर रही हैं. आपके पास समय न हो तो आप बच्चे के पापा से समय निकाल कर पैरेंट्स मीटिंग में शामिल होने के लिए कह सकतीं.



# मुझे अपने लिए गाना है, प्रियंका और दीपिका को देना चाहती हैं आवाज

छोटे पर्दे के चर्चित म्यूजिक रिएलिटी शो इंडियल आइडल के 15वें सीजन की ट्रॉफी सुरीली आवाज की धनी सिंगर मानसी घोष ने अपने नाम कर ली। इंडियन आइडल 15 से पहले एक और म्यूजिक रिएलिटी शो सुपर सिंगर के तीसरे सीजन की रनर-अप रहीं मानसी शुरू से ही शो की पसंदीदा प्रतिभागियों में से थीं। मानसी घोष ने बहुत कम उम्र में ही संगीत की साधना शुरू कर दी थी। अपने संगीत प्रेम के बारे में उन्होंने बताया, जैसा कि पारंपरिक बंगाली परिवारों में होता है, मैं बहुत छोटी थी, तब से गाना सीखना शुरू किया। मेरी मम्मी को गाने का बहुत शौक था। वो चाहती थीं कि मैं सिंगर बनूं, तो मैंने 4 साल की उम्र में गाना शुरू कर दिया था। फिर, बड़ी होते हुए मुझे समझ में आ गया था कि मुझे सिंगर ही बनना है।

दूसरा सिंगिंग रिएलिटी शो करने की वजह? सुपर सिंगर की रनर-अप बनने के बावजूद फिर रिएलिटी शो में भागीदारी की वजह पूछने पर मानसी बताती हैं, सुपर सिंगर एक बंगाली शो था, जबकि मैं नैशनल टीवी पर आना चाहती थी, इसलिए मैंने इंडियन आइडल का ऑडिशन दिया। वहीं, शो में अपने सफर के बारे में उनका कहना है, यह बहुत मजेदार और जादुई सफर था। मैंने सोचा नहीं था कि मैं शो जीतूंगी। पहले दिन से मेरी सोच ये थी कि इतनी मेहनत करूं कि फाइनलिस्ट बन जाऊं। मैं गाने पर ध्यान देना चाहती थी और वही किया, जिसके लिए मुझे बहुत प्यार मिला। शो जीतना तो सोने पर सुहागा था।

### इंडिपेंडेंट म्यूजिक में बनाना है करियर

वहीं, आगे के प्लान्स के बारे में मानसी बताती हैं, मुझे आगे लाइव शोज करने हैं। गाने बनाने हैं। मुझे कंपोज करने का भी शौक है, तो मुझे इंडिविजुअल म्यूजिक में काम करना है। हालांकि, मैं प्लेबैक के लिए भी कोशिश करूंगी। मगर अभी सारे ट्रेंडिंग गाने इंडिपेंडेंट आर्टिस्ट के ही हैं। अभी इंडिपेंडेंट म्यूजिक का दौर चल रहा है और मैं वही करना चाहती हूं। अपनी प्राइज मनी का इस्तेमाल भी उसी के लिए करना है।

### इन दो एक्ट्रेसेस के लिए चाहती हैं गाना

मानसी किसी एक्ट्रेस के लिए गाना चाहेंगी? यह पूछने पर वह कहती हैं, मुझे खुद के लिए गाना है। मैं खुद के लिए गाती हूं। अपनी ऑडियंस के लिए गाती हूं। बाकी, एक्ट्रेसेस में मुझे प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण पसंद हैं तो यही दो नाम सबसे पहले आते हैं।



# कृष 4 से बॉलीवुड में दमदार वापसी करने जा रहीं प्रियंका

कृष फेंचाइजी को लेकर हाल ही में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। खबर है कि इस बार प्रियंका चोपड़ा जोनस भी इस फिल्म के जरिए फेंचाइजी में वापसी करने वाली हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा ने कृष 4 में लीड एक्ट्रेस का रोल साइन कर लिया है। बताया जा रहा है कि प्रियंका, ऋतिक की इस फिल्म के विजन से इतनी प्रभावित हुई कि उन्होंने तुरंत हामी भर दी। वह ऋतिक के डायरेक्शन में काम करने को लेकर भी काफी उत्साहित हैं। फैंस भी इस खबर से खुश हैं, क्योंकि कृष और कृष 3 में प्रियंका और ऋतिक की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

### जादू की भी होगी एंट्री

फिल्म में एक और खास किरदार की वापसी की खबर है। कहा जा रहा है कि इस फेंचाइजी का प्यारा एलियन जादू भी कृष 4 में नजर आएगा। जादू का किरदार हमेशा से फैंस का फेवरेट रहा है और अब उसकी वापसी की खबर ने उत्साह को दोगुना कर दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार जादू की क्या भूमिका होगी।

### राकेश रोशन कर चुके हैं एलान

28 मार्च को फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन ने एक खास पोस्ट के जरिए जानकारी दी थी कि अब कृष 4 का निर्देशन उनके बेटे ऋतिक रोशन करेंगे। राकेश रोशन ने लिखा था, डुग्गू, 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक एक्टर के तौर पर लॉन्च किया था। आज 25 साल बाद मैं और आदित्य चोपड़ा तुम्हें डायरेक्टर के तौर पर लॉन्च कर रहे हैं। यह हमारी सबसे खास फिल्म कृष 4 होगी। इस रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कृष 4 की शूटिंग 2026 की शुरुआत में शुरू होगी।

### साउथ की फिल्म में भी दिखेंगी प्रियंका

कृष 4 के अलावा प्रियंका एक और बड़ी भारतीय फिल्म में नजर आएंगी। वह एसएस राजामौली की पैन-इंडिया फिल्म में काम कर रही हैं, जिसका शुरुआती नाम एसएसएमबी 29 है। इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू लीड रोल में हैं। हाल ही में फिल्म की टीम ओडिशा में शूटिंग के दौरान देखी गई थी।



# तेजस्वी के साथ शादी की खबरों पर नाराज हुए करण

टीवी एक्टर करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों के फैंस को इनकी शादी का इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि जल्द ही एक रियलिटी शो में दोनों सगाई कर सकते हैं। लेकिन, इस तरह की अफवाहों पर हाल ही में करण कुंद्रा ने नाराजगी जताई है। उन्होंने बाकायदा सोशल मीडिया पोस्ट शेयर किया है। करण कुंद्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लिखा है, नए जमाने के प्यारे टैबलॉयड। मैं अपनी शादी की खबरें पढ़-पढ़कर परेशान हो गया हूं। मैं क्योंकि दुबई में हूं तो अपनी सगाई का एलान शो पर करूंगा। आपमें से कई सारे लोग मुझसे और मेरे एजेंट से एक कॉल दूर हैं। आप कॉल करके कंफर्म क्यों नहीं कर लेते? अभी थोड़ा ज्यादा हो रहा है। करण ने आगे लिखा है, मेरी शादी, सगाई, रोका, बच्चा, ब्रेकअप, मिडलाइफ क्राइसिस मैं खुद एनाउंस कर लूं प्लीज। मेरी तरफ से आप सभी को बहुत प्यार और शुभकामनाएं।



# न्यासा का एक्टिंग में फिलहाल कोई इंटरेस्ट नहीं है

बॉलीवुड के पावर कपल कहे जाने वाले काजोल और अजय देवगन की बेटी न्यासा देवगन अक्सर चर्चा में रहती हैं। कभी किसी फैशन इवेंट में शिरकत करती हैं, तो कभी किसी स्टार किड पार्टी में अपने दोस्तों के साथ मस्ती करती दिख जाती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल होती हैं और हर बार एक सवाल फिर से उठता है - क्या न्यासा फिल्मों में आने वाली हैं? लेकिन हाल ही में एक इवेंट में जब काजोल से ये सवाल सामने आया, तो उन्होंने बहुत ही साफ और बिना घुमाए जवाब दिया - नहीं। उसने खुद तय कर लिया है कि फिलहाल उसका फिल्मों में आने का कोई इरादा नहीं काजोल हाल ही में एक इवेंट में गेस्ट बनकर पहुंची थीं। बातचीत के दौरान जब उनसे बेटी न्यासा के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर सवाल किया गया, तो काजोल मुस्कुराते हुए बोलीं, बिलकुल नहीं... नो। वो 22 साल की हो गई है, होने वाली है अभी। मुझे लगता है कि उसने अपना मन बना लिया है कि नहीं आने वाली है अभी। इवेंट में काजोल से पूछा गया कि अगर कोई नया लड़का या लड़की फिल्म लाइन में आना चाहता है, तो वो उसे क्या सलाह देंगी? इस पर काजोल ने कहा, सबसे पहली बात, हर किसी से सलाह मत लो। क्योंकि अगर तुम पूछोगे कि क्या करना चाहिए, तो सौ लोग खड़े हो जाएंगे और कहेंगे - नाक बदलो, हाथ बदलो, बालों का रंग बदलो, ये करो, वो करो और वैसे ही इंसान कन्फ्यूज हो जाता है।

### अगली फिल्म में 'मां' के रोल में नजर आएंगी काजोल

काजोल की अगली फिल्म का नाम है मां, जो एक माइथोलॉजिकल हॉरर ड्रामा है। इस फिल्म को विशाल फुरिया डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक मार्च में सामने आया था, जिसमें काजोल एक मजबूत मां के रोल में दिखीं, जो किसी भी हद तक जाकर अपनी बेटी की हिफाजत करती है। इस फिल्म में उनके साथ नजर आएंगे रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्ता और खेरिन शर्मा। मां 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# इमरान हाशमी ने नेपोटिज्म पर की खुलकर बात



बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने अपनी कजिन आलिया भट्ट की जमकर तारीफ की है। हाल ही में रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट द रणवीर शो में इमरान से आलिया की कामयाबी और नेपोटिज्म को लेकर सवाल किए गए। इमरान ने इस पर खुलकर जवाब देते हुए कहा कि आलिया ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यह भी कहा कि पुरानी पीढ़ी नई पीढ़ी के लिए रास्ता आसान करती है, लेकिन आलिया का स्टारडम उनकी अपनी मेहनत का नतीजा है। रणवीर ने जब इमरान से पूछा कि क्या महेश भट्ट के लंबे करियर का आलिया को फायदा मिला? इस पर जवाब देते हुए इमरान ने बेहद साफगोई से जवाब देते हुए कहा, हर पीढ़ी अपने बच्चों के लिए एक सीढ़ी की तरह काम करती है। मेरे पिता या दादा-दादी से मुझे जो सीख मिली, उसने मुझे इंडस्ट्री को समझने में मदद की। ठीक वैसे ही, महेश भट्ट ने आलिया को सलाह और अनुभव जरूर दिए होंगे। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि आलिया की कामयाबी सिर्फ इस वजह से है। इमरान ने साफ किया कि फिल्म इंडस्ट्री में बिना बैकग्राउंड वाले लोग भी सुपरस्टार बने हैं, लेकिन जिन्हें मार्गदर्शन मिलता है, उनके लिए रास्ता थोड़ा आसान हो जाता है।

### आलिया की मेहनत की जमकर की तारीफ

इमरान ने आलिया की तारीफ करते हुए कहा, आलिया अपने दम पर स्टार बनी हैं। उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, वह उनकी मेहनत और प्रतिभा का नतीजा है। एक्टिंग का सफर बहुत अकेला होता है। आपको खुद कैमरे के सामने जाकर परफॉर्म करना पड़ता है। इसमें कोई और आपकी मदद नहीं कर सकता। इमरान ने यह भी कहा कि आलिया बेहद मेहनती हैं और अपनी हर भूमिका में जान डाल देती हैं।



इमरान ने इस बातचीत के दौरान एक पुराना किस्सा भी साझा किया जो आलिया के संघर्ष को बयां करता है। उन्होंने कहा, जब आलिया को अपना पहला शॉट देना था तो वह बहुत घबराई हुई थीं। वह ऑफिस आईं और मुझसे सलाह मांगने लगीं। अगले दिन उनका पहला शॉट था, इसलिए वह काफी नर्वस थीं। लेकिन सच कहूं तो उन्हें मेरी सलाह की जरूरत नहीं थी। वह खुद में एक शानदार एक्टर हैं।

### इमरान की कजिन हैं आलिया

क्या आप जानते हैं कि इमरान और आलिया कजिन्स हैं? इमरान की दादी मेहरबानो मोहम्मद अली (जिन्हें पूर्णिमा दास वर्मा के नाम से जाना जाता था) और महेश भट्ट की मां शिरीन मोहम्मद अली बहनें थीं। यानी आलिया, जो महेश भट्ट की बेटी हैं, इमरान की कजिन हैं।



# राज को तो उनकी मां ने पत्नी की इज्जत करना सिखाया है

एक्ट्रेस पत्रलेखा ने पहली ही फिल्म सिटी लाइट्स से खुद को अच्छी अदाकारा साबित कर दिया था, मगर उन्हें दमदार रोल अब जाकर सीरीज आईसी 814 द कांधार हाइजैक और फुले जैसी फिल्म में मिल रहे हैं। फुले में महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की भूमिका निभा रहीं पत्रलेखा से हमने कई पहलुओं पर खास बातचीत की -

**सावित्री बाई फुले भारत में लैंगिक समानता और फेमिनिस्ट आंदोलन की अग्रणी रही हैं। क्या आपने लड़की होने के कारण गैर बराबरी झेली है?**

बिल्कुल झेली है। मैंने बचपन से इन चीजों का सामना किया है और ये असमानता अब भी हमारे समाज में है, पर मेरा मानना है कि एक स्ट्रॉन्ग मां ही इसमें बदलाव ला सकती है। वो ही अपने बेटे को समझा सकती है कि लड़की-लड़का सब एक है। यह आपके घर से शुरू होगा, जो मैंने अपने घर में देखा है। मेरे पैरंट्स की शुरू से यह सोच रही कि जो मुझे और मेरी बहन को दिया जाएगा, वही मेरे भाई को दिया जाएगा। चाहे वो पढ़ाई हो या दुर्गापूजा के कपड़े हों या खाना, हमारे घर में हर चीज में बराबरी थी, लेकिन बाहर लड़की होने की वजह से मैंने ईव-टीजिंग वगैरह काफी सही हैं।

**कभी इस गैर बराबरी के खिलाफ आवाज उठाई?**

बहुत वक्त के बाद। यह आवाज उठाना मुझे राज एक्टर पति राजकुमार राव ने छह-सात साल पहले सिखाया था। वरना, पहले जब ईव टीजिंग होती थी, जो हमारे साथ होती ही रहती है कि कोई भी रास्ते पर कुछ बोलकर, करके चला जाता है, तब मुझे बहुत बुरा लगता था, गुस्सा आता है, मगर मैं कुछ नहीं बोलती नहीं थी। मैं चुपचाप अपना सिर नीचे करके चली जाती थी। मुझे याद है, कॉलेज के वक्त हम बस से किसी ट्रिप पर जा रहे थे। जब मैं बस से उतरी तो किसी ने मुझे पीछे से पीठ के नीचे छुआ, तो मुझे इतना गंदा लगा कि मैं रात भर रोती रही कि मेरे साथ ऐसा क्यों किया, मेरी क्या गलती थी? मगर ये आपकी बात तो है ही नहीं, ये बात समझने में मुझे बहुत वक्त लग गया।। यह राज ने मुझे सिखाया कि कोई अगर तुम्हें बुरी नजर से देख रहा है, कुछ कह रहा है या तुम्हें असहज महसूस करा रहा है तो तुम बोलो ना कि क्या देख रहे हो? उसे पलटकर जवाब दो। तब मुझे लगा कि हां यार, मैं क्या गलत कर रही हूं, मैं क्यों सिर झुकाकर निकलूं?

**आपका और आपके पति राजकुमार राव का रिश्ता भी बराबरी की पार्टनरशिप की मिसाल माना जाता है। राज का खुद को पत्रलेखा का बॉयफ्रेंड कहना या शादी के समय आप दोनों का एक-दूसरे को सिंदूर लगाना ! इसके पीछे क्या सोच रहती है?**

राज (राजकुमार राव) या मैं ऐसा कुछ सोचकर नहीं करते। राज की परवरिश ही ऐसी हुई है। ये खूबियां उनकी मम्मी ने उनमें डाली हैं। जैसा कि मैंने कहा ये सब चीजें घर से ही शुरू होती हैं। राज की मां बहुत स्ट्रॉन्ग थीं। उन्होंने उसे सिखाया कि आपको अपनी पत्नी को इज्जत देनी ही है। आपके घर की सब औरतें आपके बराबर हैं। ये चीजें उनको बचपन से सिखाई गई हैं तो वह नैचरली ऐसे हैं। वह ऐसा कुछ दिखाने या साबित करने के लिए नहीं करते। हम दोनों ऐसे ही हैं। यह हमारी पर्सनैलिटी है।

**आपने 2014 में पहली फिल्म सिटी लाइट्स में अपनी एक्टिंग के लिए वाहवाही पाई, मगर उसके बाद वैसा दमदार रोल अब जाकर आईसी 814 द कांधार हाइजैक और फुले में मिल पाया। आपके हिसाब से कहां गलती हुई?**

गलती मेरी तरफ से नहीं हुई यार। यह इंडस्ट्री पर है। मैं अपना काम बहुत शिद्दत से करती हूं। अगर आपको मेरा काम या शायद मेरा चेहरा पसंद नहीं है तो उसके लिए मैं खुद को दोष नहीं दूंगी कि मुझे वो रोल क्यों नहीं मिले। शायद वो मेरे नसीब में नहीं था। यहां कोई वजह तो बताता नहीं है। सब बोलते थे कि अरे, वेरी गुड वेरी गुड पर उसके आगे क्या? मैं बस इतना जानती हूं कि मुझे जो काम मिलेगा, वो मैं शिद्दत से करूंगी। उसमें मैं अपना 100 पर्सेंट दूंगी।

**फिल्म टोस्टर से आप निर्माता भी बन गई हैं। यह ख्याल कैसे आया और कैसा अनुभव रहा?**

मैं चार-पांच साल से सोच रही थी कि मुझे निर्माता बनना है। हम उस दिशा में काम कर रहे थे, पर ऐसी चीजें रातोंरात नहीं होतीं। पिछले साल हमने यह फिल्म ओटीटी के लिए पिच की, उन्हें पसंद आ गई। राज को रोल पसंद आ गया, तो काम शुरू हो गया, पर यह एक्टिंग से बहुत अलग काम है। इसमें बहुत दिमाग और वक्त लगता है और यह सिर्फ पैसे की बात नहीं है। शूट से पहले की प्लानिंग, सेट पर सबकुछ कैसे होगा, यह सब मैनेज करना बहुत ही मुश्किल काम है। हालांकि, एक शानदार क्रिएटिव जर्नी भी होती है। डीओपी, डायरेक्टर के साथ जो फैसले आप लेते हैं, वो सब बहुत मजेदार प्रॉसेस है, लेकिन मुश्किल भी उतना ही है।

**सावित्री बाई फुले का किरदार निभाना कितना बड़ी जिम्मेदारी थी? आप समाज सुधार के लिए क्या काम करना चाहेंगी?**

ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले ने समाज के लिए जितना किया है, हम आज के समय में वैसा करने की सोच भी नहीं सकते। उनकी जिंदगी का एक ही मकसद था, समाज में सुधार लाना। वो चाहे लड़कियों की शिक्षा को, बाल विवाह रोकना हो, छोटी जाति वालों को समाज में जगह दिलाना हो, वे बस समाज की बेहतरी के लिए काम करते रहे। क्या मैं आज वो कर सकती हूं? क्या अपने अलावा औरों के बारे में सोच सकती हूं, नहीं, क्योंकि आज हम सिर्फ खुद को आगे बढ़ाने के बारे में ही सोचते रहते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### ग्राम पंचायत लखेरी बसारती में घटिया निर्माण कार्यों की शिकायत

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत लखेरी बसारती में सरपंच सारस सिंह गिल द्वारा गुणवत्ता गुणवत्ता इन घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं,जिसकी ग्रामीण पवनदीप पुत्र राजेन्द्र सिंह द्वारा जिला पंचायत सीईओ से शिकायत की गई है। शिकायत कर्ता पवन दीप ने बताया सरपंच द्वारा मनरेगा के तहत स्वीकृत स्टाप डेम में फर्जी बड़ा किया गया है।जिसमें सरिया नहीं डाला गया है, डस्ट से बना दिया गया है। निर्माण कार्य की नींव नहीं खोदी गई, ऐसा ही सफाई करके बना दिया गया है। कार्य में लम्बाई एवं चौड़ाई स्टीमेट के हिसाब से नहीं है। कार्य में मिट्टी मिली रेत लगाई गई है। जिससे कार्य इस बरसात में ढह जाएगा। कार्य में अगल बगल की साइडें मात्र एक फीट की बनाई गई हैं। जिससे डेम की पकड़ भी नहीं है। उन्होंने बताया कि ग्राम लखेरी बसारती में पूर्व में विधायक निधि से सी.सी सड़क का निर्माण किया गया था। पूर्व से बनी हुई सड़क को पुन~ निर्माण किया जा रहा है,जो कि पहले से ही सही है,पुरानी सड़क पर ही 1.5 इंच की सड़क डाल दी, जिसकी कोई जरूरत नहीं थी। उन्होंने विधायक निधि द्वारा ग्राम लखेरी बसारती में बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण करवाने की मांग की है।

### पनीर फैक्ट्री प्रबंधन की मनमानियों के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालगुरु के. के नाम संबोधित एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर आनंद राजावत को सौंपा । सीहोर के समीपस्थ पिपलिया मीरा गांव स्थित जय श्री गायत्री फूड प्रॉडक्ट्स प्रालि और मिल्क मैजिक पनीर फैक्ट्री प्रबंधन शुरू से ही अपनी विवादित कार्यशैली के लिए जाना जाता रहा है और इसके द्वारा अपने जहरीले दुग्ध उत्पादों में पॉम ऑयल, जहरीले केमिकल और पशु चर्बी मिलाने की खबरें निरंतर मीडिया की सुर्खियां बनती रही हैं तथा इसके द्वारा अपना जहरीला पानी खुले में छोड़कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ ही गलत तरीके से बैंक लोन लेने सहित कई अन्य प्रकार की पर्यावरणीय तथा आर्थिक अनियमितताएं करने के मामले भी कई बार सामने आ चुके हैं । पंकज शर्मा ने आगे कहा कि इसके अलावा उसका विरोध करने वालों को वो उनकी चरित्र हत्या करके, कार्ननी नोटिस थमाकर, डरा-धमकाकर या शारीरिक क्षति पहुंचाकर अपने रास्ते से हटा देता है, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान सिंह राजपूत और वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र जैन के मामले में भी उसके द्वारा कई प्रकार की अनैतिक चालें चलकर उनको बर्बाद करने का प्रयास किया गया लेकिन उन पर उसकी ये चालें काम नहीं आई ।

# हनुमान यात्रा पर पत्थर मारने वालों पर हो बुलडोजर कार्रवाही | विश्व हिन्दं परिषद बजरंग दल ने दिया सीएम के नाम का ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ सीहोर

विश्व हिन्दं परिषद बजरंग दल ने गुना के कर्नल गंज में स्थित मदीना मस्जिद से लोगों के द्वारा हनुमान जयंती यात्रा पर योजना पूर्व पत्थर बरसाने की घटना की कड़ी निंदा की है। आसामाजिक तत्व पर बुलडोजर कार्रवाही और गिरफतारी सहित पीएफआई कनेक्शन की जांच की मांग को लेकर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाहा को दिया। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने कहा कि 12 अप्रैल को गुना के कर्नल गंज में स्थित मदीना मस्जिद से श्री हनुमान जन्मउत्सव यात्रा पर भीड़ ने हमला किया था।

यह हमला सुनियोजित था। हमले के दौरान आमजन द्वारा मोबाइल से बनाए गए वीडियो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मस्जिद में पहले से ही लोग जमा थे। ज्ञापन देते समय प्रांत गोरक्षा उपाध्यक्ष अजीत शुक्ला जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा कथा वाचक पंडित मोहित राम



पाठक जिला कोषाध्यक्ष महेश मेवाड़ा जिला जिला गौरक्षा प्रमुख जितेंद्र नारोलिया जिला बलउपासना प्रमुख अनिरुद्ध प्रताप सिंह चौहान जिला महाविद्यालय प्रमुख सुरेश दांगी कैलाश चौहान विजेंद्र जायसवाल नगर अध्यक्ष परमवीर जाट नगर सह मंत्री हेमंत विश्वकर्मा साप्ताहिक मिलन प्रमुख अर्जुन सेन नगर समरसता प्रमुख शैलेंद्र दोहरे विश्व हिंदं परिषद बजरंग दल के ऊजार्वान कार्यकर्ता बंधु एवं हिन्दु समाज के वरिष्ठ समाज जन उपस्थित रहे।

ग्राम इमलीखेड़ा, लीलाखाड़ी एवं आमामाई में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण कार्य आयोजित

# कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने किया श्रमदान

सत्ता सुधार ■ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के., जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन तथा जनपद अध्यक्ष नावड़ी बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने ग्राम इमलीखेड़ा, लीलाखाड़ी एवं आमामाई में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित जल संरक्षण कार्य में श्रमदान किया।

उन्होंने गांव में चल रहे अन्य जल संरक्षण के कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्रामवासियों से जल संरक्षण के कार्य में सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि जिले में ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले के स्टॉप डेम, चेक डैम सहित बोरी बंधान कार्य किया जाए, जिससे ग्रीष्म ऋतु में किसान, पशु, पक्षी आदि के लिए भी जल की उपलब्धता बनी रहे। जिले में पुराने तालाबों, चेक डैम, स्टॉप डैम की



मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य भी किया जाये। मैदानी अमले को निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोत जैसे तालाब, कुआं, बावड़ी इत्यादि का जीर्णोद्धार, मरम्मत तथा निर्माण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि व्यापक स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किये जाए। कलेक्टर ने कहा कि जल संरचनाओं के साथ सफाई के साथ गहरीकरण भी किया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा वर्षा के जल का भराव हो सके। जल के संरक्षण व संवर्धन के विशेष अभियान च्जल गंगा संवर्धन अभियानज्ज् की सफलता के लिए आमजन, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, पौधरोपण, पुराने नदी, तालाब एवं बावड़ी जैसे जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार तथा संरक्षण के लिए सरकार व समाज, दोनों ही स्तर पर कार्य होना चाहिए। जल संरक्षण कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष नावड़ी बाई, जनपद सीईओ नमिता बघेल, जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सेंगर, स्व सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

# लखेरी बसारती में पंचायत भवन का निर्माण कार्य गुणवत्ता हीन

## ग्रामीण ने जन सुनवाई में की कलेक्टर से शिकायत,की जांच की मांग

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत लखेरी बसारती में बनने वाले पंचायत भवन के निर्माण कार्य को घटिया, गुणवत्ता हीन बताते हुए गांव के निवासी पवन दीप पुत्र राजेन्द्र सिंह ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन देकर कलेक्टर से शिकायत की है, आवेदक ने पंचायत भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाकर, निर्माण कार्य निरस्त कराए जाने की मांग की है। आवेदक पवनदीप सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य मंजूर किया गया है।जिसकी लागत 37.50 लाख रुपए है। जिसका कार्य सारज सिंह गिल सरपंच ग्राम पंचायत लखेरी बसारती द्वारा किया जा रहा है।

कार्य में घटिया सामग्री लगाई जा रही है। जिसका संपूर्ण सार इस प्रकार है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें भसुआ,रेत,का उपयोग ना करके पत्थर की पिसी हुई धूल डस्ट लगाई जा रही है। ग्राम पंचायत भवन में 36 पिलर बनाए जा रहे हैं। जिसमें गड्डों की गहराई काली मिट्टी होने से 5 फिट तक नहीं खोदे गए हैं। बिल्डिंग कभी भी धराशाई हो सकती है। ग्राम पंचायत भवन में जाली डालने से पहले 40 एम एम बेस डाला जाना था जो नहीं डाला गया है।ग्राम पंचायत भवन में जो टटिया लगाई गई हैं,उसमें छड़ बहुत दूर-दूर लगाई गई है। 9-9 इंची पर एवं छोटी-छोटी टटिया लगाई गई है, बिल्डिंग की नींव कतई मजबूत नहीं रही।पंचायत भवन का पुटिंग कार्य 36 पिलरों का सीडी नुमा होना था नहीं किया गया। दूर से मिक्स गिट्टी फेंककर किया गया है।सभी पिलरों में सरिया पतला डाला गया एवं छड़ कम डाली गई है।पंचायत भवन में खसड़ी पत्थर की गिट्टी एवं खसड़े पत्थर से बनी हुई डस्ट एवं सबसे घटिया स्तर का सीमेंट जिसकी लागत 230 रुपए है,वह डाला गया है। ग्राम पंचायत भवन में ऐसी गर्मी में तराई मात्र एक बार हो रही है। ग्राम पंचायत भवन की चिनाई हेतु सबसे घटिया ईट मंगाई गई है,जो खाली होते ही आधी टूट गई है।उक्त समस्त वस्तु स्थिति को देखते हुए ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कार्य जो अभी तक हुआ है,पूरे तरीके से घटिया एवं गुणवत्ता हीन होकर टिकाऊ नहीं है,उन्होंने ने कलेक्टर से उक्त ग्राम पंचायत भवन निर्माण की जांच करवाकर निरस्त करने की मांग की है।जिससे अच्छी बिल्डिंग का निर्माण हो सके।

# पंचायत निधि से जिला जेल परिसर में सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन



## चार लाख की लागत से 7 दिन में सड़क बनकर होगी तैयार

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



जिला जेल में कैदियों को हो रही असुविधा,ठोकर लगने से होने वाली संभावित दुर्घटना से बचाने के लिए जेलर श्री सिद्धकी द्वारा ग्राम पंचायत आंवरी की सरपंच श्रीमती गंगा विजय बैरागी को आग्रह किया गया कि जेल परिसर में सीसी सड़क निर्माण कराई जाए। जिस पर सरपंच श्रीमती बैरागी द्वारा पंचायत निधि से सड़क निर्माण के लिए आज जेल परिसर में भूमि पूजन किया गया।

सरपंच श्रीमती बैरागी ने बताया कि जेलर श्री सिद्धकी द्वारा कैदियों की परेशानी से अवगत कराते हुए जेल परिसर में सीसी सड़क निर्माण कराने की मांग की गई थी। जिसे हमने पंचायत में आने वाले फंड से चार लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण के लिए आज भूमि पूजन किया यह सड़क करीब 7 दिन में बनकर तैयार हो जाएगी। जिससे कैदियों को अब असुविधा नहीं होगी। क्योंकि जेल परिषद में पत्थर की फर्सियां बिछी हुई थी,जो पुरानी हो चुकी थी जिससे ठोकर लगकर गिरने की संभावना बनी रहती थी। सीसी सड़क निर्माण के बाद समस्या खत्म हो जाएगी। भूमि पूजन के अवसर पर जेलर श्री सिद्दीकी ने कहा कि जेल परिसर में यह कैदियों की बड़ी समस्या थी,इसके समाधान के लिए ग्राम पंचायत आवरी की सरपंच श्रीमती गंगा बैरागी ने आगे आकर समाधान किया। सड़क निर्माण के बाद अब किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। सहयोग के लिए श्रीमती बैरागी का आभार एवं धन्यवाद।

# आयकर विभाग के कार्यालय के बाहर कांग्रेस का धरना

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर




जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को केंद्र सरकार के विरोध में स्थानीय आयकर विभाग कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अशोकनगर विधायक इंजीनियर हरी बाबू राय ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मोदी सरकार की इस नवीनतम दमनकारी कार्रवाई की कड़ी निंदा करती है, नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों की मनमानी और अन्यायपूर्ण जब्ती तथा पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करना। यह कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं है। यह कानून के शासन का ढोंग रचती एक राज्य प्रायोजित अपराध है। उन्होंने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी और हमारे पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करना राज्य सत्ता का भयानक दुरुपयोग है। यह लोकतांत्रिक विपक्ष पर सीधा हमला है। सत्तारूढ़ शासन द्वारा राजनीतिक डराने-धमकाने का एक घटिया प्रयास है, जो पूरी तरह पागलपन की हद तक पहुँच चुका है। यह प्रतिशोध की राजनीति का निकृष्टतम रूप है। कांग्रेस पार्टी और उसका नेतृत्व कभी चुप नहीं रहेगा। हमने पहले भी भारत की आत्मा के लिए संघर्ष किया है, और फिर करेंगे। सत्य,न्याय और संवैधानिक लोकतंत्र के मूल्य हमारे लिए समझौता न करने योग्य हैं। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहर राजेन्द्र कुशवाह, जिलाध्यक्ष ग्रामीण कृष्ण पाल यादव विधायक हरीबाबू राय,दशरथ सिंह रघुवंशी,ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा,ज्ञान सिंह राजपूत,विशाल रघुवंशी, अभिजीत रघुवंशी, सुरेंद्र रघुवंशी,राजकुमार लोधी, मुन्नालाल अहिरवार,ज्ञानीदास अहिरवार मोतीलाल सुनेरिया, हीरालाल ठेकेदार,अकील खान,महेंद्र ओझा, अमन महाराज,नरेन्द्र शर्मा,डीके बैरागी, गणेश सोनी, विशाल सेजी, सौरभ भार्गव प्रिन्स जैन, समस्त कांग्रेसी उपस्थित रहें।

# पोस्ट मेट्रिक हॉस्टल में व्याप्त अनियमित्ताओं को लेकर अभाविप ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति हॉस्टल जिला संयोजक को सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ सीहोर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सीहोर द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति हॉस्टल जिला संयोजक को ज्ञापन सौंपा। नगर सहमंत्री खुशाल मोटवानी ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन हैं, जो सदैव छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान हेतु करने सदैव तत्पर रहता है। कुछ समय पूर्व पोस्ट मेट्रिक की वार्डन द्वारा छात्रा की तस्वीर वायरल की गई एवं छात्रा से दुर्व्यवहार किया गया। जिस पर अभाविप की मांग है उक्त वार्डन द्वारा किये गये



कृत्य की जांच कर कार्यवाही की जावे। साथ ही छात्रावास में भोजन की समस्या छात्रावास में छात्राओं को जो भोजन दिया जाता है उसकी गुणवत्ता ठीक नहीं है जिससे कई छात्राओं के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ा है भोजन की गुणवत्ता में सुधार किया जाए। छात्रावास में साफ सफाई - छात्रावास में साफ सफाई की समस्या भी है जिससे छात्रावास में आय दिन कीड़े, जहरीले जीव जंतु भी छात्रावास में देखे गए है जिससे किसी भी प्रकार की घटना घट सकती है। छात्रावास एवं छात्रावास के आस पास की सफाई कराई जाए जिससे कोई भी प्रकार की घटना से बचा जा सके। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आपसे मांग करती है कि इन सभी समस्याओं का समाधान 5 दिनों के अंदर नहीं किया जाता है तो विद्यार्थी परिषद् अगली प्रतिक्रिया एवं आंदोलन के लिए वाध्य होंगी। ज्ञापन सौंपने वालों

अंतर्राष्ट्रीय धर्माचार्य ने पत्रकार वार्ता में सनातन धर्म के संस्कार का किया समर्थन

# मृत्यु भोज व्यक्ति के अंतिम संस्कार की अंतिम प्र्रक्रिया, इसलिए जरूरी : आचार्य देव मुरारी

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

अंतर्राष्ट्रीय धर्माचार्य देव मुरारी बापू ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर सनातन धर्म के संस्कारों में होने वाले अंतिम संस्कार में मृत्यु भोज का समर्थन करते हुए उसे आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि जो लोग मृत्यु भोज को समाज का अभिशाप बताते हैं,और बंद करने की बात बोलते हैं, दरअसल वह लोग अज्ञानी हैं।और लोगों की सामाजिक, धार्मिक और वैदिक परंपराओं का विरोध कर जन भावनाओं को आहत पहुंच रहे हैं। देव मुरारी बापू ने कहा, हाल ही में मुंगावली में प्रवचन कर रहे तथा कथित कथा वाचक देवेंद्र शास्त्री के बयानों को मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने के बाद कहा अगर इस प्रकार का वक्तव्य शास्त्री जैसे लोग बंद नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 की कार्रवाई कराते हुए दंड



दिलाया जाएगा। जिसमें नागरिकों के किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को उनके धर्म या धार्मिक विश्वास का अपमान करते हुए जान बूझकर और दुर्भाग्य पूर्ण तरीके से ठेस पहुंचाने के कृत्य से संबंधित है, इसमें बोले गए या लिखे गए शब्द सांकेतिक दृश्य चित्रण या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से की गई हरकतें शामिल है। इस अपराध के लिए सजा दलाई जा सकती है। देवेंद्र शास्त्री जैसे लोग पहले रामायण भगवत गीता का अध्ययन करें, उसके बाद प्रवचन करें, तो अच्छा होगा। वरना हमेशा के लिए प्रवचनों पर रोक लगवा दी जाएगी। अशोकनगर पुजारी संघ जिला अध्यक्ष उपेंद्र पाराशर ने कहा देवेंद्र शास्त्री जैसे लोग समाज को भ्रमित कर रहे हैं, पहले शास्त्र, ग्रंथ का अध्ययन करें उसके बाद प्रवचन करें तो अच्छा होगा। देव मुरारी बापू ने कहा रामायण में महाराज दशरथ जी के मरण के बाद भरत जी ने अपने पिता के दसगात की संपूर्ण क्रिया को किया था। साथ ही महाभारत में बड़े-बड़े योद्धा जब युद्ध भूमि में मारे गए तो उनके लिए श्रद्धांजलि देने के लिए कुरुक्षेत्र में सभी पांडवों ने इस प्रक्रिया को निभाया है। युगों से चली आ रही वैदिक परंपरा का हनन यदि कोई करेगा। तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए अखाड़ा परिषद ने हमको अधिकार दिया है, कि कोई भी सनातन या हिंदू या वैदिक धर्म के खिलाफ कार्य करता है,तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। मृत्यु भोज के बारे में परंपरा है कि अगर समर्थ नहीं है, तो परिवार के दस ग्यारह लोगों को भोज करा कर भी मृत्यु भोज किया जा सकता है। तभी परिवार में व्यक्ति के मृत्यु उपरांत पवित्रता मानी जाती है। कुछ लोग हिंदू धर्म की परंपराओं के खिलाफ यह अभियान चला रहे हैं। अगर विरोध करना है तो हर वर्ष जन्मदिन मनाया जाता है। वो फिजूल खर्च है, उसको बंद किया जा सकता है। शादी की सालगिरह हर वर्ष मनाते हैं, वह फिजूल खर्च बंद किया जा सकता है, पर जो हमारी धार्मिक मान्यताएं हैं, वह बंद नहीं की जा सकती। हर इंसान के जन्म से लेकर मरने तक दस संस्कार बताए गए हैं, जिनको करना अनिवार्य है, तभी वैदिक परंपरा की रक्षा होगी। यही हमारा हिंदू धर्म है। प्रेस वार्ता में प्रिंस रघुवंशी दीपक रघुवंशी हरवीर रघुवंशी विकास रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

# हनुमान उत्सव पर गुना में शोभा यात्रा पर हमले के विरोध में विहिप ने दिया ज्ञापन





सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा विगत दिवस हनुमान उत्सव पर गुना में शोभा यात्रा पर हुए हमले के विरोध में बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। विहिप नेता डॉ दीपक मिश्रा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि,योजना पूर्वक शोभा यात्रा पर हमला किया गया है, इसके कनेक्शन की जांच की जाए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर बजरंग दल विभाग संयोजक द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया। डॉक्टर मिश्रा ने कहा की सभ्य समाज में यह अक्षम्य अपराध है। शहर की शांति व्यवस्था,समाज का ताना-बाना बिगड़ने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिससे भविष्य में समाज में ऐसी घटनाएं ना हों। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश जैन रामकुमार चौधरी अशोक रघुवंशी कंछेदी दांगी माधव सिंह रघुवंशी डॉक्टर आनंद मोहन दुबे दशरथ सिंह यादव रामवीर सिंह यादव विकास जैन बल्ली दीपक जोशी वकील लोधी मोहन नामदेव रमेश गुप्ता सत्येंद्र चंदेल रामकृष्ण कुशवाहा रोहित सेन सतपाल सतेंद्र चंदेल,रानू यादव, सतपाल, गौरव शर्मा,राकेश लोधी, बकील लोधी, दीपक जोशी, दीपक लोधी अनिल अहिरवार आदि मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज

### इंदौर के जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन यादव बने



**इंदौर।** इंदौर जिला बार एसोसिएशन में कुल 4739 वोटर है। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव व कोषाध्यक्ष के पद पर चार-चार और कार्यकारिणी सदस्य के छह पदों पर 16 उम्मीदवार मैदान में है। शाम को मतगणना शुरू हो गई थी, जो देर रात तक चली। इंदौर के जिला बार एसोसिएशन के नजीते आ गए। अलग-अलग चक्रों की मतगणना के बाद प्राप्त नतीजों में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार लखनलाल यादव को सबसे ज्यादा 1151 वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी राकेश पाल को 1033 वोट प्राप्त हुए। मतदान सुबह 11 मतदान शुरू हुआ था। नतीजे देर रात आए। सचिव कपिल बिरथरे चुने गए है। उन्हें 1579 वोट मिले। इस वार युवा वोटर निर्णायक स्थिति में रहे। सभी उम्मीदवारों ने युवा वोटरों को साधने की कोशिश की थी। इस बार उनकी संख्या 300 से ज्यादा थी।मतदान समाप्ति तक 3253 वकीलों ने मतदान किया। इंदौर जिला बार एसोसिएशन में कुल 4739 वोटर है। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव व कोषाध्यक्ष के पद पर चार-चार और कार्यकारिणी सदस्य के छह पदों पर 16 उम्मीदवार मैदान में है। शाम को मतगणना शुरू हो गई थी, जो देर रात तक चली। उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र नीम चुने गए। उन्हें 1500 वोट मिले है। इसके अलावा सह सचिव पद के लिए विजय व्यास चुने गए। उन्हें 1040 वोट मिले है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार पुरूषोत्तम सोमानी को 1234 वोट मिले।

### दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी की गुल्लक योजना को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

**इन्दौर।** तीर्थो के सर्वांगीण विकास, संरक्षण एवं जीर्णोधार आदि के लिए 123 वर्षो से संचालित संस्था भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी सदैव तत्पर रहती है। हमारे प्राचीन मंदिर हमारी संस्कृति की धरोहर और हमारी आस्था के केंद्र हैं उनका संरक्षण विकास एवं जीर्णोधार करना हम सब की सामूहिक जवाबदारी है। इसी उद्देश्य से तीर्थ क्षेत्र कमेटी ने संपूर्ण भारत के तीर्थ क्षेत्रों एवं मंदिरों में कुछ वर्ष पूर्व अर्थ संग्रह हेतु गुल्लक रखने का निर्णय लिया था एवं अनेकों मंदिरों में गुल्लक राखी गई जिसे तीर्थ भक्त सुश्रावकों द्वारा अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि तीर्थ के विकास एवं जीर्णोधार में हमारी चंचला लक्ष्मी का भी सदुपयोग हो इस उद्देश्य से समाजजनों द्वारा गुल्लकों में राशि डाली जा रही है जिसके माध्यम से अच्छी राशि प्राप्त हो रही है। गुल्लक योजना समिति के चेयरमैन हंसमुख गांधी इंदौर ने बताया कि हाल ही में पदमपुर ,अयोध्या, अहि क्षेत्र, गाजियाबाद, शामली आदि अनेकों मंदिरों की गुल्लक खोली गई तो कई गुल्लकों में एक लाख से डेढ़ लाख रुपए तक की राशि प्राप्त हुई जिसका उपयोग मंदिरों और तीर्थो के विकास में किया जाएगा।

---

#### बीआरटीएस कॉरिडोर को तोड़ने की योजना अंतिम चरण में

# बीआरटीएस तोड़ने से इंदौर नगर निगम कमाएगा करोड़ों रुपए

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर नगर निगम द्वारा बीआरटीएस कॉरिडोर को तोड़ने की योजना अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, तोड़ाई पर लगभग 34.70 लाख का खर्च आएगा, जबकि मलबा और स्क्रैप बेचकर निगम को 3.71 करोड़ की आय होगी। इंदौर नगर निगम ने बीआरटीएस कॉरिडोर के संपूर्ण सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया है। इस सर्वे में यह स्पष्ट हो गया है कि इस कॉरिडोर को तोड़ने में कितनी लागत आएगी और मलबा एवं अन्य सामग्री की बिक्री से कितनी आय होगी। सर्वे के अनुसार, कॉरिडोर को तोड़ने में लगभग 34.70 लाख रुपए का खर्च आएगा, जबकि मलबा और अन्य सामग्री की बिक्री से निगम को लगभग 3.71 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे। इस प्रक्रिया से शुद्ध लाभ के रूप में निगम को 3.37 करोड़ रुपए की कमाई होगी। राज्य सरकार द्वारा कॉरिडोर को हटाने का निर्णय लिया गया था, जिसे हाईकोर्ट की स्वीकृति भी मिल चुकी है। अब नगर निगम द्वारा तोड़ाई की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी।



**कॉरिडोर तोड़ने में आएगा इतना खर्च:** सर्वे के मुताबिक, कॉरिडोर में आरसीसी बीम की कुल लंबाई 10475 मीटर, चौड़ाई 0.35 मीटर तथा गहराई 0.30 मीटर है, जिसका कुल घनफल 2199 घनमीटर है। इसे हटाने की लागत प्रति घनमीटर 786 रुपए के अनुसार 17.29 लाख रुपए होगी। वहीं, 18 बस शेल्टर होम की कुल लंबाई 344 घनमीटर है, जिस पर 8.20 लाख रुपए का खर्च आएगा। इसके अतिरिक्त अन्य छोटे आरसीसी निर्माण 32207 घनमीटर क्षेत्र में फैले हैं और स्क्रब्स 40105 घनमीटर में निर्मित हैं। इन निर्माणों को हटाने पर 3.25 लाख रुपए का खर्च आएगा। कॉरिडोर के दोनों ओर लगी स्टील की रैलिंग, जिनका कुल क्षेत्रफल 3.67 लाख वर्गमीटर है, इन्हें निकालने पर भी कुछ खर्च आएगा। कुल मिलाकर यह पूरा कार्य 34.70 लाख रुपए में संपन्न होगा।

### महापौर ने अधिकारियों को दिए बेहतर प्लानिंग के निर्देश



**इंदौर।** देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर अब आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को लेकर गंभीर कदम उठाने जा रहा है। डॉग बाइट की घटनाओं को देखते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी ऑफिस में निगम अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के लिए कहा है। बैठक में महापौर ने कुत्तों के नसबंदी अभियान की प्रोग्रेस रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल इंदौर ही नहीं, पूरे देश के कई शहरों की है। सुप्रीम कोर्ट में इस विषय को लेकर पहले से कई याचिकाएं लंबित हैं। ऐसे में नगर निगम इंदौर को भी तथ्यात्मक और मजबूत आधार के साथ रिव्यू दायर करना चाहिए, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकल सके। अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में इंदौर में लगभग 30 हजार कुत्तों की नसबंदी बाकी है। महापौर ने नसबंदी के साथ-साथ जन-जागरूकता अभियान चलाने और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी व्यवस्था करने के लिए कहा है। महापौर ने कहा कि इंदौर की जनभागीदारी पूरे देश के लिए मिसाल है। हम सभी को मिलकर इस समस्या का समाधान तलाशना होगा, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इंदौर नगर निगम का यह कदम न केवल शहर की जनता के लिए राहत लेकर आएगा।

---

# विधायक शुक्ला के बेटे समेत पांच आरोपियों ने थाने में किया सरेंडर

#### पुजारी के पैर छूकर मांगी माफी

सत्ता सुधार ■ इंदौर/देवास

भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे ने मंदिर पहुंचकर पुजारी से माफी मांग ली है। वहीं, आरोपियों के साथ आए वकील ने कहा कि रुद्राक्ष विवाद में शामिल नहीं था। उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ है। भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे की दादागिरी को संगठन ने भी गंभीरता से लिया है। मामले का पटाक्षेप करने के लिए आखिरकार विधायक गोलू शुक्ला पर संगठन ने दबाव बनाया और पांचों आरोपी मंगलवार शाम देवास के कोतवाली थाने पहुंचे। वहां आरोपियों ने सरेंडर किया। थाने में जमानत समेत अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विधायक पुत्र देवास टेकरी स्थित मां चामुंडा मंदिर पहुंचे और वहां दर्शन किए। इसके बाद वे उस पुजारी से मिले, जिसने मारपीट की शिकायत थाने में की थी। रुद्राक्ष ने पुजारी के पैर छूकर माफी मांगी। इसके बाद पुजारी ने भी रूद्राक्ष को चुनरी पहनाई। आरोपियों के साथ आए वकील का कहना था कि रुद्राक्ष विवाद में शामिल नहीं था। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ है। उससे जुड़ी वैधानिक प्रक्रिया के लिए आए हैं। विधायक गोलू शुक्ला खुद तो देवास नहीं गए, लेकिन रिश्तेदारों के साथ बेटे को एक सफेद कार में थाने पहुंचवाया। मामले को लेकर एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने कहा कि 12 अप्रैल को इस मामले में केस दर्ज किया गया था। पांच आरोपी रुद्राक्ष, अमन, लोकेश, अनिरुद्ध और मनीष को नोटिस जारी किया था। वे थाने आए थे। अब इस मामले में गवाहों के भी बयान लिए जाएंगे।



#### क्या बोले पुजारी?

अभद्रता के शिकार हुए पुजारी ने कहा कि विधायक के बेटे रुद्राक्ष ने मांफी मांग ली है। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर ली है, उन्होंने कहा कि हमसे लगती हुई है, हम आपका सम्मान करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। पुजारी ने बताया कि रुद्राक्ष ने उन्हें इंदौर आने का भी निमंत्रण दिया है। अब जो हुआ सो गया, हमनें इस मामले छोड़ दिया है।

#### बैठक के बाद बनी माफी मांगने की रणनीति

विधायक गोलू शुक्ला के बेटे की दादागिरी मामले को प्रदेश भाजपा संगठन ने भी गंभीरता से लिया है। संघ के पदाधिकारी रहे प्रकाश सोलपुरकर के निधन पर शोक प्रकट करने आए भाजपा के प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा से विधायक गोलू शुक्ला, रमेश मेंदोला व अन्य नेतागणों ने मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार हितानंद ने मामले में नाराजगी जाहिर की। इस बैठक में ही रणनीति बनी कि विधायक गोलू शुक्ला अपने बेटे से माफी मंगवाकर मामले का पटाक्षेप करें। इसके बाद मंगलवार शाम को रुद्राक्ष देवास पहुंचे थे।

#### मंदिर पहुंचकर मत्था टेका

विधायक पुत्र रुद्राक्ष व अन्य के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया था। थाने से वे अपने रिश्तेदार कमल और बब्बी शुक्ला के साथ देवास टेकरी स्थित माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर की सीढ़ी पर शीश नवाया और फिर माता प्रतिमा के सामने मत्था टेका। पुजारी ने उन्हें प्रसाद भी दिया।

---

## निगमायुक्त की चेतावनी- शेड पर लगे विज्ञापन हटाएं संस्थाएं

#### नहीं तो निगम करेगा सफेद रंग



सत्ता सुधार ■ इंदौर

बढ़ती गर्मी को देखते हुए इंदौर में कई जगह संस्थाओं ने शेड लगाए है। इन शेड के आड़ में विज्ञापन लगाए गए हैं। इसे लेकर नगर निगम ने चेतावनी दी है। निगमायुक्त ने कहा कि संस्थाओं को विज्ञापन हटाने को कहा है अगर वे विज्ञापन नहीं हटाते है तो नगर निगम इन शेड पर सफेद रंग करा देगा। दरअसल, शहर के कुछ चौराहों पर जैसे पलासिया, हाईकोर्ट चौराहा आदि जगह पर संस्थाओं द्वारा शेड लगाए गए है। हालांकि ये शेड लोगों को गर्मी में धूप से बचाने के लिए लगाए गए है। मगर इन शेड पर विज्ञापन लगा दिए गए है, जिसे लेकर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने इन शेड को लगाने वालों को चेतावनी दी है। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि गर्मी में दो पहिया वाहन चालकों, राहगीरों को धूप से बचाने के लिए कई संस्थाओं ने ग्रीन नेट लगाने का निवेदन किया था। इसके बाद उन्होंने चौराहों पर शेड लगा दिए। पक्के शेड लगाए और उन पर विज्ञापन कर दिया, जो बिल्कुल भी नियमसंगत नहीं है। ऐसे सभी लोगों को चेतावनी दी है।

#### कई जगह लगी है हरी नेट

उल्लेखनीय है कि चौराहों पर तेज गर्मी में खड़े रहना दो पहिया वाहन चालाकों के लिए परेशानी का कारण बन जाता है। ऐसे में वे चौराहे के पास पेड़ की छांव के नीचे रुक जाते है। ऐसे में ग्रीन नेट या इस तरह के शेड से धूप से बचाव हो जाता है और वे चौराहे पर रुक जाते है। गौरतलब है कि पिछले साल भी गर्मी में अधिकतर चौराहे पर ग्रीन नेट लगाई गई थी, जिससे वाहन चालकों को धूप में चौराहे पर खड़े रहने के दौरान राहत मिली थी। इस बार ग्रीन नेट और इन शेड के कारण गर्मी में चौराहे पर रुकने में कुछ समय के लिए धूप से राहत मिल रही है।

---

# पिता-पुत्र ने पहले बेसबॉल बैट से पीटा, फिर चाकू से किए वार

#### निजी कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर पर हमला

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र स्थित मेघदूत नगर में मंगलवार रात एक निजी कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में घायल मैनेजर की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब आरोपी का बेटा मोहल्ले में मैनेजर के बेटे के साथ झूमाझटकी कर रहा था। जब असिस्टेंट मैनेजर अमित कुमार सोनी ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, तो आरोपी और उसका पिता उल्टा उन पर ही टूट पड़े। घटना रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। अमित कुमार सोनी जब घर लौटे तो उन्होंने देखा कि आरोपी का बेटा उनके बेटे के साथ मारपीट कर रहा है। उन्होंने तुरंत उसे रोका और उसके पिता अमित कुशवाह को बाहर बुलाकर समझाया। इस बात से नाराज होकर अमित कुशवाह ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतर आया। आरोपी का बेटा घर से बेसबॉल बैट लेकर आया और सोनी पर हमला कर दिया। मारपीट के बीच अमित ने चाकू निकाला और सोनी के पेट और पसली में वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल सोनी वहीं गिर पड़े। घटना के दौरान जब अमित सोनी की मां उन्हें बचाने आई तो आरोपियों ने उन्हें भी धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद मोहल्ले वालों ने बीच-बचाव कर किसी तरह घायल सोनी को अस्पताल पहुंचाया। देर रात पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित के बयान दर्ज किए और आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।



### हरीश भिमानी दो दिवसीय प्रवास पर आज आएंगे इन्दौर

**इन्दौर।** टीवी की दुनिया के सबसे लोकप्रिय धारावाहिक 'महाभारत' के प्रसारण के शुरूआती शब्द 'मैं समय हूँ' की जादूभरी आवाज से आज भी व्यूअर्स के दिलो दिमाग में गूँज रहे और जिनके नाम सबसे ज्यादा 28,500 से ज्यादा रिकॉर्डिंग दर्ज है वे हरीश भिमानी आज 17 और कल 18 अप्रैल 2025 को स्टेट प्रेस क्लब,मप्र के कार्यक्रम 'लर्न विथ लेजेंड' में 'वॉयस एक्टिंग'का प्रशिक्षण देंगे। दो दिन के इस विशेष कार्यक्रम का नाम है 'वॉयस एज़ ए करियर'। यह कार्यक्रम स्थानीय अभिनव कला समाज में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से होगा। दोनों दिनों के इस कार्यक्रम में प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन के माध्यम से प्रशिक्षण में हिस्सा ले सकेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्टेट प्रेस क्लब, मप्र की तरफ़ से सर्टिफिकेट भी प्रदान किये जायेंगे। स्टेट प्रेस क्लब,मप्र के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने जानकारी देते बताया कि, एआई पर देश के पहले तीन दिवसीय पत्रकारिता महोत्सव के बाद यह स्टेट प्रेस क्लब, मप्र की एक अभिनव पहल है। खारीवाल ने कहा वॉयस एक्टिंग के इस विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम का पाठ्यक्रम स्टेट प्रेस क्लब,मप्र ने हरीश भिमानी के साथ मिलकर तैयार किया है।

# हीटवेव का कहर! गर्मी ने तोड़े रिकार्ड इंदौर में पारा 41 पार, अगले 3 दिन भारी

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में गर्मी ने तोड़े रिकॉर्ड! मंगलवार को दिन का तापमान 40.1 डिग्री और रात का 24.5 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने हीटवेव का अलर्ट जारी किया है और कहा है कि अगले तीन दिन तक इंदौर समेत मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ेगी। इंदौर में आज सुबह से ही तेज धूप देखने को मिली है। लगातार दूसरे दिन शहर में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मंगलवार को इंदौर में दिन का तापमान 1.8 डिग्री बढ़कर 40.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, रात का तापमान भी 1.1 डिग्री उछलकर 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में यह बढ़ोतरी गर्मी के प्रकोप को दर्शा रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्यप्रदेश में अगले तीन दिनों तक तेज गर्मी का असर बना रहेगा। खासतौर पर ग्वालियर, चंबल, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में हीट वेव यानी लू चल सकती है। बुधवार को प्रदेश के सभी जिलों में गर्मी और अधिक बढ़ने की संभावना है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और सागर संभाग में पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है। मौसम विभाग ने 18 अप्रैल तक तेज गर्मी की चेतावनी जारी की है। इस अवधि में बारिश की कोई संभावना नहीं है, हालांकि पूर्वी मध्यप्रदेश के जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। फिलहाल प्रदेश में मौसम से जुड़े तीन सिस्टम सक्रिय हैं। इनमें दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक ट्रफ लाइन शामिल है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि 16 अप्रैल से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) सक्रिय हो सकता है। यदि ऐसा होता है, तो इसका असर मध्यप्रदेश पर दो दिन बाद यानी 18 अप्रैल से दिख सकता है।



---

**अभियान** | जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर वन विभाग को 25 लाख पेड़-पौधे लगाने के निर्देश दिए गए

# 25 लाख पौधों के लिए जमीन की तलाश शुरू, बारिश से पहले बड़ी चुनौती

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर वन विभाग को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 25 लाख पौधे लगाने का निर्देश मिला है। मंत्री तुलसी सिलावट के आदेश के बाद महू, मानपुर, चोरल और इंदौर रेंज में जमीन तलाशने का कार्य जारी है। वन विभाग पिछले कई दिनों से लगभग 25 लाख पौधे लगाने के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश कर रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जल संसाधन मंत्री द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर वन विभाग को 25 लाख पेड़-पौधे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के तहत बड़े स्तर पर पौधारोपण की योजना बनाई गई है, जिसके लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान की जा रही है। मंत्री तुलसी सिलावट के निर्देश के बाद वन विभाग ने महू, मानपुर, चोरल सहित इंदौर फॉरेस्ट रेंज में पौधे लगाने के लिए स्थानों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। डीएफओ प्रदीप मिश्रा के अनुसार, कई स्थानों की पहचान कर ली गई है, जहां पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। हालांकि वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि 25 लाख नए पौधे लगाने के लिए जमीन तलाशना आसान नहीं है, क्योंकि पिछले वर्ष ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आदेश पर 51 लाख पौधारोपण अभियान चलाया गया था, जिसमें विभाग ने लगभग 25 लाख पौधे पहले ही लगा दिए थे।



#### हर साल 5 लाख पौधारोपण की परंपरा, इस बार चुनौती बड़ी

इसके अलावा, वन विभाग हर साल वर्षा ऋतु से पहले लगभग 5 लाख पौधे स्वयं भी लगाता है। इस वर्ष भी बारिश से पहले गड्ढे खोदने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। ऐसे में इस बार पौधों की संख्या और जिम्मेदारी दोनों ही अधिक हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अब पूरा वन अमला इंदौर की चारों फॉरेस्ट रेंजों में पौधारोपण के लिए जगह तलाशने में व्यस्त है।

#### 30 लाख पौधे लगाने की बड़ी जिम्मेदारी, हरियाली बढ़ाने की पहल

पिछले वर्ष के अभियान के बाद इस साल भी इंदौर वन विभाग के सामने करीब 30 लाख पेड़-पौधे लगाने और उनका संरक्षण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि विभाग कितने समय में 25 लाख पौधों के लिए ज़मीन का बंदोबस्त कर पाता है। उल्लेखनीय है कि शहर में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी भी होती है। जल गंगा संवर्धन अभियान भी इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसके तहत लाखों पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

## बुधवार भस्म आरती दर्शन: वीरभद्र वंदना के साथ खुले कपाट

सत्ता सुधार ■ उज्जैन

उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार तड़के भस्म आरती के साथ भगवान महाकाल का दिव्य पूजन और श्रृंगार किया गया। मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही सबसे पहले वीरभद्र जी को प्रणाम कर स्वस्तिवाचन हुआ और आज्ञा लेकर चांदी का द्वार खोला गया। गर्भगृह के पट खोलने के बाद पुजारियों ने भगवान का श्रृंगार उतारा और पंचामृत पूजन के बाद कर्पूर आरती की। इस दौरान बाबा महाकाल का श्रृंगार भगवान गणेश जी के स्वरूप में किया गया। नंदी हॉल में पहले नंदी महाराज का स्नान, ध्यान और पूजन किया गया। इसके बाद भगवान महाकाल का जल से अभिषेक हुआ। फिर दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से पंचामृत स्नान कराया गया। भगवान को ड्रायफ्रूट, फल और मिठाई का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भस्म अर्पित की गई और भगवान को रजत का शेषनाग मुकुट, रजत की मुंडमाला, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित पुष्पों से बनी माला पहनाई गई। भस्म आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। महा निर्वाणी अखाड़े की ओर से भस्म अर्पित की गई। मान्यता है कि भस्म अर्पण के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### आरओ बैठक आज

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक 17 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में राजस्व विभाग की योजनाओं पर समीक्षा की जायेगी।

### जिले में नरवाई नहीं जलेः कलेक्टर

**मुरैना।** ग्रीष्मकाल में आगजनी की घटनायें बढ़ जाती है, इस संबंध में कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जिले के समस्त एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिये है कि जिले में कहीं भी नरवाई नहीं जलना चाहिये, कहीं से भी कोई सूचना नरवाई जलने की मिलती है तो तत्काल कार्यवाही की जाये।

### जिला चिकित्सालय व नगरीय निकायों में फायर की मॉकड्रिल करायें

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन और जिले की नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में आगजनी को घटना को त्वरित गति से रोकने के लिये मॉकड्रिल करायें। इसमें कहां से फायर बिग्रेड उपलब्ध होगी, वाहन चालक का नाम, मोबाइल नंबर संधारित होना चाहिये। बैठक में कलेक्टर ने रूरल टेक्नोलॉजी पार्क, ट्राफिक सिग्नल, खुले बोर बंद करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से आयुष्मान कार्डो की पिछले सप्ताह बनाये गये उनकी समीक्षा की।

### जनपदों के अंतर्गत क्लस्टर स्तर पर दो-दो फायर टेंकर रहेंः कलेक्टर

**मुरैना।** पिछले वर्ष ग्रीष्मकाल में आगजनी की घटना को रोकने के लिये जनपदों के अंतर्गत क्लस्टर स्तर पर दो-दो फायर टेंकर तैयार कराये गये थे। उनके टेंकरो का जनपद सीईओ पुनः भौतिक सत्यापन करें, ताकि आने वाले समय में आगजनी की घटना को तत्काल रोका जा सके। ये निर्देश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने बैठक के दौरान समस्त जनपद सीईओ को दिये। कलेक्टर ने कहा कि भौतिक सत्यापन करने के बाद उस टेंकर पर टेंकर का नंबर, वाहन चालक का नाम एवं मोबाइल नंबर सहित क्लस्टरवार सूची डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी को उपलब्ध करायें। बैठक में उन्होंने प्रत्येक सीएमओ से फायर बिग्रेड की स्थिति के बारे में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि फायरबिग्रेड में छोटी-मोटी कमियां है, उन्हें शीघ्र दुरूस्त करा लें।

### सभी कार्यालय प्रमुख ई-ऑफिस पर विशेष ध्यान दें

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना ने बताया कि प्रदेश स्तर से ई-ऑफिस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसमें विभागों से आने वाली फाइले ऑफलाइन नहीं, ऑनलाइन ही आनी चाहिये। ये निर्देश उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को दिये। उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों से भी चर्चा की और कहा कि जिन लोगां ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है, उन्हें और प्रशिक्षण प्राप्त करने की आवश्यकता हो तो प्राप्त कर सकते है। मई माह से सभी कार्यालयों की फाइले ऑनलाइन ही प्राप्त होनी चाहिये।

# बिना सूचना के पल्लेदारों ने की हड़ताल, इधर प्रतिबोरी 25 रुपए और चोरी के विरोध में किसानों ने किया चक्का जाम

**देर शाम तक नहीं सुलझा मामला, सेक्रेटरी ने कहा जब तक निराकरण नहीं, तब तक मंडी रहेगी बंद**

सत्ता सुधार ■ सबलगढ़

कृषि उपज मंडी सबलगढ़ में काम करने वाले पल्लेदारों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के बुधवार की सुबह अचानक हड़ताल कर दी गई और 25 प्रतिबोरी किसानों से मांगने लगे, जिस पर मंडी में मामला काफी गरमा गया। एक तरफ पल्लेदार हड़ताल पर थे तो दूसरी ओर सुबह 4-5 बजे से पर्ची कटाकर बैठे किसान भी आक्रामक हो गए और उन्होंने राम मंदिर चौराहे पर चक्का जाम कर दिया तथा कहा कि पहले 8 रूपए बोरी लगती थी, लेकिन पल्लेदार मनमानी करते हुए 25 रूपए बोरी मांग रहे हैं और किसान की चोरी भी करते हैं, इस तरह काम नहीं चलेगा। शासन-प्रशासन को समस्या का निराकरण करना होगा। देर शाम तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ था और मंडी सचिव द्वारा किसानों को बोल दिया गया कि जब तक समस्या का हल नहीं होगा तब तक मंडी बंद रहेगी।



चक्का जाम कर रहे किसानों ने बताया कि अधिकांश किसान सुबह 5:00 बजे से ही मंडी में सरसों एवं अन्य अनाज लेकर पहुंच चुके थे और तमाम किसानों ने मंडी की रसीद भी कटवा ली। अचानक से पल्लेदारों ने प्रतिबोरी 25 रूपए की मांग करते हुए हड़ताल कर दी, जिससे दोपहर 2:00 बजे तक कोई बोली नहीं लग सकी और जब बोली नहीं लगी तो किसान आक्रोशित हो गए तथा पल्लेदारों की मनमानी का विरोध करने लगे। किसानों ने कहा कि इस समय शादी समारोह चल रहे हैं और किसी को भात देने जाना है किसी को लगन टीका में जाना है, लेकिन मंडी प्रशासन एवं व्यापारियों के संरक्षण के कारण पल्लेदार मनमानी कर रहे हैं। तपती धूप में दोपहर 2:00 बजे तक जब बोली नहीं लगी तो किसानों ने राम मंदिर चौराहे पर ट्रैक्टर ट्रॉली लगाकर चक्का जाम कर दिया तथा नारेबाजी करने लगे। बताया जाता है कि इस दौरान मौके पर तहसीलदार, पुलिस अधिकारी एवं मंडी प्रशासन के लोग, तमाम जनप्रतिनिधि भी वहां पहुंच गए, लेकिन इधर पल्लेदार 25 रूपए प्रतिबोरी से कम पर काम करने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं तो वहीं किसान इस मनमानी का विरोध कर रहे हैं। 2-3 घंटे तक किसानों द्वारा जाम लगाये जाने के बाद प्रशासन ने बमुश्किल जाम को खुलवा दिया है। इधर जब समस्या का निराकरण देर शाम तक नहीं हुआ तो मंडी सचिव द्वारा किसानों को बोल दिया गया है कि जब तक मामला सुलझ नहीं जाता, तब तक मंडी बंद रहेगी, जिससे अब उन किसानों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है जो फसल बेचकर अपने काम करने वाले थे।

**इनका कहना है...**


कैलारस में 10 रूपए एवं मुरैना में 12 रूपए प्रतिबोरी पल्लेदार लेते हैं, लेकिन यहां पर पल्लेदार सुबह से ही मूड बनाकर बैठे थे और उन्होंने अचानक 25 रूपए प्रतिबोरी डिमांड कर बिना सूचना के हड़ताल कर दी। चक्का जाम खुल गया है, लेकिन इस मामले में अभी समझौता नहीं हो सका है। व्यापारियों को बोला गया है कि वह पल्लेदारों को अपने हिसाब से संतुष्ट करें और मामले को सुलझाएं, जब तक मामला सुलझ नहीं जाता, तब तक मंडी बंद रहेगी।

**-विजेंद्र सिंह परमार, मंडी सचिव, सबलगढ़**

# लापरवाह अस्पताल प्रबंधनः अब जिला अस्पताल के सर्जरी ओटी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मरीजों को निकाला सुरक्षित बाहर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिला अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण आए दिन जिला अस्पताल के किसी न किसी वार्ड आईसीयू आदि में आग लगने के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस समस्या के निराकरण के लिए कोई पहल नहीं की गई है। बुधवार की शाम सर्जरी ओटी के पास बिजली के बड़े बोर्ड में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे वार्ड में भर्ती मरीजों में खलबली मच गई। सूचना मिलते ही अस्पताल के कर्मचारी मरीज को निकालने में जुट गए और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुरानी बिल्डिंग में बेतरतीब तरीके से बिजली की लाइन पड़ी हुई है, वहीं जहां-जहां बिजली के बोर्ड लगे हुए हैं, वहां भी तमाम खामियां हैं और उन्हीं के आसपास एसी फै न लगे हुए थे। वह तो गनीमत थी कि वहां मौके पर फायर की 20-25 किट रखी हुई थी और कर्मचारियों ने तुरंत आग बुझाने के लिए दौड़ लगा दी, वहीं सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई तथा थोड़ी देर के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में स्थित सर्जरी ओटी वार्ड में मरीज भर्ती थे। करीब 5:45 बजे वार्ड के पिछवाड़े लगे बिजली के बोर्ड में अचानक आग लग गई। आग लगते ही बदबू एवं धुआं वार्ड में पहुंचा तो मरीज और उनके अटेंडर में खलबली मच गई। सूचना पाते ही अस्पताल के कर्मचारी मौके पर पड़े, लगभग दो दर्जन फायर किट लेकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान एक कर्मचारी को हल्का सा करंट लगने की बात भी सामने आई है। सर्जरी वार्ड में आग की सूचना के बाद तत्काल अस्पताल प्रबंधन मौके पर पहुंचा और फायर ब्रिगेड तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीएम, तहसीलदार, कोतवाली थाना प्रभारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित तमाम डॉक्टर मौके पर आ गए और अस्पताल में खड़े मरीज व उनके अटेंडर भी एकत्रित हो गए। कुछ देर के प्रयास के बाद अस्पताल के कर्मचारी एवं फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। गौरतलब बात यह है कि जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में कई बार आगजनी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं और कई बार तो पब यूनिट जहां नवजात शिशु भरती रहते थे, वहां भी आग लग चुकी है, लेकिन इन घटनाओं के पश्चात भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं। जब भी आगजनी की घटना होती है तो मरींज दहशत में आ जाते हैं और लोगों की जान पर बन आती है।

# डीपी के यहां भरा पानी, गुजर रहे युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत

सत्ता सुधार ■ मुरैना



जिले के दिमनी थाना अंतर्गत बड़ागांव नावली में बुधवार की सुबह युवक डीपी के पास से गुजर रहा था, जहां पानी भरा हुआ था। अचानक पानी में करंट फै लने से युवक इसकी चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी गई है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ा गांव नावली निवासी विकास रजक पुत्र सभाराम रजक 19 वर्ष गांव में एक डीपी के पास से गुजर रहा था, जहां भारी जल भराव था। जब वह पानी से होकर निकला तो उसमें करंट फै ला हुआ था और उसकी चपेट में आने से विकास की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देख ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा पुलिस एवं विद्युत विभाग को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक को अस्पताल लाया गया।

जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी गई है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम हेतु रंगोली सजाई एवं ली शपथ



सत्ता सुधार ■ जौरा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जौरा के ब्लॉक समन्वयक बी डी शर्मा के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत रंगोली और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय जौरा में किया।

कार्यक्रम में कहा गया कि जल संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हमारे देश और इसके निवासियों की भलाई के लिए एक आवश्यकता है। अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलावों को लागू करके और बड़ी पहलों का समर्थन करके, हम सामूहिक रूप से अपने जल संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। जिम्मेदार लोगों के रूप में, हमें जल की कमी के मुद्दे के बारे में जागरूक होना चाहिए और अपने बच्चों को पाइपों और नलों में लीक को ठीक करके, उपयोग न होने पर नल को बंद करके और कम समय तक स्नान करके जल संरक्षण करना सिखाना चाहिए। वहीं प्रशांत शर्मा ने बताया कि जल संरक्षण महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पानी की कमी को कम करने, प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने और सभी के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करता है। यह जल उपचार और वितरण से जुड़ी ऊर्जा खपत को भी कम करता है।

# अधिकारी पात्रता पर्ची की ई-केवायसी करायेंः कलेक्टर



**मुरैना।** शासन के आदेशानुसार राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियां की ई-केवायसी का कार्य किया जा रहा है। इसके लिये जिले में बहुत संख्या में ऐसे हितग्राही है, जिनकी पात्रता पर्ची की ई-केवायसी नहीं पाई है। इसके लिये समस्त जनपद सीईओ अपने-अपने क्षेत्र में पंचायतवार सूची निकालें कि अभी भी कितने हितग्राही ई-केवायसी से वंचित है। समस्त जनपद सीईओ अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन की जाने वाली ई-केवायसी की जानकारी जिले को भेजे। फूड विभाग प्रतिदिन एकजाई करके मुझे उपलब्ध करायें। इस कार्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन एक जनपद के अंतर्गत 01 हजार ई-केवायसी का आंकड़ा आना चाहिये। इसी प्रकार कलेक्टर ने समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिये कि वे भी अपने-अपने क्षेत्रों में टीम गठित कर ई-केवायसी का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी निकायों में कल से प्रतिदिन 100-100 का आंकड़ा मुझे मिलना चाहिये।

# गुना में हनुमान जयंती चल समारोह में हुई घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने दिया ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

गत 12 अप्रैल को गुना के कर्नलगंज में स्थित मदीना मस्जिद से श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भीड़ ने योजनापूर्वक हमला किया। इस लोमहर्षक घटना से सभ्य समाज हतप्रभ है और इस घटना की घोर निंदा करता है। यह घटना भविष्य के खतरे की आहट है जिसे सामान्य कार्यवाही कर भुलाया नहीं जा सकता। उक्त घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद मुरैना द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सोपा गया है। विश्व हिंदू परिषद के संयोजक सुनील सिकरवार एवं सदस्यों ने बुधवार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि यह हमला सुनियोजित था। हमले के दौरान आमजन द्वारा मोबाइल से बनाए गए वीडियो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मस्जिद में पहले से ही लोग जमा थे। उन्होंने जुलूस आता देखकर नारेबाजी शुरू की और आक्रामक होकर जुलूस में श्री हनुमान जी का वेश धारण कर चल रहे युवक से मारपीट की और जुलूस पर हमला कर मस्जिद और आसपास के घरों से पथराव कर दिया, जिससे भगदड़ मच गई और कई हिन्दू युवा घायल हुए। विश्व हिंदू परिषद ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि हिन्दू जन मानस की भावनाओं का ध्यान रखते हुए इस ज्ञापन पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश शासन के विभिन्न अधिकारियों को प्रदान करें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।



# सभी स्कूलों का एमडीएम निरीक्षण कर पोर्टल पर अपलोड करें

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कहा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के तहत सीएसी, बीएसी अपने-अपने क्षेत्रों में स्कूलों में चल रहे एमडीएम का अवलोकन करें और उसे पोर्टल पर अपलोड करायें। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि स्कूलों में बच्चों की संख्या 40-45 प्रतिशत है, बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहे, इसके लिये शिक्षा विभाग का मैदानी कर्मचारी स्कूलों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बताया कि जिले में प्राथमिक विद्यालय 1884, माध्यमिक शालायें 551 संचालित है। जिनमें 1 हजार 26 हजार 363 छात्र-छात्रायें प्राथमिक और 74 हजार 959 छात्र-छात्रायें माध्यमिक विद्यालयों में दर्ज है। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना एवं मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 5 हजार 252 रसोईया कार्यरत है, जिनमें 3 हजार 825 प्राथमिक और 1 हजार 427 माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत है। इसके अलावा 265 शालाओं की संख्या जिनमें शाला प्रबंधन समिति द्वारा मध्यान्ह भोजन संचालित किया जा रहा है। 2 हजार 84 शालाओं में स्व-सहायता समूहों द्वारा मध्यान्ह भोजन और 86 शालाओं में केन्द्रीयकृत किचिन व्यवस्था के अंतर्गत एनजीओ द्वारा मध्यान्ह भोजन संचालित किया जा रहा है।



# सरकारी बस स्टैंड के बाहर खड़े वृद्ध को ट्रक ने कुचला, दर्दनाक मौत, आरोपी फरार

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत धौलपुर ग्वालियर मार्ग बैरियर चौराहे के पास स्थित सरकारी बस स्टैंड के बाहर खड़े एक वृद्ध को धौलपुर की ओर से आ रहे ट्रक चालक ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया और घटना को अंजाम देकर ग्वालियर की ओर भाग गया। पुलिस द्वारा मृतक के समधी की रिपोर्ट पर से मामला दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केशव प्रजापति पुत्र लोहरेराम प्रजापति 65 वर्ष निवासी काशी बाबा कॉलोनी जौरा रोड मुरैना मंगलवार की शाम बैरियर चौराहे के पास स्थित सरकारी बस स्टैंड के बाहर खड़ा हुआ था और कहीं जाना था, तभी धौलपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 8368 के चालक ने ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए केशव प्रजापति को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस दौरान वहां से गुजर रहे मृतक के समधी आदिराम प्रजापति ने हादसा देखा तो केशव को तत्काल एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतक का पीएम कराकर लाश उसके परिजनों को सौंप दी है तथा रिपोर्ट पर से ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।



# वर्तमान माह की सीएम हेल्पलाइन 80 प्रतिशत और 50 दिवस की शिकायतें रविवार तक निराकृत करें: कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सीएम हेल्पलाइन की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, ऐसे लग रहा है कि अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पर ध्यान नहीं दे रहें है। 20 अप्रैल को प्रदेश स्तर से सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग जारी होगी, जिसमें मुरैना जिला बॉटम में नहीं आना चाहिये। वर्तमान माह की सीएम हेल्पलाइन 80 प्रतिशत और 50 दिवस की शिकायतें रविवार तक निराकृत करें। ये निर्देश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने टीएल बैठक में मंगलवार को अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, नगर निगम कमिश्नर सत्येन्द्र धाकरे, समस्त जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे।



कलेक्टर अंकित अस्थाना सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि पिछले माह रैकिंग में पीएचई विभाग 78 पर और स्वास्थ्य विभाग 74 प्रतिशत तक सीएम हेल्पलाइन का निराकरण कर सका। यह स्थिति ठीक नहीं है, वर्तमान माह की 80 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण अधिकारी करायें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की 394 शिकायतें अभी भी पोर्टल पर दिख रहीं है, इनमें से अधिक से अधिक शिकायतें निराकृत होना चाहिये। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग की 17 शिकायतें पोर्टल पर दिख रहीं है, 80 प्रतिशत तक अधिकारी निराकरण करायें। उन्होंने योजना और कृषि विभाग के अधिकारियों को भी लंबित शिकायतों को निराकरण करने के निर्देश दिये।

## ब्रीफ न्यूज

### पोषण पखवाड़े के तहत कार्यक्रम संपन्न

**हरदा** । महिला एवम बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष पोषण को जनांदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से माह मार्च अप्रैल में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 में सातवें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम 8 से 22 अप्रैल तक विभिन्न थीम पर केंद्रित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में नगर के आंगनबाडी केन्द्र वार्ड क्रमांक 13 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्र पर आमंत्रित कर पोषण व स्वास्थ संबंधी समझाइश दी। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीमती पूजा शर्मा द्वारा बताया गया कि गर्भावस्था में महिलाओं को विशेष देखरेख व पोषण की आवश्यकता होती है। एक स्वस्थ गर्भवती महिला ही स्वस्थ शिशु को जन्म दे सकती है। उन्होंने बताया कि जन्म के तुरंत बाद शिशु को मां का दूध अवश्य पिलाये और 6 माह की आयु के बाद बच्चे को ऊपरी आहार देना प्रारम्भ करना चाहिए। डॉ पूजा शर्मा ने उनकी बेटी अनिका शर्मा का प्रथम जन्म दिन आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों के साथ मनाकर सभी बच्चों को केक व बिस्कुट का वितरण किया। कार्यक्रम में महिला एवम बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक सुभद्रा बरखने, संगीता राजपूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऋतु धनगर , सहायिका विमला सोनपुरे व वार्ड की महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

### लोक अदालत के लिए जिला अधिवक्ता संघ के साथ बैठक संपन्न

**हरदा।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ, हरदा के सभागार में अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती शर्मा ने आगामी लोक अदालत में समझौता योग्य लंबित प्री-लिटिगेषन प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण व पक्षकारों को लाभांवित कराने में अधिवक्ताओं द्वारा सहयोग प्रदान किये जाने की अपील की गई। बैठक में नेशनल लोक अदालत के नोडल अधिकारी जयदीप सिंह द्वारा सिविल प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण और चेक अनादरण के प्रकरणों के निराकरण हेतु मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही पैरालीगल वॉलेंटियर्स के माध्यम से भी पक्षकारों को समझाईश एवं समझौते कराये जाने के बारे में बताया गया।जिला अधिवक्ता संघ, हरदा के अध्यक्ष संजय शांडिल्य के द्वारा पूर्व की भांति इस बार भी नेशनल लोक अदालत में सभी अधिवक्ताओ की ओर से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। बैठक में जिला मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, चंद्रशेखर राठौर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सौरभ कुमार दुबे जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी मिल-जुलकर पढ़ाई करना चाहते हैं मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं : मलैया

### 50 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है

सत्ता सुधार ■ दमोह

स्व. चन्द्रकांत सोनवलकर की स्मृति में ग्रंथालय का एक्सटेंशन हुआ है, आज कल सिस्टम बदल गया है, विद्यार्थी मिल-जुलकर पढ़ाई करना चाहते है, मेरी बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामना? इसका पूरा लाभ विद्यार्थी उठायें । यह बात आज दमोह विधायक जयंत मलैया ने स्थानीय पुरानी कलेक्ट्रेट में ग्रंथालय के शुभारंभ अवसर पर कही। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के नेमा ने कहा आज के समय में ट्रेंड चल गया है, कि बच्चे जो हैं, घर में उतनी अच्छी स्टडी नहीं कर पाते हैं, जितने की मिल-जुल के लाइब्रेरी में इकट्ठे होकर अपने-अपने क्षेत्र में एक दूसरे से डिस्कॅशन करके वह कॉन्सन्ट्रेशन के साथ पढ़ सकते हैं। वैसी ही व्यवस्था हमारे यहाँ पर पूर्व में जिला पंचायत भवन में थी उसके बाद कलेक्टर श्री कोचर ने अतिरिक्त कक्ष वहाँ पर दिया। वहाँ पर भी विद्यार्थी बन नहीं पाए इसके बाद आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर सर ने यहाँ पर एक और रूम प्रदाय किया।

फर्नीचर दिया है, और बच्चों को अच्छी से अच्छी अध्ययन व्यवस्था मिले और वह आगे आने वाले कॉम्पिटिशन में सफल होकर अधिकारी बन सके इस तरीके का प्रावधान रखा गया है। लाइब्रेरियन मोहिनी ठाकुर ने बताया यह लाइब्रेरी पुरानी जिला



पंचायत में पहले से संचालित थी और यह वहाँ पर 200-250 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी लेकिन कलेक्टर सर और जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा जी के सहयोग से और विधायक जी सबके सहयोग से एक और लाइब्रेरी यहाँ खोली गई है, जो महिला बाल विकास भवन के ठीक बाजू में व्यवस्थाएँ की गई है। अभी फ़िलहाल 50 छात्रों के लिए बैठने की व्यवस्था है, और जो बच्चे पहले आएँगे उनको पहले सीट मिल जाएगी। यहाँ पर सीट फिक्स रहेंगी। ऐसा नहीं रहेगा की बाहर से कोई नया विद्यार्थी आ रहा है, तो उसको यहाँ पर एंटर किया जाएगा। जो विद्यार्थी पहले से रजिस्टर्ड रहेंगे केवल वह ही बच्चे यहाँ पर बैठ जाएंगे और इसी उम्मीद के साथ यह नई लाइब्रेरी खोली गई है, की आगे भविष्य में विद्यार्थी यहाँ पर और उन्नति करेंगे। एक छात्र ने कहा मैं जिला प्रशासन और लाइब्रेरी प्रशासन को धन्यवाद करना चाहता हूँ कि उन्होंने एक नया संस्थान ओपन किया है, जो कि सुचारू रूप से बच्चों को मददगार ही होगा। राहुल पटेल कहते हैं आज यहाँ पर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया है, जो स्वर्गीय चंद्रकांत सोनवलकर जी की स्मृति में किया गया है, और यह जो विद्यार्थी अध्ययन करते है, उनके लिए बहुत ही शानदार है, तो इसके लिए मैं जिला प्रशासन का आभारी हूँ। एक छात्र अरविंद पाठक कहते हैं हम छात्रों को आज ज्ञान कुंज अध्ययन केंद्र मिला है, जिसको लेकर सभी छात्र उत्साहित है, इसके लिये में जिला प्रशासन को धन्यवाद देना चाहता हूँ।

# आवास योजना में 550 प्रकरणों के खिलाफ वसूली की कार्यवाही

सत्ता सुधार ■ हरदा

नगर पालिका अंतर्गत प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पहली किश्त 150 लोगों को 1,00,000 रू मिलने के 5 वर्ष बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। इसको लेकर नगर पालिका प्रशासन सख्त हो गया है। इसको गंभीरता से लेते हुए हितग्राही से पहले काम शुरू करने के लिए दबाव बनाया गया। जब इसके बाद भी काम नहीं शुरू किया गया तो अब वसूली की कार्यवाही शुरू कर दी है। ऐसे हितग्राहियों के खिलाफ थाने में एफ.आई.आर. दर्ज कराकर वसूली की कार्यवाही प्रचलन में है।

### 400 ने दूसरी किश्त लेकर नहीं पूर्ण किया काम

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब 400 हितग्राहियों ने आवास योजना की दूसरी किश्त ले ली और लंबा समय व्यतीत हो जाने के बाद भी काम पूर्ण नहीं किया है। बारंबार कोशिश के बाद भी निर्माण कार्य नहीं शुरू



किया तब नोटिस देकर वसूली की कार्यवाही शुरू की है। इससे हितग्राहियों में हड़कंप मच गया है।

**11 फीसदी की बजाय 30 फीसदी को मिला आवास** – प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को लाभ देने का एक निश्चित अनुपात निर्धारित है। जिसके ज्यादा हो जाने पर आवास योजना के विश्वसनीयता पर प्रश्न चिंह लग जाता है। नियमानुसार 11 फीसदी हितग्राहियों को आवास का लाभ मिलना चाहिए किंतु वर्तमान में करीब 30 फीसदी हितग्राहियों को आवास का लाभ दिया जा चुका है। ऐसे में सवाल यह खडा हो रहा है कि क्या इतने लोगों के पास पहले से मकान नहीं थे। आदि सवाल इस तरह से खड़े हो रहे हैं जो चर्चा में हैं।

**समय सीमा में काम पूर्ण न करना बनी समस्या** – प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समय सीमा में काम पूर्ण ना होने की समस्या आम हो गई है। मंहगाई बढने और समय से पैसे लगाने में अक्षम होने के कारण या फिर जमीन के विवाद को लेकर काम अधूरे पड़े हैं। सत्ता सुधार की टीम ने मौके पर जाकर पड़ताल की तो इस तरह की तमाम समस्या सामने आई।

पट्टा नहीं मिल पाने के कारण जहां काम नहीं शुरू हो पाया है वही कई महंगाई बढ़ पाने के कारण जो पैसा मिला उससे काम तो करा दिया गया और निर्धारित स्तर तक काम नहीं हो पाया है। जमीन के विवाद के कारण अधिकांश प्रकरणों में काम नहीं होने दिया जा रहा है। कई मामलों में तो माननीय न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

### किश्त मिलने के बाद समय सीमा में नहीं पूर्ण कराया काम

#### क्या कहते जवाबदार

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 550 प्रकरणों में वसूली की कार्यवाही प्रचलन में है। वैधानिक कार्यवाही करके हितग्राहियों से अधूरे कार्य को पूर्ण करने की पहल की जाएगी।

**कमलेश पाटीदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, हरदा।**

**मौके की जांच से हकीकत सामने आयेगी** – प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो समस्याएं सामने आ रही है उसके वास्तविक कारणों की जांच पड़ताल की जाये तो कई तरह के मामले सामने आ जायगे। जिसको गंभीरता से लेते हुए उसका स्थानीय समाधान निकालें जाने की जरुरत है। अधिकांश ने तो आवेदन देकर वास्तु स्थिति से अवगत करा दिया है। जनसुनवाई में भी इसको लेकर आवेदन हो चुके हैं इतने पर भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है।

# मध्य प्रदेश लेखक संघ ने मनाया अंबेडकर जयंती महोत्सव



सत्ता सुधार ■ खंडवा

मध्य प्रदेश लेखक संघ जिला इकाई खंडवा के तत्वावधान में डॉक्टर जगदीश चंद्र चौरे की अध्यक्षता में बाबा साहब अंबेडकर जी की जन्म जयंती मनाई गई, जिसमें महेश गीते रतलाम एवं राजेंद्र काशिव टिमरनी मुख्य अतिथि रहे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। उसके पश्चात सरस्वती वंदना की गई। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया अतिथियों द्वारा डॉ अंबेडकर जी के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉक्टर चौरे ने संविधान निर्माता डॉक्टर अंबेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सर्वश्री देवेंद्र जैन, सुरेंद्र गीते, मंगला चौरे, कविता विश्वकर्मा, हेमंत उपाध्याय, तारकेश्वर चौरे, कन्नू साइन, सहज वाणी, महेश मूलचंदानी, सुनील उपमन्यु, डॉक्टर मनोरमा उपाध्याय, सुनील जैन, दीपक चाकरे, शैलेश पालीवाल, राधेश्याम शाक्य, अनुराधा सांडले, आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन देवेंद्र जैन ने किया तथा आभार तारकेश्वर चौरे ने माना।

# चौबे कालोनी में सार्वजनिक रास्ता बेचने का भंडाफोड़

### सी.एम.ओ. से शिकायत कर की जांच की मांग



सत्ता सुधार ■ हरदा

नगर पालिका हरदा अंतर्गत चौबे कालोनी में कालोनईजर द्वारा सार्वजनिक रास्ता बिक्री करने का मामला प्रकाश में आया है। रविशंकर बेनिवाल ने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी, तहसीलदार सहीत अनेक अधिकारियों को इस संबंध में पत्र लिखकर सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध करने की कार्यवाही को रुकवाने की मांग की है।

चौबे कालोनी भूमि खसरा नंबर 58 के अंतर्गत आता है। जिस समय कालोनी काटी गई थी उस समय पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर जाने का रास्ता छोड़ा गया था। उस रास्ते को कालोनाइजर द्वारा अवैध रूप से नवोदय कोचिंग सेंटर के श्री कुशवाहा को बेचा जा रहा है। जो न्याय संगत नहीं है। इसकी जांच कराकर बिक्री की कार्यवाही को रोका जाय।

**सार्वजनिक रास्ता बेचना नियम विरुद्ध** – कालोनी के एक दर्जन से अधिक लोगों ने सी.एम.ओ. को पत्र लिखकर मांग की है कि जो कॉलोनी वासियों के लिए रास्ता छोड़ा गया है उसे



अवैध रूप से बेचना गलत है। कालोनाइजर ने अपने अधिकार सीमा से बाहर जाकर सार्वजनिक रास्ता बिक्री करके मुहल्ले वासियों के हक हित से खिलवाड़ किया है। जिसको लेकर कालोनी वासियों में आक्रोश का माहौल है। कालोनी के नक्शे का अवलोकन करके बिक्री की कार्यवाही करनी थी। ऐसा नहीं करके लोगों की परेशानी और समस्या को बढा दिया गया है। इसकी जांच कराकर बिक्री कार्यवाही रुकवाने की मांग पर लोग अड़े हुए और इसका खुलकर विरोध कर रहे हैं।

**निस्तार प्रभावित होने से लोग परेशान** – सार्वजनिक रास्ता बंद होने से दो दर्जन से अधिक लोगों का निस्तार प्रभावित होगा। कालोनाइजर ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर नियम विरुद्ध यह कार्यवाही की है। पूरे मामले की जांच पड़ताल कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए और लोगों का आवागमन जारी रहे और परेशानी ना बढ़े इस लिहाज से त्वरित कार्यवाही की जानी चाहिए।

#### रास्ते पर रोका जाय निर्माण कार्य

सार्वजनिक रास्ते पर निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्य को रोकने के संबंध में सी.एम.ओ. को पत्र लिखकर सारे मामले की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की गई है। कालोनाइजर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जानी चाहिए। क्रेता विक्रेता के साथ-साथ कालोनाइजर पर कार्यवाही की जानी चाहिए। कालोनी के रवि शंकर बेनियाल, राम शंकर, प्रकाश, नरेंद्र सिंह, राजेश गौर, रामजी आदि एक दर्जन लोगों ने सी.एम.ओ. को पत्र लिखकर कालोनाइजर की नीति नियति को स्पष्ट कर रास्ता अवरुद्ध न हो इसको ध्यान में रखते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है। कार्यवाही नहीं हुई तो इसके विरुद्ध विरोध, प्रदर्शन, आंदोलन शुरू किया जायेगा जिसकी सारी जवाबदारी संबंधित जवाबदेह जिम्मेदार अधिकारी की होगी। श्री बेनिवाल ने बताया कि इस संदर्भ में सी.एम.ओ कमलेश पाटीदार से बात होने पर बोला है कि वार्डवासियों द्वारा आपत्ति दर्ज करने पर हम उस पर कार्यवाही कर के उस मार्ग को यथावत रखने की कार्यवाही करेगें।

### कृषि विज्ञान केन्द्र हरदा के दल ने मूंग की फसल का जायजा लिया

**हरदा।** ग्राम रहटाकला में कृषि विज्ञान केंद्र, हरदा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. मुकेश बंकोलिया ने विकासखंड खिरकिया के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी टी आर चौहान ,कृषि विस्तार अधिकारी आर के युवने ,कृषि विस्तार अधिकारी दीपक पंचोरिया के साथ बुधवार को मूंग फसल का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मूंग फसल में कहीं कहीं इल्ली का प्रकोप देखने को मिला। ग्राम रहटाकला के कृषक के खेत का निरीक्षण किया।



# पटेरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब सफाई अभियान जारी



सत्ता सुधार ■ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से पटेरा नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जलाशयों की सफाई हेतु चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान निरंतर जारी है। आज पटेरा के बस स्टैंड स्थित तालाब में श्रमदान के माध्यम से जलस्रोत की सफाई की गई। अभियान के तहत तालाब के पानी से चोई, सिंघाड़ा पत्ती, खरपतवार, पॉलिथीन जैसी अवांछनीय सामग्री को हटाया गया। साथ ही घाट की सीड़ियों पर उगी गाजर घास आदि को काटकर एकत्रित कर ट्रॉली में भरकर तालाब परिसर को स्वच्छ किया गया। इस स्वच्छता कार्य में नगर परिषद पटेरा के सीएमओ सुंदरलाल सोनी, दुलीचंद, पुष्पेंद्र सोनी, मुन्ना लाल अवधिया, शंकर लाल तंतुवाय, हर प्रसाद चौरसिया, देवराज पटेल एवं बाबूलाल चौरसिया, कन्नू बंसल सहित नगर परिषद के कर्मचारी कमलेश नामदेव, दिनेश सेन, कृष्ण अहिरवार, मुकेश वाल्मिक, राजेश अहिरवार, राजकुमार वाल्मीकि आदि का सक्रिय योगदान रहा। करीब 30 स्थानीय लोगों ने डेढ़ घंटे का श्रमदान कर तालाब की सफाई में सहभागिता निभाई। यह अभियान न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा है।

# 30 मार्च से 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**हरदा/टिमरनी ।** जल ही जीवन है इस सोच को साकार करते हुए दिनांक 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। इसी को लेकर टिमरनी नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज ने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की। नगर परिषद द्वारा नगर के प्रमुख कुएं जिनसे प्रतिदिन जल प्रवाह होता है, उनकी साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया। इसी क्रम में दिनांक 13 अप्रैल शनिवार को वार्ड क्र 12 परदेशीपुरा में स्थित प्राचीन नीम कुआं से इसकी शुरूआत की ताकि सभी कुओं से जल प्रवाह निरंतर जारी रहे किसी भी प्रकार की जल समस्या ना हो। आगे भी नगर के चित्यालय कुआं और तमोली कुआं का साफ सफाई होगी। दिनांक वार्ड क्र 9 में स्थित कुआं, तंबोली मोहल्ला स्थित कुआं का सफाई कार्य आज होगा। दिनांक 15 अप्रैल को वार्ड नंबर 4 में मंडी नाके पर स्थित कुएं की साफ सफाई की गई। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि संतोष ताम्बुलकर, नितेश पवार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का करें निराकरण: कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ हरदा

नवागत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण ढंग से त्वरित निराकरण किया जाए । उन्होंने कहा कि शिकायत निराकरण से पूर्व आवेदक से चर्चा अवश्य करें। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानियां, संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू एवं सुश्री रजनी वर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे । कलेक्टर श्री जैन ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश



दिए कि मूंग फसल की नहरों से सिंचाई कार्य की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें तथा विद्युत वितरण कंपनी और जल संसाधन विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करें, ताकि सिंचाई के लिए नहरो से अवैध तरीके से कोई पानी नहीं ले सके। कलेक्टर श्री जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य करने के लिए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियो और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि समग्र लिंकिंग और ई केवाईसी कार्य में गति लाएं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत संचालित सभी पेयजल योजनाओं का अधूरा कार्य पूर्ण करें, तथा जो पेयजल योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं ।

**ज्ञापन** कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम एडीएम काशीराम बड़ोले को ज्ञापन सौंपा

# ईडी की चार्जशीट के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ खंडवा

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा चार्जशीट दायर किए जाने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में खंडवा में भी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम एडीएम काशीराम बड़ोले को ज्ञापन सौंपा। दोपहर 2 बजे गांधी चौक पर एकत्रित होकर कांग्रेसजन कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने ईडी के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर बदले की कार्रवाई करने का आरोप लगाया। प्रेमांशु जैन ने बताया कि ईडी ने कांग्रेस से जुड़े नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में चार्जशीट दायर की है। इसके विरोध में कांग्रेस देशभर में ईडी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन कर



रही है। अवधेश सिसोदिया ने कहा कि यह मामला निजी शिकायत के आधार पर अदालत द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद शुरू हुआ था। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रतिशोध की कार्यवाही बताया। सुनील सकरगाए ने कहा कि इस केस में किसी प्रकार का वित्तीय लेन-देन नहीं हुआ है, फिर भी झूठे आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस कार्यवाही का विरोध करती है और लोकतांत्रिक तरीके से इसका सामना करेगी। प्रदर्शन में अवधेश सिसोदिया, सुनील सकरगाए, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल, लीगल एडवाइजर सुधा खान, दीपक मुल्लु राठौर, अमित मिश्रा, शब्बीर कादरी, अजय वर्मा, प्रेमांशु जैन, दिव्यांश ओझा, मोइज खान, शराफत खान, अब्दुल कादिर, योगेश जांगिड़, इमरान पिरयानी, वामनराव जाधव, देवेंद्र यादव, महेंद्र सिंह बाबू, वीरेंद्र गौतम, प्रितेश जैन, नरसिम्हा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधानसभा स्तरीय नाइट कबड्डी टूर्नामेंट का हो रहा आयोजन

सत्ता सुधार ■ दमोह






जबेरा विधानसभा के नगर नोहटा रानी अवंतीबाई परिसर में नाइट कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन 6 अप्रैल से शुरू हुआ था। जिसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया और प्रतिदिन शाम 6ः00 बजे से देर रात तक प्रतिदिन 6 मैचो का आयोजन किया जाता है। टूर्नामेंट के आयोजक नितेंद्र सिंह ने बताया कि मंत्री श्री धर्मेन्द्र लोधी जी के निर्देशन में टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जबेरा विधानसभा से 32 टीमों को शामिल किया गया है। अभी लीग मैचों का आयोजन किया जा रहा है एवं 14 अप्रैल दिन सोमवार से क्वार्टर फाइनल का आयोजन किया जाएगा। युवाओं को शिक्षा और संस्कारों के साथ खेलों का भी जीवन में बड़ा महत्व है जिससे शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है। जिसका लाइव स्कोर चैलेंज प्लेस पर प्रसारित किया जा रहा है आप घर बैठे भी इस टूर्नामेंट का आनंद उठा सकते हैं।

**एनएचएम से पीएचसी और सीएचसी केंद्रों की सूची आते ही शुरु होगी सुविधा**

# टेलीमेडिसिन के माध्यम से जीआरएमसी के डॉक्टर देंगे ऑनलाइन इलाज, तैयारी पूरी

### पहले तीन डिपार्टमेंटों से होगी शुरुआत, डॉक्टरों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय (जीआरएमसी) एवं जयारोग्य चिकित्सालय समूह (जेएएच) के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह ग्रामीण मरीजों को पीएचसी और सीएचसी केंद्र पर ही मिल सकेगी। इसके लिए टेलीमेडिसिन सुविधा शुरू की जा रही है, जिसके अंतर्गत डॉक्टर वीडियो कॉल के माध्यम से मरीजों को परामर्श देंगे। इस आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है और अब केवल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) से पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) और सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) की सूची का इंतजार है। जैसे ही सूची मिलेगी, यह सुविधा चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। पहले चरण में तीन विभागों गायनिक, मेडिसिन और पीडियाट्रिक विभाग से इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों के डॉक्टरों को टेलीमेडिसिन के संचालन और व्यवहारिक पक्ष की जानकारी का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बुधवार को जयारोग्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.सुधीर सक्सेना ने टेलीमेडिसिन कक्ष का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टेलीमेडिसिन नोडल अधिकारी डॉ.मनीषा चौहान को स्वास्थ्य विभाग से पीएचसी-सीएचसी केंद्रों की सूची आते ही इसे शुरू करने के निदेश्श दिए। बता दें कि टेलीमेडिसिन असिस्टेंट नोडल की जिम्मेदारी पीडियाट्रिक विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.अवधेश वर्मा को सौंपी है।

### क्या है टेलीमेडिसिन सुविधा?

टेलीमेडिसिन एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें डॉक्टर और मरीज के बीच इलाज की प्रक्रिया डिजिटल माध्यमों से होती है। मरीज अपने क्षेत्र के पीएचसी या सीएचसी में जाकर एक विशेष कक्ष में बैठकर डॉक्टर से ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से वीडियो कॉल से परामर्श ले सकता है। इससे मरीज को यात्रा में समय और खर्च की बचत होती है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह आसानी से मिल जाती है।

### डॉक्टरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

टेलीमेडिसिन के लिए डॉक्टरों को वीडियो कॉल पर परामर्श देने के तौर-तरीकों, केस हिस्ट्री लेने के डिजिटल तरीके और रिपोर्ट देखने की प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें टेक्निकल टीम भी डॉक्टरों की सहायता कर रही है।

### कम होगी रेफरल मरीजों की संख्या

टेलीमेडिसिन सुविधा शुरू होने के बाद उन मरीजों की संख्या में कमी आ सकती है, जिन्हें छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है। इस व्यवस्था से प्राथमिक इलाज वहीं हो जाएगा और केवल गंभीर मरीजों को ही मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा। इससे मेडिकल कॉलेज पर मरीजों का भार भी कम होगा।

### वरदान साबित होगी टेलीमेडिसिन सेवा

जीआरएमसी डीन डॉ.आरकेएस धाकड़ ने बताया कि- टेलीमेडिसिन सेवा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगी। इससे दूरदराज के मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह लेने का मौका मिलेगा और उन्हें बार-बार शहर आने की जरूरत नहीं होगी। विभागीय स्तर पर इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और जैसे ही एनएचएम से सूची मिलती है, हम सेवा शुरू कर देंगे।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**मप्र संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर जिले में भी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अशोक चौहान को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।**



संघ के जिला अध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिये सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 22 जुलाई 2023 को संविदा नीति बनाई गई थी, परंतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा उक्त नीति को आज तक पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है। ज्ञापन में जिला संयोजक विजय भार्गव, संभागीय अध्यक्ष एमएस खान, राहल गुप्ता, अखिलेश जैन, कोषाध्यक्ष प्रशांत सक्सैना, मीडिया प्रभारी आलोक जैन, डॉ. महेन्द्र पिपरोलिया, डॉ. वीरेंद्र नोटिया, डॉ. बृजेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. प्रभाशंकर कौरव, नीता शर्मा, अर्पिता माहेश्वरी, इंजी. दिनेश शाक्य, इंजी. बृजेंद्र सिंह, डॉ. रिचा गुप्ता, डॉ. संदीप गुप्ता, नरेंद्र दोहरे, सतीष कन्नौजी, जयंत यादव, कौशल आर्य, विश्वेश्वर गोस्वामी, आदेश नरवरिया, संजय सिन्हा, रूबी खान, हरेन्द्र गुर्जर, अभिषेक सिकरवार, आषीष गुप्ता, अमित पाण्डेय, धर्मेंद्र राणा, शिखा सहाय, विकास भूरिया, सोनू मरैया, हेमंत जेउसकर, सुनीता श्रीवास्तव, भूपेन्द्र शर्मा, विजय सिंह, अभिषेक सिकरवार, सुशील कुमार, संजय कौरव, कैशलेन्द्र सोलंकी, सुनील जैतवार, गीता कुशवाह, सीमा गुप्ता, गुंजा साहू, सीता बघेल आदि मौजूद थे।

**ये हैं मांगें**

- ■ विभाग में नियमित रिक्त पदों पर संविदा कर्मचारियों का संविलियन किया जाए
- ■ नियमित कर्मचारियों के समान एनपीएस, ग्रेज्युटी, -स्वास्थ्य बीमा, डीए, गृहभाड़ा, अनुकंपा नियुक्ति एवं सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाए
- ■ शासन द्वारा नियमित पदों के समकक्षता अनुसार वेतन निर्धारण विसंगति को दूर किया जाये
- ■ पूवज़ से दी जा रही सुविधाएं ईएल एवं मेडीकल लीव को पुनः लागू किया जाये
- ■ शोषणकारी अप्रेजल जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जाये
- ■ निष्कासित संविदा एमपीडब्ल्यू एवं सपोर्ट स्टाफ की एनएचएम में वापसी की जाये
- ■ विभाग में कार्यरत आउटसोर्स डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों को एनएचएम में मर्ज किया जाये।

# गरीबी अभिशाप नहीं: सूर्यकांत शर्मा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

भारत के दक्षिणी छोर कन्याकुमारी में गोपाल किरन समाजसेवी संस्था द्वारा एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया के सहयोग से सामाजिक सशक्तिकरण एवं वित्तीय साक्षरता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन वायएम सीए के सभागृह में डॉ. अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर कन्याकुमारी में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन सूर्यकांत शर्मा (सीनियर कंसलटेंट एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया पूर्व डीजीएम सेबी नई दिल्ली) ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गरीबी अभिशाप नहीं, उसको बेहतर नियोजन से दूर किया जा सकता है। अपना अनुभव साझा करते हुए सभी को बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद आपको पैसा चाहिए होता है तो उसको कैसे और कहां निवेश करना चाहिए इसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कर्नाटक विश्वविद्यालय धारवाड़, हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. एलप लमाणी ने अपने भाषण में कहा कि भारतीय समाज सशक्तिकरण तथा वित्तीय सशक्तिकरण के संदर्भ में डॉ भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। डॉ.एमआर.रायपुरिया आदर्श ने सामाजिक सशक्तिकरण में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपना प्रयास किया। आदित्य प्रताप सिंह (सामाजिक चिंतक एवं जनरल इंश्योरेंस चेन्नई) ने सामाजिक सशक्तिकरण वित्तीय साक्षरता पर बहुत ही कम एवं सधे एवं सरल शब्दों में अपने विचार साझा किये। अन्य कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। विशाखापट्टनम से पधारी डॉ. बी.लक्ष्मी ने बहुभाषी कविताएं अपने अनोखे अंदाज में हर परदेश की दो-दो पंक्तियों में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जे. नागराजन, एसोसिएट प्रोफेसर तमिलनाडु,डॉ. पुरुषोत्तम अर्गल आदि विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया, वे अंत तक मंचासीन रहे। अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत हाथरस उत्तर प्रदेश से पधारी कुमारी प्रियंका सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महिमा सिंह ने संभाला। छत्तीसगढ़ धमतरी से पधारी श्रीमती बी. यदू प्रधान अध्यापक ने सावित्री बाई फुले पर एकल नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की भूमिका एवं उददेश्यों पर प्रकाश संस्था के अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह निमराजे ने डाला और बताया कि किस तरह से संस्था ने अपने कार्य का आरंभ कर आज यहां तक पहुंची है और विषय पर अपनी बात रखी। समारोह का सूत्र संचालन डॉ. महिमा सिंह ने बड़े शानदार रूप से किया। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के अनेक राज्यों से अथितिगण, प्रतिभागी, अध्यापक, साहित्यकार, सामाजिक चिंतक आदि के साथ 150 से अधिक मौजूद सहभागी रहे है। कार्यक्रम श्रीप्रकाश सिंह निमराजे के नेतृत्व में केसी मीणा (आईएफएस) के संरक्षत्व में माया एसएच के मार्गदर्शन में किया गया।



# राजनैतिक प्रतिद्वंदिता की आड़ में लोकतंत्र कुचलने वालों पर लगाम लगाएं

■ **कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा**

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई करते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए जो कार्रवाई कर रही है, उसके खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे, विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार, साहब सिंह गुर्जर, सुरेश राजे, पूर्व विधायक एवं प्रदेश महासचिव प्रवीण पाठक, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, रश्मि पवार शर्मा की मौजूदगी में कलेक्टर पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि आज जब भारत 75 वर्षों से अधिक पुराने लोकतंत्र की विरासत का दावा करता है, तब देश के भीतर एक खतरनाक प्रवृत्ति लगातार गहराती जा रही है, केंद्र सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया है। यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि स्पष्ट रूप से यह केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की संकीर्ण मानसिकता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया, जिनके अपने बलिदान हुए, उस गांधी-नेहरू परिवार को केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार बार-बार अपमानित करने का असफल प्रयास कर रही है। 2014 से लगातार यह देखा जा रहा है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी एजेंसियों का मनमाना उपयोग किया जा रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि यह एक राजनीतिक हथियार के रूप में एजेंसियों को प्रयोग करने की रणनीति है।

## नेशनल मेरिट कम मींस में सीएम राइज स्कूल डीडी नगर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



सीएम राइज शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डीडी नगर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपने विद्यालय, माता-पिता एवं क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा किया है। नेशनल मेरिट कम मींस स्कॉलरशिप एनएमएमएस परीक्षा 2024-25 में विद्यालय की आठवीं कक्षा के कुल 43 में से 15 विद्यार्थियों का चयन हुआ। विद्यालय के शिक्षक ज्ञानेंद्र सिंह कुशवाह, संजीव दुबे, विनोद सिंह कुशवाह एवं दीपक गुप्ता के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचायज़ एवं प्रधानाध्यापक ने चयनित छात्र छात्राओं एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी है।

## दिलीप रस्तोगी ने पौधे भेंटकर मुहिम मजबूत की



**ग्वालियर।** पर्यावरण दूत फाउंडेशन की हरियाली यात्रा को उस वक्त संबल मिला जब दिलीप रस्तोगी ने न केवल 1000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की, बल्कि अनेक पौधे भेंटकर इस मुहिम को और मजबूत किया। वृक्ष आश्रम के माध्यम से हम जो पौधा गोद लो, हरियाली बढ़ाओ का संदेश फैला रहे हैं, उसमें उनका यह योगदान एक प्रेरणा बनकर सामने आया है। फाउंडेशन ने कहा कि आपका यह सहयोग सिर्फ पौधे नहीं, आशा के बीज हैं एक हरित भविष्य के लिए। फाउंडेशन ने उनका धन्यवाद ज्ञापित भी किया।

# बेशकीमती सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई और रास्ता खुलवाया

**ग्वालियर।** नयागाँव क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित लगभग साढ़े तीन बीघा बेशकीमती सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। उच्च न्यायालय द्वारा रास्ता खुलवाने के संबंध में पारित आदेश के पालन में कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर बुधवार को राजस्व विभाग की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुँची और मशीनों के सहयोग से सरकारी जमीन से बेजा कब्जे हटवाए। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत लगभग 4 करोड़ रूपए आंकी गई है। इस कार्रवाई से सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त होने के साथ-साथ याचिकाकर्ता के लिये अपनी जमीन तक जाने का रास्ता भी खुल गया है। तहसीलदर घाटीगाँव अनिल कुमार नरवरिया ने बताया कि नयागाँव के सर्वे क्र.-199, 241, 239, 197 व 198 में स्थित सरकारी जमीन से बेजा कब्जा हटाने के लिये विधिवत बेदखली आदेश पारित किया गया। निर्धारित समय-सीमा में जब अनावेदकों द्वारा कब्जे नहीं हटाए गए तब राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को बेदखली की कार्रवाई की गई। नरवरिया ने बताया कि सतेन्द्र तिवारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय की खण्डपीठ ग्वालियर में याचिका लगाई गई थी। जिसमें इस क्षेत्र के निवासी सतेन्द्र तिवारी द्वारा उनकी जमीन की ओर जाने वाले रास्ते को खुलवाने का आग्रह किया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा इस याचिका में दिए गए निर्णय के पालन में राजस्व विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई है, इससे सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त होने के साथ-साथ सतेन्द्र तिवारी के लिये अपनी जमीन तक जाने का रास्ता भी खुल गया है।



# बीएससीए ने किया पोइला बोइशाख का आयोजन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



बंगाली सोशल एंड कल्चरल एसोसिएशन (बीएससीए) द्वारा पोइला बोइशाख शुभो नवोवर्षो का भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संगीत, नृत्य और स्वादिष्ट रात्रिभोज के साथ पूरे समुदाय ने मिलकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम के दौरान बीएससीए की प्रतिष्ठित वार्षिक स्मारिका सृष्टि 2024 पत्रिका का विमोचन भी किया गया, जो बंगाली समुदाय की रचनात्मकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। समारोह में बंगाली समाज के विभिन्न क्षेत्रों से सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और संगीत, नृत्य एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। यह एक आनंददायक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध संध्या रही। इस मौके पर बीएससीए के पदाधिकारी केडी बिस्वास, तपन कुमार दास, मृणाल रॉय, रूपेन्द्र सरकार, सौरभ बनर्जी, प्रवीर मित्रा और संजय मजूमदार उपस्थित रहे और सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

**नामांकन विज्ञप्ति/संशोधन**

एतत द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि दैनिक सत्ता सुधार में दिनांक 07/03/2025 को क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 01 की विज्ञप्ति में कार्य क्रमांक 60/2010/71563/71773 दिनांक 07/03/2025 भूलवश छप गया है। जिसे 60/2010/71806/72014 दिनांक 16/04/2024 पढ़ा जावे वाकि सब यथावत है।

आवेदक का नाम
कुं. भानू मंगल
पिता श्री ओमप्रकाश मंगल
गरगज कॉलोनी वार्ड-01

**नामांकन विज्ञप्ति/संशोधन**

एतत द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि दैनिक सत्ता सुधार में दिनांक 07/03/2025 को क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 01 की विज्ञप्ति में 60/2010/71562/71772 दिनांक 07/03/2025 भूलवश छप गया है। जिसे 60/2010/71805/72013 दिनांक 16/04/2025 पढ़ा जावे वाकि सब यथावत है।

आवेदक का नाम
श्रीमती गिरजा मंगल
पति श्री ओमप्रकाश मंगल
गरगज कॉलोनी वार्ड-01

# कैंसर होने पर घबराना नहीं चाहिए: डॉ.वीणा प्रधान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ग्वालियर ब्रांच द्वारा सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा की महाप्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित ने संस्था की गतिविधियों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया की संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। मुख वक्ता के रूप में शहर की सुप्रसिद्ध स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. वीणा प्रधान ने सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर के बारे में छात्राओं को जानकारी दी और बताएं कि कैंसर होने पर हमें घबराना नहीं चाहिए बल्कि हिम्मत के साथ उसका मुकाबला करना चाहिए। शाखा के प्रोग्राम ऑफिसर अच्छेंद्र सिंह कुशवाहा ने स्वास्थ्य सुरक्षा के बारे में जानकारी दी और बताया कि उत्तम स्वास्थ्य ही जीवन का रक्षक होता है, जो आगे चलकर इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है और शरीर में रोगों से लड़ने की शक्ति का विकास होता है। कंसोटिया ग्रैंड फंड प्रोजेक्ट के पंकज अग्रवाल ने प्रेप टैबलेट के बारे में जानकारी दी और बताया कि टैबलेट एचआईवी नेगेटिव व्यक्ति को पॉजिटिव होने से रोकती हैं और उसके शरीर की रक्षा करती है। कार्यक्रम में करीब 50 छात्राओं ने भाग लिया।

## अग्नि दुर्घटना के शहीदों को आज किया जाएगा नमन

**ग्वालियर।** नगर निगम के फायर अमले द्वारा अग्निशमन सप्ताह अंतर्गत आज गुरुवार को फायर ब्रिगेड मुख्यालय पर नागरिकों को अग्निकांड के समय कैसे बचाव किया जाता है। इसकी जानकारी दी जावेगी। फायर ऑफीसर उमंग प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉक मुंबई में पानी के जहाज पर सेना की विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। भरी हुई सामग्री में आग लग जाने पर बॉम्बे फायर ब्रिगेड के 100 अधिकारी,कर्मचारियों को आग पर नियंत्रण पाने के लिये भेजा गया। किन्तु आगजनी की घटना इतनी बड़ी थी कि अग्निकांड में 66 फायर सर्विस के कर्मचारी आग पर नियंत्रण पाने में शहीद हो गये ।

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 08 भवन क्रमांक ... स्थान न्यू नर्सिंग नगर में स्थित है जो पंकज श्रीवास्तव/कौशल किशोर के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000134816 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602025ए1168325 दिनांक 11/3/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 28/03/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 75/2011 /53901/53841 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 16-04-2025**
**आवेदक का नाम/पता**
**हिमानी त्यागी/राजेन्द्र त्यागी**
**पता : न्यू नर्सिंग नगर, चार शहर का नाका,ग्वालियर, म प्र**
**मों. : 9806406180**

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 08 भवन क्रमांक ... स्थान न्यू नरसिंह नगर में स्थित है जो राजकुमारी/गोवर्धन, लक्ष्मण दास/जयलाल माहौर के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000120967 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 01012112032025000026 दिनांक 12/3/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 16/04/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 75/2011 /53952/53892 है। उक्त के संबंध मे यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि मे लिखित मे अपनी आपत्ति मे सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 16-04-2025**
**आवेदक का नाम/पता**
**रेखा/स्व. रोशन लाल माहौर**
**पता : न्यू नरसिंह नगर, ग्वालियर, म प्र**
**मों. : 9013579585**

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 01 भवन क्रमांक स्थान न्यू सरस्वती नगर बरा में स्थित है जो कि श्री भोलाराम सिंह/पिता श्री भवनियां उर्फ भवानी सिंह गुर्जर के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक ....... पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक MP142602024A1466978 दिनांक 15/04/2024 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर के पास क्षेत्र क्रमांक 01 आवेदन दिनांक 16/04/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/71803/72011 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 16.04.2025

आवेदक का नाम
श्रीमती शांति देवी
पति श्री रामजी शरण सोनी
न्यू सरस्वती नगर बरा वार्ड-01

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 01 भवन क्रमांक स्थान ए.बी. रोड में स्थित है जो कि श्री विष्णुदत्त शर्मा/पिता श्री भोजदत्त शर्मा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1004692414 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 658 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक A1/1393 दिनांक 29/12/2012 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर के पास क्षेत्र क्रमांक 01 आवेदन दिनांक 16/04/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/71802/72010 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 16.04.2025

आवेदक का नाम
श्रीमती निधि मंगल
पति श्री उमेश मंगल
ए.बी. रोड वार्ड-01

## ब्रीफ न्यूज

### जहीर खान बने पापा

**मुम्बई।** पूर्व क्रिकेटर जहीर खान पापा बन गये हैं। उनकी पत्नी अभिनेत्री सागरिका घाटगे ने बेटे को जन्म दिया है। इस जोड़े ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीरें साझा करते हुए ये जानकारी दी। इस तस्वीर में जहीर अपने बच्चे को गोद में लिए हुए हैं और सागरिका उनके कंधे पर हाथ रखे हुए हैं। इस खबर के बाद उन्हें प्रशंसकों से बधाई संदेश मिल रहे हैं। इ दोनों की शादी 2017 में हुई थी। इस कपल ने बेटे का नाम रखते हुए पूरे हिंदुस्तान को समाहित कर दिया। उनके बेटे का नाम फतेहसिंह खान है। उन्होंने बेटे को यह नाम क्यों दिया यह तो पता नहीं, लेकिन इस नाम के पीछे भारत में लंबा इतिहास दर्ज है।

### चैंपियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल में पहुंची पीएसजी

**बर्मिंघम।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने एस्टन विला के को 5-4 हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। पीएसजी की ओर से अचरफ हकीमी और नूनो मेंडेस ने गोल दागो। दूसरे चरण में हालांकि पीएसजी को एस्टन विला से 3-2 से हार झेलनी पड़ी। पहले चरण में 3-1 से मिली हार के बाद एस्टन विला ने भी वापसी के प्रयास किये। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, नूनो मेंडेस ने शानदार पास पर हकीमी ने गोल किया। इसके बाद जियानलुइगी डोनारुम्मा ने पाउ टोरेस के स्ट्राइक को शानदार तरीके से रोका, फिर नूनो मेंडेस ने इसपर गोल दागा। अंत के दस मिनटों में मार्को असेंसियो का शॉट भी डोनारूम्मा ने रोक लिया। आखिरी क्षणों में पाचो ने इयान मास्टन के गोल की तरफ जा रहे शॉट को रोककर गोल बचा लिया। मैच के बाद पीएसजी के कोच लुईस एनरिक ने कहा, मैं इस मैच को लंबे समय तक नहीं भूल पाऊंगा। इस प्रतियोगिता में बहुत कुछ संभालना होता है और बाहर जाकर खेलना हमेशा मुश्किल होता है। हमने शुरुआत में ही दो गोल कर दिए, लेकिन फिर कुछ गलतियां की हालांकि जीत से हमे खुशी हुई है।

### आईपीएल में असफल रहे मैक्सवेल का कीवी गेंदबाज ने उड़ाया मजाक


**मोहाली।** आईपीएल में पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल एक बार फिर असफल हुए हैं। इस सत्र में अब तक मैक्सवेल एक बार भी रन नहीं बना पाने के कारण निशाने पर हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डल ने भी मैक्सवेल को आड़े हाथों लिया है। मैक्सवेल कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ ने 10 गेंदों पर केवल सात ही रन बनाए। छह मैच में उनके नाम अब तक केवल 41 रन ही हैं। डल ने मैक्सवेल का मजाक उड़ाया। डल ने कहाकि उन्होंने अपने औसत से एक ज्यादा बनाया। असलियत ये है कि वह वरुण चक्रवर्ती की गेंद को समझ ही नहीं पाए। डल ने वरुण की जमकर प्रशंसा की है। केकेआर ने पंजाब किंग्स को 16 ओवरों में मात्र 111 के स्कोर पर समेट दिया था। वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण ने दो-दो विकेट हासिल किए थे। हर्षित राणा केकेआर के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। उन्हें कुल तीन विकेट मिले थे।



ब्रिटेन में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में एस्टन विला के इजरी कोनसा गोल करते हुए।

# आरजे महवश ने युजवेंद्र चहल के साथ सेल्फी पोस्ट कर सभी का ध्यान खींचा

एजेंसी ■ मोहली





पंजाब किंग्स की कोलकाला नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ जीत के हीरो रहे युजवेंद्र चहल के लिए आरजे महवश ने सेल्फी पोस्ट कर इस क्रिकेटर की जमकर प्रशंसा की है। चहल ने केकेआर के खिलाफ मैच में चार विकेट लेकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलायी। इस मैच में पंजाब 112 रनों के छोटे से लक्ष्य का बचाव कर रही थी। चहल के प्रदर्शन से महवश ही नहीं पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीति जिंटा भी बेहद खुश दिखीं। चहल जब मैच के बाद वापस आए तब प्रीति जिंटा ने उन्हें गले लगा लिया। प्रीति जिंटा के अलावा चहल की कई लोगों ने प्रशंसा की। मैच समाप्त के बाद आरजे महवश ने चहल के साथ हाल ही में ली गई सेल्फी पोस्ट की। उन्होंने सेल्फी शेयर करते हुए लिखा, क्या प्रतिभाशाली बंदा है। यही कारण है कि ये आईपीएल का सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज है।

# सुदीरमन कप के लिए भारतीय टीम घोषित सात्विकसाईराज और चिराग भी हुए शामिल

## रैंकिंग के आधार पर इस मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए प्रवेश हासिल किया

एजेंसी ■ नई दिल्ली



चीन के जियामेन में 27 अप्रैल से 4 मई तक होने वाले बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप बैडमिंटन फाइनल 2025 के लिए 14 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी गयी है। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को भी शामिल किया है। टीम में ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, के अलावा लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय को भी शामिल किया गया है। सुदीरमन कप एक द्विवार्षिक टूर्नामेंट है, ये विश्व मिश्रित टीम चैंपियनशिप के नाम से भी जाना जाता है। इसमें 16 टीमें हिस्सा लेंगी। ड्रॉ के दौरान चार वरीयता प्राप्त टीमों को अलग-अलग समूहों में रखा गया था, जिसमें गत चैंपियन और मेजबान चीन ग्रुप ए में शीर्ष वरीयता प्राप्त है। भारतीय बैडमिंटन टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 और 2017 में आया था, जब वे क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। पिछले संस्करण में, भारत मलेशिया और चीनी ताइपे से हारने के बाद ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। भारत ने अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर इस मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए प्रवेश हासिल किया है। इसमें पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और इंग्लैंड की टीम भी शामिल है। इसमें सभी पांच श्रेणियों में सबसे बेहतर संयोजन रखा गया गया है। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, हम अब टाई जीतने के लिए एक या दो मुकाबलों पर निर्भर नहीं हैं और यह हमें किसी भी टीम इवेंट में एक बड़ी ताकत बनाता है। हमें भरोसा है कि टीम न केवल ग्रुप चरणों में प्रभावित करेगी बल्कि पदक जीतकर एक उपलब्धि हासिल करेगी। हाल ही में हुई बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन से भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। सिंधु, लक्ष्य और प्रणय के होने से टीम में अमूल्य अनुभव आयेगा। वहीं सात्विक और चिराग के आने से टीम की ताकत बढ़ेगी। अनुपमा उपाध्याय सिंधु के बाद टीम में दूसरी महिला एकल खिलाड़ी होंगी। इसके अलावा, प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा जोड़ी भी शामिल है। सुदीरमन कप में प्रत्येक मुकाबले में पांच मैच होते हैं। इसमें ड्रॉ के दौरान चार वरीयता प्राप्त टीमों को अलग-अलग समूहों में रखा गया था, जिसमें गत चैंपियन और मेजबान चीन ग्रुप ए में शीर्ष वरीयता प्राप्त है।

**भारतीय टीमः-**

**पुरुषः-** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, हरिहरन अम्साकरुनन, रुबन कुमार आर, ध्रुव कपिला, सतीश कुमार करुणाकरण

**महिलाः-** पीवी सिंधु, अनुपमा उपाध्याय, तनिषा क्रैस्टो, प्रिया कोनजेंगबाम, श्रुति मिश्रा, आद्या वरियाथ।

### करुण नायर की पत्नी सनाया भी सोशल मीडिया पर है काफी सक्रिय

**मुम्बई।** आईपीएल के इस सत्र में करुण नायर ने तीन साल बाद वापसी करते हुए पहले ही मैच में इम्पेक्ट प्लेयर के तौर पर धमाकेदार पारी खेलकर सबको हैरान कर दिया। करुण को इस सत्र में दिल्ली कैपिल्स ने शामिल किया था। करुण ने अपने पहले ही मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 40 गेंदों पर ही 89 रन बनाये। इस मैच के दौरान सोशल मीडिया पर करुण नायर की पत्नी सनाया भी जमकर ट्रेंड हुई। सनाया और करुण ने प्रेम विवाह किया था। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रही हैं। सनाया ने करुण की आईपीएल में वापसी के जश्न की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में जारी की थी। सनाया एक मीडिया पेशेवर और खेल और मनोरंजन सलाहकार हैं। इस जोड़े ने जून 2019 में गोवा में सगाई की और जनवरी 2020 में उदयपुर में शादी की, जिसमें पारसी और मलयाली दोनों परंपराओं को दर्शाया गया है। उनके मित्रों और परिवारों के अलावा, नायर के सहकर्मी और टीम के साथी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, वरुण एरॉन और श्रेयस अय्यर उनके विवाह समारोह में शामिल हुए थे।

# बीसीसीआई ने बांग्लादेश दौरे के लिए घोषित किया कार्यक्रम

## तीन-तीन मैचों की एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलेगी टीम



एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी बांग्लादेश दौरे के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया है। बोर्ड के अनुसार भारतीय टीम बांग्लादेश दौरे पर 3 एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलेगी। ये मुकाबले मीरपुर और चटगांव में खेले जाएंगे। भारतीय टीम पहली बार बांग्लादेश की धरती पर टी20 सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद बांग्लादेश का दौरा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी निजाम उद्दीन चौधरी ने कहा, 'यह सीरीज हमारे घरेलू कैलेंडर की सबसे रोमांचक और बहुप्रतीक्षित सीरीज में से एक होगी। भारतीय टीम ने सभी प्रारुपों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष मानक स्थापित किए हैं और दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमी इस मुकाबले से उत्साहित रहेंगे।' इससे पहले भारत और बांग्लादेश के बीच अंतिम बार द्विपक्षीय सीरीज सितंबर और अक्टूबर 2024 में भारत में खेली गयी थी। तब भारतीय टीम ने टेस्ट सीरीज और टी20 दोनो में ही सभी मुकाबले जीते थे।

वहीं इस बार बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज से युवा प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। इस सीरीज में उभरते खिलाड़ियों के साथ ही उन खिलाड़ियों को भी अवसर मिल सकता है जो आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारतीय टीम बांग्लादेश दौरे की शुरुआत एकदिवसीय सीरीज से करेगी। रोहित शर्मा की कप्तानी में सीरीज का पहला एकदिवसय मैच 17 अगस्त (रविवार) को मीरपुर में खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला 20 अगस्त (बुधवार) को मीरपुर में व तीसरा व अंतिम मुकाबला 23 अगस्त (शनिवार) को चटगांव में खेला जाएगा। वहीं टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे।

# रहाणे ने हार के लिए बल्लेबाजों को जिम्मेदार बताया





एजेंसी ■ चंडीगढ़

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 112 रनों के छोटे से लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाने के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया है। रहाणे ने कहा कि हमारी बल्लेबाजी निराशाजनक रही और वह अपने को भी इसके लिए दोषी मानते हैं। इस मैच में रहाणे और अंगकृष रघुवंशी के बीच 60 रनों की साझेदारी हुई थी जिससे टीम जीत की ओर बढ़ रही थी पर युजवेंद्र चहल ने रहाणे को आउट कर मैच पलट दिया। इसके बाद तो एक के बाद एक विकेट गिरते चले गये। रहाणे के आउट होने के बाद केकेआर की पूरी टीम 15.1 ओवर में ही 95 रनों पर सिमट गयी। रहाणे ने कहा कि मैं हार की जिम्मेदारी लेता हूं। हमने अच्छा खेल नहीं खेला। हमसे गलती हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की और पंजाब किंग्स को 111 रनों पर रोक दिया पर हमारे बल्लेबाज विफल रहे। उन्होंने कहा कि मैच के दौरान मेरे दिमाग में नेट रन रेट नहीं चल रहा था। हम छोटे से लक्ष्य का पीछा कर रहे थे। हमारे प्रशंसकों को उम्मीद होगी कि हम यह मैच आसानी से जीत लेंगे और नेट रन रेट भी अच्छा होगा पर हमने बल्लेबाजी में सब कुछ खो दिया। रहाणे ने कहा कि उनके बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले। उन्होंने कहा, हमारे लिए यह आसान लक्ष्य था। लेकिन, इसे हम हासिल नहीं कर सके। यह क्रिकेट का पार्ट है। अभी हमें सकारात्मक रहना होगा क्योंकि टूर्नामेंट का आधा हिस्सा अभी भी बाकी है। इस पर ध्यान देना होगा और आगे बढ़ना होगा। वहीं दूसरी ओर चहल ने टूर्नामेंट में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 28 रन देकर चार विकेट लिए जबकि तेज गेंदबाज मार्को जानसेन ने तीन विकेट लेकर केकेआर को ध्वस्त कर दिया।



मकोओ में आईटीटीएफ महिला विश्वकप में खेलती हुई लिंडा बरगेस्टोर्म।

**प्रस्ताव** रमनदीप की पिछले साल केकेआर की खिताबी जीत में अहम भूमिका रही थी

# केकेआर में बने रहने मैंने 9 से 10 करोड़ के प्रस्ताव ठुकराये: रमनदीप

एजेंसी ■ नई दिल्ली



कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेल रहे युवा ऑलराउंडर रमनदीप सिंह ने कहा है कि मेगा नीलामी से पहले उन्हें दूसरी टीमों से 9 से 10 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव आया था पर उन्होंने केकेआर को नहीं छोड़ा। रमनदीप की पिछले साल केकेआर की खिताबी जीत में अहम भूमिका रही थी। इसी कारण उन्हें कई टीम शामिल करने के लिए तैयार थीं। 2024 में उन्होंने केकेआर के लिए कई अच्छी पारियां खेली थी। यही कारण था कि केकेआर ने उन्हें चार करोड़ रुपये में टीम में बनाये रखा। रमनदीप ने कहा, नीलामी से पहले कई टीम ने मुझसे संपर्क किया था। इसमें मुझसे कहा गया था कि टीम में बने मत रहना, हम आपको नीलामी में 9 से 10 करोड़ रुपये दे सकते है पर मेरे लिए ईमानदारी मायने रखती है क्योंकि जब मुझे जरूरत थी तब केकेआर ने मुझे मंच दिया था। वहीं इस बार जब रिटेंशन का फैसला होना था, तब वेंकी सर ने फोन करके कहा, 'आप हमारी रिटेंशन योजनाओं में शामि हैं, आप क्या सोच रहे हैं? आखिरकार यह आपका फैसला है। वहीं अगर आप नीलामी में शामिल होते हैं, तो हम आरटीएम के जरिये आपको ले सकते हैं।' वहींमैंने उनसे कहा कि मुझे रिटेन होने में खुशी होगी क्योंकि एक बार जब आप नीलामी में शामिल हो जाते हैं, तो इस बात की कोई गारंटी नहीं होती कि आप उसी टीम में होंगे और मैं केकेआर नहीं छोड़ना चाहता था। मेरे लिए, कुछ करोड़ कम होने से कोई प्रभाव नहीं पड़ता। मैं उनकी बात का सम्मान करना चाहता था। गौरतब है कि रमनदीप को साल 2022 में मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पंड्या के संभावित विकल्प के रूप में चुना था हालांकि जब हार्दिक आईपीएल 2024 से पहले गुजरात टाइटंस से फ्रैंचाइजी में वापस आए, तो उन्हें केवल पांच मैच खेलने के बाद रिलीज कर दिया गया।

### वानखेड़े स्टेडियम में रोहित, वाडेकर और पवार के नाम पर होंगे स्टैंड: एमसीए

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने कहा है कि यहां के वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टेस्ट और एकदिवसीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान अजीत वाडेकर और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड बनेंगे। एमसीए की सलाना बैठक में ये फैसला किया गया। पारित प्रस्ताव के अनुसार, दिवेचा पवेलियन के तीसरे तल्ले को अब रोहित शर्मा स्टैंड के नाम से जाना जाएगा, ग्रैंड स्टैंड के तीसरे तल्ले का नाम पूर्व आईसीसी चेयरमैन पवार के नाम पर रखा जाएगा और ग्रैंड स्टैंड चौथे तल्ले का नाम वाडेकर के नाम पर रखा जाएगा। गौरतब है कि वाडेकर ने 1966 से 1974 तक 37 टेस्ट और दो एकदिवसीय खेले थे। उन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड में भारत को सीरीज में ऐतिहासिक जीत दिलाई। अगस्त 2018 में 77 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि स्टैंड का नाम रखना हमारे क्रिकेट के स्तंभों के प्रति सम्मान दिखाना है।

### पूरन ने गाया हिंदी गाना

**मुम्बई।** आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाज निकोल्स पूरन ने अब तक आक्रामक बल्लेबाजी कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। वहीं खेल के साथ ही पूरन गाने के भी शौकीन हैं। उनके एक बॉलीवुड गाने का वीडिया भी सोशल मीडिया में आया है। इसे सुपर जायंट्स ने पोस्ट किया है। इस दौरान पूरन के साथ टीम के कप्तान ऋषभ पंत और युवा खिलाड़ी अब्दुल समद और टीम के अन्य खिलाड़ी भी शामिल थे। प्रशंसकों ने भी इस वीडियो को खूब पसंद किया और पूरन की आवाज की भी प्रशंसा की है। इस मैच में धोनी एक बार फिर से फिनिशर के रोल में आये और अन्होंने सीएसके को जीत दिलाई।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075



प्रोफेसर मनमोहन प्रसाद गुप्ता को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ का नया निदेशक बनाया गया है। वह 23 अप्रैल को कार्यभार ग्रहण करेंगे। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ को नया निदेशक मिल गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईटी-डी) के प्रोफेसर मनमोहन प्रसाद गुप्ता को नया निदेशक बनाया गया है। वह जल्द ही अपना पदभार ग्रहण करेंगे।



# सीएम योगी बोले: अब कस्बों में शुरू होंगी सिटी बसें, निजी ई-बस संचालकों को दिया जाएगा मौका

## नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में भावी कार्य योजनाओं पर भी विचार-विमर्श कर जरूरी नर्देश दिए

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**



सीएम योगी ने बुधवार को नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश के कस्बों में सिटी बसें चलाने की बात कही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिटी बस सेवा में निजी ई-बस संचालकों को भी मिले मौका देने का निर्देश दिया है। उन्होंने किराया, पार्किंग, रूट भी सुनिश्चित करने तथा बड़े शहरों के पास के कस्बों तक मिले निजी सिटी ई-बस सेवा शुरु करने को भी कहा, ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके। सीएम बुधवार को नगर विकास विभाग में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने भावी कार्य योजनाओं पर भी विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण अनुकूल स्वच्छ ईंधन वाली बसों को नगरीय परिवहन में प्रोत्साहित करने के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। वर्तमान में 15 शहरों में 700 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन हो रहा है। यह सुनिश्चित किया जाए कि 15 वर्ष से अधिक समय तक किसी भी डीजल एवं सीएनजी बसों का उपयोग न हो। इन्हें स्क्रैप कराएं। इनके स्थान पर ई-बसें लाई जानी चाहिए। उन्होंने प्रदेश में कहीं भी अवैध विज्ञापन होर्डिंग नहीं लगने का निर्देश देते हुए कहा कि खतरनाक होर्डिंग के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड को वरीयता दें। अवैध होर्डिंग तत्काल हटवाएं। सभी नगरीय निकायों के लिए स्पष्ट नियमावली होनी चाहिए, जो आय का अच्छा माध्यम भी बनेगा। यह सुनिश्चित कराएं कि विज्ञापन होर्डिंग किसी महापुरुष की प्रतिमा या चित्र को विकृत न करता हो। शहरों में वाहन पार्किंग बड़ी चुनौती है। पार्किंग को मांग, स्थान और समय के अनुरूप व्यवस्थित किए जाने की आवश्यकता है। शुल्क में समरूपता होनी चाहिए। स्थानीय व्यापारियों, दुकानों, कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों आदि का मासिक पास बने। यह सुनिश्चित कराएं कि कहीं भी पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली न हो। उन्होंने जिला मुख्यालय वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट नगर निकाय के रूप में अपडेट करने का निर्देश भी दिया। इनमें डिजिटल गर्वनेंस, वैल्यू एडेड सिटीजन सर्विस जैसे वायु और जल प्रदूषण की मॉनीटरिंग, जलभराव की समस्या, स्मार्ट पार्किंग, स्मार्ट लाइट मैनेजमेंट, प्रदर्शनी स्थल, ऑडिटोरियम, वेंडिंग जोन, डिजिटल लाइब्रेरी, नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन जैसे ईज ऑफ लिविंग के दृष्टिगत उपयोगी कार्य होंगे। इन निकायों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो। इस संबंध में बजट आवंटित किया गया है। विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। साथ ही, सभी नगर निकायों में नामांतरण, पंजीयन और वसीयत आदि की समान प्रक्रिया और शुल्क सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया।

### वाराणसी और प्रयागराज का म्युनिसिपल बॉन्ड जल्द

सीएम ने कहा कि सभी नगर निकायों को अपनी आय बढ़ाने के ठोस प्रयास करने होंगे। लखनऊ, गाजियाबाद और आगरा के बाद इसी माह वाराणसी और प्रयागराज नगर निगम का म्युनिसिपल बॉन्ड जारी होने वाला है। इसी वित्तीय वर्ष में गोरखपुर, मेरठ और कानपुर नगर निगमों का म्युनिसिपल बांड भी जारी करने की तैयारी करें। स्ट्रीट डॉग के काटने की समस्या गंभीर होती जा रही है, इसका स्थायी समाधान करें। नगर निकायों में मैनपॉवर की कमी नहीं होनी चाहिए। रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती करें। जहां आउटसोर्सिंग से तैनाती होनी हो, बिना विलंब प्रक्रिया पूरी करें। बरसात शुरू होने से पूर्व सभी नगरीय निकायों में ड्रेनेज व्यवस्था को बेहतर कर लिया जाए। कहीं भी जलभराव न हो। योगी ने कहा कि प्रयागराज में वेस्ट मैटीरियल से तैयार शिवालिक पार्क श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण के केंद्र का अच्छा मॉडल है।

## ब्रीफ न्यूज

### दोहरे हत्याकांड के आरोपी ने बुजुर्ग पर किया खूनी हमला

**बलियार।** धारदार हथियार से बुजुर्ग पर हमला करने के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। खबर लिखे जाने तक विवाद का कारण पता करने की कोशिश चल रही थी। आरोपी ने इससे पहले अपने भाई और उसके पत्नी की हत्या की थी। बलिया के गड़वार थाना क्षेत्र के अमडरिया गांव में बुधवार की सुबह खेत में शौच करने जा रहे गांव निवासी जनार्दन राम (60) पुत्र स्व. बाल गोविंद राम को रास्ते में रोककर गांव के ही राधेश्याम (55) पुत्र स्व. प्रभु ने धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। जनार्दन राम के चिल्लाने पर गांव वाले मौके पर पहुंचे और किसी तरह से उनकी जान बचाई।

### 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, मुठभेड़ में घायल

**गाजीपुर।** पुलिस बदमाश को गिरफ्तार करने पहुंची तो उसने डबल मर्डर में प्रयुक्त आलाकत्ल को दूसरी जगह छिपाने की बात कही। उसे लेकर पुलिस बताए स्थान पर पहुंची तो उसी कट्टे से बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। गाजीपुर के खानपुर पुलिस थाना क्षेत्र के उचौरी डबल मर्डर का आरोपी और 50 हजार का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही आरोपी के कब्जे से पिस्टल, 2 खोखा कारतूस और एक कारतूस बरामद किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि डबल मर्डर में शामिल आरोपी और उचौरी निवासी शाहिल उर्फ बिल्लू का हाथ-पैर बंधाकर किसी ने उचौरी में छोड़ दिया है।अभियुक्त को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी खानपुर ले ले गई। स्वाट टीम को भी बताया।

### प्रेम विवाह का विरोध : बेटे ने चाकू से गोदकर की मां की हत्या

**कानपुर।** कानपुर में कलयुगी बेटे ने मां की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बेटे ने प्रेम विवाह का विरोध करने पर उठाया ये कदम। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की है। मृतका की शिनाख्त प्रमिला (50) पत्नी रुस्तम उर्फ धर्मेंद्र निवासी रिफ्यूजी कॉलोनी, फतेहपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि वृद्ध महिला अपने दांत का इलाज कराने अपनी बेटी प्रीतू सिंह पत्नी सौरभ निवासी नारायणपुरी थाना हनुमंत विहार के घर 10 दिन पहले आई थी। बुधवार सुबह करीब 10 बजे मृतका के सगे पुत्र राजा सिंह (28) ने अपनी मां की चाकू से वार करके हत्या कर दी। घटना हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के नारायणपुरी इलाके की है।

### बीएचयू ने रचा नया आयाम : केमेस्ट्री में ऑल इंडिया तीसरी रैंक, एआई पर 5,535 रिसर्च

**वाराणसी।** रिसर्च के मामले में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने नया आयाम रचा है। उसे भारत में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। रसायन विज्ञान को बीएचयू का सर्वश्रेष्ठ विषय बताया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर भी यहां रिसर्च पेपर प्रकाशित हो रहे हैं। रसायन विज्ञान के रिसर्च के मामले में बीएचयू का भारत में तीसरा स्थान है। एशिया में 90वां और दुनिया में 362वीं रैंकिंग है। 32 साल में रसायन विज्ञान के 39,513 रिसर्च पेपर प्रकाशित हो चुके हैं। वैज्ञानिकों का साइटेशन 1,055,756 है। ये आंकड़ा अमेरिकी शैक्षणिक संस्थान एजुरैंक की ओर से जारी किया गया है।

# आगरा में योगी बोले- ममता दीदी को शांतिदूत दिखाई दे रहे दंगाई

## पश्चिम बंगाल में जलाए जा रहे हिंदू व दलितों के घर..

**एजेंसी ■ आगरा**



आगरा में भीमनगरी समारोह का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल में दंगों को लेकर भी तीखा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दंगाइयों का इंतजाम डंडे से ही हो सकता है। पश्चिम बंगाल में ममता दीदी को दंगाई शांतिदूत दिखाई दे रहे हैं। इनका इंतजाम डंडे से ही हो सकता है। पश्चिम बंगाल में हो रहे दंगों में गरीब हिंदू व दलितों के घर जलाए जा रहे हैं। कांग्रेस, सपा व बाकी सब चुप हैं। ये बातें मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में कहीं। वह यहां आवास विकास कॉलोनी, सेक्टर-11 में आयोजित तीन दिवसीय भीम नगरी महोत्सव का उद्घाटन करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी ने घोषणा की कि लखनऊ की तरह आगरा में भी डॉ. बीआर आंबेडकर शोध केंद्र बनेगा। यहां बाबा साहब के जीवन व दर्शन के साथ विदेश, अर्थ व समाज नीति पर शोध होंगे। साथ ही कहा, इस शोध केंद्र के साथ एक छात्रावास भी बनाया जाएगा, जहां उच्च शिक्षा के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्होंने चक्कीपाट स्थित बुद्ध विहार को भी राजकीय भवन घोषित करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार ने जीरो पावर्टी योजना का नाम डॉ. आंबेडकर के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। बाबा साहब चाहते थे कि गरीब, वंचित और दलितों को उनका हक मिले। सरकार उनके सपने को साकार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, जीरो पावर्टी मिशन का फायदा सबसे ज्यादा गरीबों को होगा। जिनके पास घर नहीं है, उन्हें घर मिलेगा।

रोजगार व राशन मिलेगा। आयुष्मान कार्ड, पेंशन और जमीन के पट्टे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015-16 में सपा सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति छात्रों की छात्रवृत्ति रोक दी थी। जैसे ही 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार आई। हमने तत्काल छात्रवृत्ति को फिर चालू कराया। इससे पहले केंद्रीय भीम नगरी आयोजन समिति के संरक्षक करतार सिंह भारतीय ने चक्कीपाट स्थित बुद्ध विहार को राजकीय स्मारक घोषित करने की मांग रखी। इसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया। 18 मार्च 1956 को बाबा साहब आखिरी बार आगरा आए थे। अनुसूचित जाति फेडरेशन का रामलीला मैदान में अधिवेशन हुआ था। इस अधिवेशन के बाद डॉ. आंबेडकर ने चक्कीपाट में भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की थी। इसे ही बुद्ध विहार कहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1956 से लगातार निकल रही शोभायात्रा और 1996 से आयोजित हो रही भीम नगरी से लोग बाबा साहब के सपनों को जीवंत किए हुए हैं।

### आंबेडकर ने दिया था एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसने देश को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक एकता के सूत्र में बांधा। बाबा साहब ने ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत का आधार रखा। योगी ने कहा जब नया संसद भवन बना था, तो उसमें संविधान की मूल प्रति पीएम मोदी ने स्थापित की। उन्होंने पंचतीर्थ योजना शुरू की। नागपुर में दीक्षा भूमि स्मारक बना। इंग्लैंड में जहां बाबा साहब पढ़े थे, वहां छात्रावास बनवाया।

### योगी बोले- कांग्रेस ने नहीं बनने दिया बाबा साहब का स्मारक

करीब 35 मिनट के भाषण में कांग्रेस मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रही। उन्होंने कहा वो कौन लोग हैं, जिन्होंने बाबा साहब को चुनाव हराने का काम किया। कौन लोग हैं जिन्होंने उन्हें विदेशी समिति में नहीं लिया। कौन लोग हैं जिन्होंने दिल्ली में स्मारक नहीं बनने दिया। ये वही लोग हैं जो संसद में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं जबकि उन्होंने ही संविधान की प्रस्तावना को बदलकर उसकी आत्मा को मार डाला था। किसी भी संविधान की प्रस्तावना, उसकी आत्मा होती है। भाजपा सरकार में बाबा साहब को भारत रत्न दिया गया।

### कर्म को धर्म मानकर काम करे यूपी सरकार : मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी व उत्तराखंड के बसपा नेताओं को संबोधित किया और विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वोट के लिए डॉ. आंबेडकर की जयंती तो मनाई जा रही है पर उनके अनुयायियों को लगातार प्रताड़ित भी किया जा रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी व उत्तराखंड सरकारों को धर्म को कर्म नहीं बल्कि कर्म को धर्म मानकर संवैधानिक दायित्व निभाना चाहिए। मायावती बुधवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में यूपी व उत्तराखंड के नेताओं को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर उन्होंने सपा, कांग्रेस और भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि राजनीतिक दलों में डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाने की होड़ लगी रही लेकिन उनके अनुयायियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उनकी हत्या की जा रही है और आंबेडकर की प्रतिमाओं को तोड़ा जा रहा है।

### ग्वालियर में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए छात्रों की पहली पसंद वरदानी क्लासेस

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



**डॉ. करण वर्धानी**
निर्देशक, वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज

ग्वालियर के शैक्षणिक परिदृश्य में वर्धानी क्लासेस एक भरोसेमंद और लोकप्रिय नाम बन चुका है। संस्थापक एवं सीईओ डॉ. करण वर्धानी के मार्गदर्शन में यह संस्थान NEET और IIT-JEE जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावशाली तैयारी करवाता है। संस्थान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि छात्रों की सोच, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को भी मज़बूत किया जाता है। 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह संस्थान फाउंडेशन कोर्स के साथ-साथ बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक समग्र तैयारी कराता है।




# नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ऑफिस का घेराव और प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प

## सड़कों पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता, बोले- जब तक चार्जशीट वापस नहीं होगी प्रदर्शन जारी रहेगा

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**




नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ ईडी के आरोप पत्र दाखिल करने के बाद कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं और प्रदेश के अलग-अलग जिलों में प्रदर्शन किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आरोप पत्र दाखिल करने से कांग्रेसी सड़कों पर उतर आए हैं। राजधानी लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ता ईडी ऑफिस का घेराव करने निकले तो उन्हें पार्टी कार्यालय पर ही रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान कई जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हुई। कांग्रेसियों ने मांग की है कि ईडी अपने आरोप वापस ले। केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही कर रही है और केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं का दमन कर रही है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं और सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। लखनऊ में कई जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुलिस की झड़प हुई। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने को लेकर अयोध्या में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन से निकलकर कचहरी की तरफ बढ़ रहे कांग्रेसियों को कोतवाली नगर पुलिस ने रिकाबगंज चौराहे पर ही रोक दिया। रिकाबगंज चौराहे पर पहुंचकर कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### कार में टक्कर से नाराज युवक चालक ने रौंदकर मार डाला

**कानपुर।** कानपुर में घाटमपुर थाना क्षेत्र के अज्योरी गांव के पास हाईवे पर मंगलवार को डंपर ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर मारकर भाग रहे डंपर का कार चालक का पीछा करने पर चालक ने कार चालक को कुचल दिया और मौके से भाग निकला।







स्वात्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुब्बारा फाटक, जिंसी नाला नं.2 ग्वालियर से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100 स्थानीय संपादक विनय कुमार अग्रवाल* मोबाईल न. 9425112345 आर.एन.आई. नं. 71276/99 डाक पंजीयन क्रमांक-552 विधिक सलाहकार, श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, सभी विवादों के लिए न्यायालयीन क्षेत्र ग्वालियर मान्य होगा, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। फोन- 0751-4925449, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910